3 राजधानी
ईडी ने कविता से की आठ घंटे पूछताछ

6 अभिमत
मुद्रास्फीति प्रबंधन हेतु बदलाव

10 विदेश
चीन की शांति योजना कारगर : पुतिन

11 राष्ट्रीय
महात्मा गांधी की पोती उषा गोकनी का निधन

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 135
नई दिल्ली, बुधवार, 22 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता हूं

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# संसद में गतिरोध तोड़ने की कोशिशें बेनतीजा

## राहुल, अडाणी के मुद्दे पर दोनों सदनों में सातवें दिन भी जारी रहा हंगामा

● लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व राज्यसभा सभापति धनखड़ की पहल पर सर्वदलीय बैठकों में नहीं बन पायी सहमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के लोकतंत्र के बारे में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध नहीं टूटा है। राज्यसभा और लोकसभा में लगातार सातवें दिन हंगामे के कारण कोई काम नहीं हो पाया।

संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों की बैठकें बुलाई, लेकिन इनमें कोई हल नहीं निकल पाया। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत से ही भाजपा सदस्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए हैं जबकि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले की जेपीसी से जांच कराने पर जोर दे रहे हैं। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू हुआ है, जो छह अप्रैल तक प्रस्तावित है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के हंगामे के कारण मंगलवार को दोनों सदन दो बार के स्थगन के बाद 23 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिए गए। दोनों सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ गए। हालांकि लोकसभा में हंगामे के (शेष पेज 9)



संसद भवन परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता

## जेपीसी से बचने को सरकार करा रही हंगामा: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की अपनी मांग को दोहराते हुए मंगलवार को कहा कि जेपीसी द्वारा जांच कराए जाने पर ही सच्चाई सामने आ सकती है।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार अडाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा से बचने और जेपीसी की मांग से ध्यान भटकाने के लिए संसद को चलने नहीं दे रही है। विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी इस मांग को लेकर संसद भवन की पहली मंजिल के गलियारे में प्रदर्शन किया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में (शेष पेज 9)

## आज की राजनीति के मीर जाफर हैं राहुल: भाजपा

● देश को गुमराह कर रहे कांग्रेस और उसके सहयोगी: पीयूष गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लंदन** में भारतीय लोकतंत्र के संबंध में की गई टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा ने संसद से लेकर सड़क तक चौतरफा हमले बोल दिए हैं। पार्टी ने मंगलवार को उन्हें मौजूदा भारतीय राजनीति का मीर जाफर करार दिया और आरोप लगाया कि भारत में नवाब बनने के लिए वह विदेशी ताकतों से मदद मांगने के लिए विदेश गए थे।

भाजपा ने कहा कि राहुल को अपने बयानों के लिए माफी मांगनी ही होगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मीर जाफर ने नवाब बनने के लिए जो किया था, राहुल गांधी ने भी लंदन में वैसा ही किया है। उन्होंने कहा कि शहजादा नवाब बनना चाहता है। आज के मीर जाफर को माफी मांगनी ही पड़ेगी। राहुल गांधी पर विदेशी धरती से भारत का अपमान करने का आरोप लगाते हुए पात्रा ने दावा किया कि देश के खिलाफ बोलना कांग्रेस नेता के लिए बहुत साधारण बात है।

मीर जाफर बंगाल के नवाब सिराज उद-दौला के तहत बंगाल सेना का कमांडर था। उसने प्लासी की लड़ाई में सिराज उद-दौला को धोखा दिया था। इसने भारत में अंग्रेजों के शासन का रास्ता खोला था। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को वैश्विक मान्यता मिल रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष अपनी गैर जिम्मेदाराना टिप्पणियों और निराधार आरोपों से जानबूझकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। संसद में गतिरोध को दूर करने के प्रयासों के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की (शेष पेज 9)

## पंजाब सरकार को हाईकोर्ट की फटकार, कैसे भागा अमृतपाल



असम की डिब्रूगढ़ की जेल के बाहर तैनात सुरक्षा बल, जहां बंद हैं अमृतपाल के सहयोगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

● पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने खुफिया विभाग की विफलता पर उठाए सवाल

● भगोड़े खालिस्तानी कट्टरपंथी पर लगाया गया रासुका, चाचा समेत तीन और सहयोगी भेजे डिब्रूगढ़ की जेल


**अलगाववादी** अमृतपाल सिंह के फरार होने पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब सरकार को फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने अमृतपाल के बच निकलने पर खुफिया विभाग पर भी सवाल उठाए। वहीं पंजाब सरकार ने उच्च न्यायालय में अमृतपाल के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की जानकारी दी। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के भागने में मदद करने वाले चार और लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अमृतपाल सिंह के चाचा समेत उसके तीन अन्य साथियों को मंगलवार को उच्च सुरक्षा वाली असम के डिब्रूगढ़ की जेल भेज दिया गया।

हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट में मंगलवार को न्यायमूर्ति एनएस शेखावत ने पंजाब के महाधिवक्ता विनोद घई से पूछा कि जब पूरे अभियान की योजना बेहद बारीकी से बनाई गई थी तो ऐसे में अमृतपाल सिंह पुलिस के हाथ से कैसे निकल गया। उन्होंने इसे खुफिया विभाग की असफलता बताया। पुलिस ने शनिवार को अमृतपाल सिंह और वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ विस्तृत अभियान चलाया था, लेकिन अलगाववादी अमृतपाल सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। अलगाववादी की अदालत में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर वकील इमाम सिंह खारा ने अमृतपाल सिंह को पुलिस की कथित हिरासत से रिहा कराने का अनुरोध किया। खारा, अमृतपाल सिंह और उनके संगठन वारिस पंजाब दे के कानूनी सलाहकार हैं।

न्यायमूर्ति शेखावत ने कहा कि हथियारों से लैस पूरा पुलिस प्रशासन अभियान में जुटा था उसके बावजूद अमृतपाल सिंह फरार होने में कामयाब हुआ जबकि उसके सभी सहयोगी पकड़ लिए गए। न्यायमूर्ति ने कहा कि उनके लिए इस पर भरोसा कर पाना मुश्किल है। अदालत के सवालों के जवाब में पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि राज्य पुलिस पूरी तरह हथियारों से लैस थी लेकिन उसने सुरक्षा कारणों से धीरज रखा क्योंकि अभियान आबादी वाले इलाके में चलाया जाना था। घई ने कहा कि कुछ मामले इतने संवेनदशील होते हैं कि उन्हें खुली अदालत में स्पष्ट नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इस बीच, उच्च न्यायालय में आज की सुनवाई के दौरान अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह भी अदालत कक्ष में पहुंचे, लेकिन न्यायमूर्ति शेखावत ने कहा कि चूंकि वह मामले में पक्ष नहीं हैं, उनकी दलीलें नहीं सुनी जा सकतीं। उच्च न्यायालय ने मामले में अदालत की सहायता के लिए तनु बेदी को न्यायमित्र बनाया है। वहीं पुलिस द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल हलफनामे में बताया गया कि अमृतपाल के खिलाफ रासुका आदेश जिला मजिस्ट्रेट ने शनिवार को जारी किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (अमृतसर ग्रामीण) सतिंदर सिंह के हलफनामे के अनुसार सोमवार को खालिस्तान समर्थक के खिलाफ गैर जमानती वारंट (शेष पेज 9)

## नवरात्र आज से
## प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

**मां** दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के यहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इन देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## गृह मंत्रालय से मिली मंजूरी दिल्ली का बजट आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के बजट को मंजूरी दे दी। अब बजट बुधवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। बजट को मंजूरी देने के मुद्दे पर सोमवार देर रात तक उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच विवाद चलता रहा और बजट की मंजूरी वाली फाइल एलजी और सरकार के पास घूमती रही। उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के बजट को स्वीकृति दे दी है और आम आदमी पार्टी की सरकार को यह सूचना दे दी गई है। यह बयान केंद्र तथा दिल्ली सरकार के बीच इस मुद्दे पर विवाद पैदा होने के बाद आया है। उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके मंत्रियों तथा आम आदमी पार्टी पर दिल्ली के लोगों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। एलजी कार्यालय के सूत्र ने बताया कि सीएम कह रहे हैं कि केंद्र ने राज्य का बजट रोक दिया है। यह साफ तौर पर झूठ है। दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है न कि राज्य और इसलिए यह पूर्ण रूप से केंद्र सरकार का हिस्सा है। साथ ही बजट रोका नहीं गया। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वे दिल्ली और केंद्र के बीच टकराव नहीं चाहते हैं। केंद्र अपने स्तर पर काम करे और हमें दिल्ली में काम करने दे। मालूम हो कि मौजूदा वित्त वर्ष 31 मार्च 2023 को खत्म हो रहा है।

## चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस की बहाली को कदम उठा रही सीबीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)ने पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस बहाल करने के लिए कमीशन फॉर कंट्रोल ऑफ इंटरपोल फाइल्स (सीसीएफ) से संपर्क किया है। एजेंसी ने एक बयान में यह जानकारी दी। इंटरपोल ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर 2018 में चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था। इसके खिलाफ चोकसी की अपील 2020 में खारिज कर दी गई थी।

एजेंसी ने कहा, अपने कथित अपहरण के प्रयास के लगभग एक साल बाद वर्ष 2022 में चोकसी ने 2020 के सीसीएफ के पूर्व के फैसले को संशोधित करने के लिए उससे संपर्क किया। सीसीएफ, इंटरपोल के भीतर एक अलग निकाय है, जो इंटरपोल सचिवालय के नियंत्रण में नहीं है और इसमें मुख्य रूप से विभिन्न देशों के निर्वाचित वकील नियुक्त हैं। एजेंसी ने कहा, केवल काल्पनिक और अप्रमाणित अनुमानों के आधार पर पांच सदस्ईय सीसीएफ चैंबर ने नवंबर, 2022 में रेड नोटिस को हटाने का निर्णय लिया। एजेंसी ने कहा कि सीसीएफ ने बाद में



सीबीआई को स्पष्ट किया है कि उसका फैसला किसी भी तरह से मेहुल चोकसी के किसी भी अपराध या निर्दोषता पर कोई प्रभाव नहीं डालता है, जिस पर भारत में आरोप लगाया गया है।

सीबीआई ने कहा, ताजा सूचना और निर्णय में गंभीर त्रुटियों के आधार पर सीबीआई, सीसीएफ के निर्णय को संशोधित करने के लिए कदम उठा रही है। इसने कहा, सीबीआई इस दोषपूर्ण निर्णय को सुधारने और रेड नोटिस की बहाली के लिए इंटरपोल के भीतर उपलब्ध उपचारात्मक और अपीलीय विकल्पों का इस्तेमाल कर रही है।

## हिंदुत्व पर टिप्पणी के लिए कन्नड़ अभिनेता गिरफ्तार

**बेंगलुरु( भाषा )।** कन्नड़ अभिनेता चेतन कुमार उर्फ चेतन अहिंसा को हिंदुत्व के बारे में उनके कथित विवादस्पद ट्वीट के लिए मंगलवार को यहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शेषाद्रिपुरम पुलिस के अनुसार, शिवकुमार नामक एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर अभिनेता (40) के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता को बाद में यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अभिनेता ने 20 मार्च को ट्वीट में कहा था, हिंदुत्व झूठ पर निर्मित है और इसे सच से हराया जा सकता है तथा यह सच है समानता। अभिनेता द्वारा किए गए ट्वीट को ट्विटर से हटा दिया गया है। अभिनेता को पिछले साल फरवरी में सरकारी विद्यालयों में हिजाब स्वीकार्य हैं या नहीं मामले की सुनवाई कर रहे एक न्यायाधीश पर ट्वीट करने को लेकर गिरफ्तार किया गया था।

## केंद्र ने अपने कर्मचारियों को हड़ताल, प्रदर्शन पर चेताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● ओपीएस बहाली के लिए रैली के आह्वान के बीच जारी किया फरमान, किसी भी विरोध या हड़ताल में शामिल हुए तो भुगतने होंगे नतीजे

**सरकार** ने अपने सभी कर्मचारियों को आगाह किया है कि वे किसी भी विरोध या हड़ताल में शामिल न हों, अन्यथा उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। नेशनल ज्वॉइंट काउंसिल ऑफ एक्शन की ओर से मंगलवार को ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले देशभर में जिला स्तरीय रैलियां आयोजित करने की योजना के मद्देनजर यह चेतावनी दी गई थी। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा केंद्र सरकार के सभी विभागों के सचिवों को सोमवार को इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए।

ये दिशानिर्देश सरकारी कर्मचारियों को सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर जाने, काम रोकने आदि सहित किसी भी प्रकार की हड़ताल में भाग लेने या ऐसी कार्रवाई पर रोक लगाता है, जो सीसीएस (आचरण) नियम, 1964 के नियम-7 का उल्लंघन है। आदेश में कहा गया है, कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने का अधिकार देने वाला कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई निर्णयों में सहमति व्यक्त की है कि हड़ताल पर जाना आचार-व्यवहार नियमों के तहत एक गंभीर कदाचार है और सरकारी कर्मचारियों के कदाचार से कानून के अनुसार निपटने की आवश्यकता है।

आदेश के अनुसार, विरोध-प्रदर्शन सहित किसी भी तरह की हड़ताल पर जाने वाले किसी भी कर्मचारी को इसके परिणाम भुगतने होंगे, जिसमें वेतन में कटौती के अलावा उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। आदेश में कहा गया है कि यदि कर्मचारी धरना, विरोध, हड़ताल पर जाते हैं, तो प्रस्तावित धरना/ विरोध/ हड़ताल में भाग लेने वाले कर्मचारियों की संख्या को इंगित करते हुए एक रिपोर्ट डीओपीटी को शाम को दी जा सकती है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,074 | ↑ | 445 | |
| निफ्टी | 17,107 | ↑ | 119 | |
| सोना | 59,480 | ↓ | 470 | /10g |
| चांदी | 68,550 | ↓ | 420 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में 6.6 तीव्रता का भूकंप आने के बाद मंगलवार रात दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) समेत उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में तेज झटके महसूस किए गए। रात करीब 10 बजकर 20 मिनट पर जब भूकंप आया तो दहशत में लोग घरों से बाहर निकल आए। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू कश्मीर में भी झटके महसूस किए गए। एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप के ठीक बाद जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सो में मोबाइल सेवा बाधित हो गई। जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नही मिली है। उत्तरकाशी और चमोली सहित उत्तराखंड के कई स्थानो पर भी झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 156 किमी की गहराई में था। नोएडा के एक निवासी ने कहा कि उसने सबसे पहले डाइनिंग टेबल को हिलते हुए देखा। वहीं हाइड पार्कसोसाइटी केनिवासी ने कहा, इसके तुरंत बाद हमने देखा किपंखे भी हिल रहे थे।

# भाजपा दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक दल

**भाषा।** न्यूयॉर्क

● अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपी रिपोर्ट, भारत को विश्व शक्ति बनाने को लेकर आशान्वित है पार्टी

**वॉल** स्ट्रीट जर्नल ने एक अग्रलेख में लिखा है कि अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भाजपा दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक दल है और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रमकता के बीच क्षेत्र में अमेरिकी रणनीति की धुरी है। अमेरिका के प्रतिष्ठित शिक्षाविद वाल्टर रसेल मीड ने अपने लेख में कहा है कि भाजपा संभवत: सबसे कम समझी गई पार्टी भी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया के तीन महत्वपूर्ण राजनीतिक संगठनों के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों को साथ लाती है, वे राजनीतिक पार्टियां हैं... इज़राइल की लिकुड पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना और मिस्र की मुस्लिम ब्रदरहुड। सोमवार को प्रकाशित इस लेख के अनुसार, पश्चिमी देशों में भाजपा को बहुत कम समझा गया है क्योंकि इसका विकास ऐसे राजनीतिक और सांस्कृति इतिहास से हुआ है जिससे ज्यादातर गैर-भारतीय अपरिचित हैं। लेख में कहा गया है, चुनावी राजनीति में भाजपा का प्रभाव राष्ट्रीय पुनर्जागरण के कभी अव्यक्त और हाशिए पर रहे सामाजिक आंदोलन की सफलता को दर्शाता है। यह आंदोलन आधुनिकीकरण के लिए विशेष हिंदू पथ तैयार करने के सामाजिक विचारकों और कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के प्रयासों पर आधारित है। मीड लिखते हैं, मुस्लिम ब्रदरहुड की भांति, भाजपा ने आधुनिकता की मुख्य विशेषताओं को अपनाने के बावजूद पश्चिमी उदारवाद के विभिन्न विचारों और प्राथमिकताओं को नकार दिया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की तरह, भाजपा एक अरब से ज्यादा आबादी वाले देश को विश्व शक्ति बनाने को लेकर आशान्वित है।



सत्तर वर्षीय शिक्षाविद ने लिखा है कि इजराइल की लिकुड पार्टी की तरह, भाजपा लोकलुभावन वक्रपटुता और परंपरावादी मूल्यों के साथ मूल रूप से बाजार समर्थित आर्थिक रुख को जोड़ती है। मीड ने कहा, भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई दौर की गंभीर बैठकों, और उनकी आलोचनाओं के बाद, मैं आश्वस्त हूं कि अमेरिकियों और पश्चिमी देशों के लोगों को सामान्य रूप से ज्यादा जटिल और शक्तिशाली आंदोलन से जुड़ने की जरूरत है। वह लिखते हैं, ज्यादातर हाशिए पर रहे बुद्धिजीवियों और धार्मिक उत्साहियों से उठकर आरएसएस संभवत: दुनिया का सबसे शक्तिशाली नागरिक (सिविल सोसायटी) संगठन बन गया है। मीड अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधों के महत्व पर भी लिखते हैं। वह लिखते हैं, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि 2014 में सत्ता में आने वाली, 2019 में दूसरी बार चुनाव जीतने वाली और 2024 में फिर से जीतने की संभावना रखने वाली भाजपा... ऐसे वक्त में भारतीय राजनीति की बागडोर संभाल रही है जो महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति बनकर उभरने के साथ ही जापान के साथ मिलकर हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रणनीतियों के लिए धुरी साबित हो रही है।

मीड लिखते हैं, निकट भविष्य में, भाजपा ऐसे देश की कमान संभाल रही होगी जिसकी मदद के बिना चीन की बढ़ती ताकत को संतुलित करने का अमेरिका का प्रयास कमतर साबित हो सकता है। मीड ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के साथ संबंध जोड़ने का न्योता ऐसे आमंत्रण है जिसे अमेरिका ठुकरा नहीं सकता है। वह लिखते हैं, चीन के साथ तनाव बढ़ने की स्थिति में अमेरिका को आर्थिक और राजनीतिक साझेदार की जरूरत है। हिन्दू राष्ट्रवादी आंदोलन की विचारधारा और (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 मार्च, 2023



# अब 1300 मीट्रिक टन कचरे का होगा निपटान

## नोएडा में लगाए जाएंगे 2 प्लांट, पहला कंप्रेस्ड बायोगैस और दूसरा टेरिफाइड चारकोल बनेगा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले गीले कचरे का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा। इसके लिए दो प्लांट पहला ऑटोमेटिक कंप्रेस्ड बायोगैस सीबीजी प्लांट और दूसरा चारकोल प्लांट ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में लगाया जाएगा। इससे दोनों शहरों का करीब 1300 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण होगा। यह प्लांट पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी की तर्ज पर तैयार होगा। इसके लिए कंपनी चयन कर लिया गया है।

सीबीजी प्लाट का निर्माण और संचालन इंडो इनवायरो इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस लिमिटेड, एवर इनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ईआरएमपीएल करेगी। इसकी क्षमता को 200 टीडीपी से बढ़ाकर 500 टीडीपी की गई है। दूसरा चारकोल प्लांट का संचालन एनटीपीसी करेगी। इसकी क्षमता 500 से 1100 टीडीपी की गई है। जिससे टेरीफाइड कोल बनेगा। इस्तेमाल एनटीपीसी खुद से बिजली उत्पादन में करेगा। इन दोनों प्लांट के लिए 132 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। जिसमें से 30 एकड़ जमीन नोएडा प्राधिकरण को दी गई है। सीबीजी प्लांट से रोजाना करीब 16 हजार किलो कंप्रेस्ड बायो गैस सीबीजी के साथ 100 टन जैविक खाद भी तैयार होगी। कंप्रेस्ड बायोगैस सीबीजी कंप्रेस्ड नेचुरल गैस सीएनजी का एडवांस रूप है, जिसका गैस संचालित वाहनों में इस्तेमाल किया जा सकेगा। एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड है। कंपनी रोजाना 1100 टन मिक्स वेस्ट से टेरिफाइड कोयला बनाएगी। जिनमें से अधिकांश का प्रयोग एनटीपीसी स्वयं बिजली उत्पादन में करेगी। पहले दोनों प्लांटों की क्षमता कम थी। जिसे अब बढ़ा दिया गया है। ये फैसला शासन में प्रेजेंटेशन के दौरान लिया गया। ऐसे में अब दोबारा से इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बढ़ी हुई क्षमता के साथ दोनों ही कंपनियों प्लांट लगाने को तैयार भी है। ऐसे में जल्द ही कार्य शुरू हो सकता है। शहर में गीले कूड़े का निस्तारण की क्षमता 17 टन प्रतिदिन दिन है जो कि 13 विकेंद्रित बायो मैथनाइजेशन कंपोस्टिंग प्लांट से हो रहा है। जबकि नोएडा में प्रतिदिन 400 मैट्रिक टन गीला कूड़ा निकल रहा है। यदि इसका सही से निस्तारण न किया जाए तो काफ ी खतरनाक हो सकता है। इससे निकलने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड, एनओएक्स और मीथेन जैसी गैस ग्लोबल वार्मिंग का कारण है। ऐसे में इन गैसों का प्रयोग ऊर्जा के रूप में किया जा सकता है। सीबीजी प्लांट के जरिए इन गैसों को बायोफ्यूल के रूप में प्रयोग में लाया जाएगा।

### नए ईंधन के प्रयोग से प्रदूषण होगा कम

इसका प्रयोग ईंधन के रूप में किया जाएगा। ये प्रदूषण मुक्त होता है।कंप्रेस्ड बायोगैस प्राप्त होगी इसका प्रयोग ट्रांसपोर्ट और जनसेट में किया जा सकता है।इन योजनाओं से प्रदूषण नियंत्रण में लाभ मिलेगा।प्लांट के आसपास न तो बदबू आएगी और न ही कूड़े के ढेर में आग लगने का डर रहेगा। वहीं नोएडा में गीला कचरा 400 मीट्रिक टन, सूखा कचरा 600 मीट्रिक टन, सीएंडडी वेस्ट 300 मीट्रिक टन और ग्रेटर नोएडा से गीला कचरा करीब 300 मीट्रिक टन जहरीली गैसों को उर्जा में तब्दील किया जाएगा

## गाजियाबाद में छह साल की बच्ची की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में करीब 6 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। उसका शव मंगलवार को गंगनहर किनारे मिला है। अभी शव की पहचान नहीं हो पाई है। गाजियाबाद समेत आसपास के जनपदों से मिसिंग बच्चियों का डेटा निकलवाया जा रहा है। पुलिस ने फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रितेश त्रिपाठी ने बताया मंगलवार को गाजियाबाद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि निवाड़ी थाना क्षेत्र में गांव अबूपुर के पास गंगनहर किनारे एक बच्ची का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस पहुंची। बच्ची के सिर और माथे पर चोट का एक निशान है। उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पहचान करने के लिए पुलिस टीमों को आसपास के जनपदों में रवाना किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया, ये शव करीब 24 घंटे पुराना प्रतीत हो रहा है। गंगनहर किनारे झाड़ियों में शव पड़ा हुआ था। एक राहगीर ने इसको देखा और फिर पुलिस को सूचना दी।

## सीसीटीवी का तार कटने के मामले में दस पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

- कैमरे में दिखा संदिग्ध, गिरफ्तारी के लिए लगाई पांच टीमें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एलिवेटेड रोड से 27 सीसीटीवी कैमरों का वायर काटने में विवेक चंद्र यादव ने 10 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। ये वे पुलिसकर्मी हैं जो कंट्रोल रूम में बैठे थे या फिर गश्त पर तैनात थे। इन पर काम में लापरवाही बरतने का आरोप है।

उधर, अज्ञात शरारती तत्वों को पकड़ने के लिए पुलिस की पांच टीमें बनाई गई हैं। पुलिस का मानना है कि अगर चोर होते तो वे तार चुराकर ले जाते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए आशंका है कि ये काम किसी शरारती तत्व या पुलिस से खफा व्यक्ति का है। एलिवेटेड रोड पर आए दिन स्टंटबाजी और हुड़दंगबाजी होती है। इसे रोकने के लिए पिछले दिनों यूपी गेट से रोटरी गोल चक्कर तक कुल 11 किलोमीटर लंबाई में 45 सीसीटीवी कैमरे उद्यमियों के सहयोग से लगाए गए थे। इनका कंट्रोल रूम वसुंधरा पुलिस चौकी पर बनाया गया है।

15 मार्च को इन कैमरों का शुभारंभ किया गया था। प्रत्येक कैमरे पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम में 8.8 घंटे की शिफ्ट अनुसार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। 16 मार्च की रात साढ़े 8 बजे 27 कैमरों के तार काट दिए गए। खुलासा तब हुआ, जब कंट्रोल रूम पर तैनात कांस्टेबल अभिजीत बालियान और भूपेंद्र को स्क्रीन पर कुछ कैमरों की डिस्प्ले दिखनी बंद हो गई। जब पुलिस और टैक्नीशियन मौके पर पहुंचे तो कौशांबी से हज हाउस तक 27 कैमरों का वायर कटा हुआ था। हालांकि ये ठीक रहा कि वायर चुराया नहीं गया था। चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने इस संबंध में थाना इंदिरापुरम में एक एफआईआर दर्ज कराई है।

# ग्रेनो में 22 संस्थागत भूखंडों की योजना लांच

- पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 अप्रैल व प्रोसेसिंग फीस 13 अप्रैल तक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने संस्थागत भूखंडों की योजना स्कीम मंगलवार को लांच कर दी है। इसमें कुल 22 भूखंड शामिल किए गए हैं। इस योजना में ऑनलाइन पंजीकरण 21 मार्च से ही शुरू हो गए हैं। पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल है, जबकि पंजीकरण की फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल है और डॉक्यूमेंट जमा करने की आखिरी तारीख 17 अप्रैल है।

इन भूखंडों का ऑक्शन के जरिए आवंटन किया जाएगा। अगर सभी 22 प्लॉट बिक जाते हैं तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 1200 करोड़ रुपए की आमदनी होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में निवेश को बढ़ावा देने और प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सीईओ रितु माहेश्वरी ने सभी तरह की संपत्तियों की स्कीमें लाने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर अमल करते हुए अब संस्थागत विभाग ने भी 22 भूखंडों की योजना लांच कर दी है।



प्राधिकरण के ओएसडी नवीन सिंह ने बताया कि कीम में नर्सरी स्कूल, हायर सेकेंड्री, हॉस्पिटल, यूनिवर्सिटी और वोकेशनल इंस्टीट्यूट के भूखंड शामिल किए गए हैं। ये भूखंड ओमीक्रॉन 3, सेक्टर-3, सेक्टर-12, नॉलेज पार्क-5, टेकजोन.टू, नॉलेज पार्क-3, टेकजोन 4, नॉलेज पार्क-1 और सेक्टर.1 में स्थित हैं। ये भूखंड 1200 वर्ग मीटर से लेकर 3.32 लाख वर्ग मीटर एरिया तक हैं।

# चिटेहरा भूमि घोटाला: 8 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज

- किसानों से जमीन के पट्टे हड़पने, फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिला के दादरी तहसील के चिटेहरा गांव में भूमि घोटाला के एक मामले में इसके सरगना सहित आठ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत सोमवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। दादरी के थाना प्रभारी निरीक्षक सुजीत उपाध्याय ने बताया कि इस मामले में गिरोह के सरगना यशपाल तोमर और उसके साथियों कर्मवीर, बैलू, शिशुपाल, मालू, नरेंद्र कुमार, शीतला प्रसाद तथा गोवर्धन सिंह के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि यशपाल तोमर और उसके गिरोह पर चिटहेरा गांव में अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले किसानों से जमीन के पट्टे हड़पने, उन्हें जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने और फर्जी मुकदमों में फंसाकर बेहद कम कीमत पर जमीन खरीदने तथा जमीन को ऊंची कीमत पर बेचकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ हासिल करने के आरोप हैं।

उपाध्याय ने बताया कि तोमर को उत्तराखंड पुलिस ने जनवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। उसे उत्तराखंड की एसटीएफ (विशेष कार्य बल) ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। वह तब से हरिद्वार की जेल में बंद है। उस पर हरिद्वार पुलिस ने भी गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी, फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले छह गिरफ्तार

- पहले इंश्योरेंस कंपनी से जुड़े थे आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पंचाकर्म आयुर्वेद प्रोसेस केयर किट में नकली चूर्ण भरकर बेचने वाले और खरीदार का डाटा लेकर बैंकों में लोन दिलाने व आदित्य बिरला ग्रुप व बिरला फाइनेंस मे नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का खुलासा नोएडा की थाना सेक्टर-63 पुलिस ने किया है।

पुलिस ने मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉल सेंटर में 18 लोग काम करते थे। इसमें 12 युवतियां भी है। इनके पास से 2 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 4 लैपटॉप, 13 स्मार्ट फोन, 14 की पैड फोन, 1 लाख 18 हजार रुपए नगद, 01 मोहर पंचकुला आयुर्वेद, 07 एफ एसएसएआई के फर्जी स्टीकर, 20 एटीएम कार्ड, 53 पंचकर्मा आयुर्वेदा चूर्ण की बड़ी डब्बी अनुमानित कीमत लगभग 2.5 लाख रूपये, 10 पंचकर्मा आयुर्वेद चूर्ण की छोटी डब्बी बरामद की है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत की 16 लाख का लोन सेंशन करने के लिए उससे करीब 7 लाख रुपए ले लिए गए। न ही लोन मिला और न पैसा वापस किया गया। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में विकास कुमार , पुनीत कुमार, देवांश सक्सेना , हर्षित श्रीवास्तव, नितिश कुमार, शैलेन्द्र है। इस कॉल सेटर का सरगना विकास है। ये पहले भी इंश्योरेंस कंपनी में काम कर चुका है। इसलिए उसे लोन सेंशन कराने का पूरा प्रोसेस पता था।


Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग 'ए' भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर 198पीटीएम30974 दिल्ली – पीतमपुरा शाखा) गौरव वाही (कर्जदार) चेतन राय वाही (सह–कर्जदार 1) जतिन वाही (सह–कर्जदार 2) | 25–02–2023/रू. 18,56,772/– (रूपए अठारह लाख छप्पन हजार सात सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (08–02–2020) | एच/फ्लैट नंबर 42, तृतीय एवं चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर ड्यूपलेक्स, माधव कुंज अपार्टमेंट, सेक्टर–09, ग्राम नई दिल्ली, नई दिल्ली–110085 |
| (एलसी नंबर 198पीटीएम30975 दिल्ली – पीतमपुरा शाखा) गौरव वाही (कर्जदार) चेतन राय वाही (सह–कर्जदार 1) जतिन वाही (सह–कर्जदार 2) | 25–02–2023/रू. 67,98,041/– (रूपए सड़सठ लाख अठ्ठानवे हजार इकतालीस मात्र) एनपीए (08–02–2020) | एच/फ्लैट नंबर 42, तृतीय एवं चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर ड्यूपलेक्स, माधव कुंज अपार्टमेंट, सेक्टर–09, ग्राम नई दिल्ली, नई दिल्ली–110085 |
| (एलसी नंबर 19000001995 राजनगर शाखा) देवेन्द्र कुमार (कर्जदार) वीरेन्द्र कुमार (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 11,95,580/– (रूपए ग्यारह लाख पिच्यानवे हजार पांच सौ अस्सी मात्र) एनपीए (09–11–2022) | फ्लैट नंबर एफ–2, प्लॉट नंबर 36, प्रथम तल आरएचएस, खसरा नंबर 736, ग्राम ब्रह्मपुर भोपुरा लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (एलसी नंबर 24900001883 दिल्ली – जनकपुरी शाखा) राम निवास शर्मा (कर्जदार) हीराकली शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 33,65,956/– (रूपए तेतीस लाख पैंसठ हजार नौ सौ छप्पन मात्र) एनपीए (08–01–2023) | सम्पत्ति सं. 141–ए, दायीं तरफ, तृतीय तल, खसरा नंबर 147 मिन, गली नंबर 15, अमृतपुरी–बी, ईस्ट कैलाश, नई दिल्ली–110065 |
| (एलसी नंबर 26600000597 दिल्ली – राजौरी गार्डन शाखा) अखिलेश अग्रवाल (कर्जदार) कमला (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 28,06,706/– (रूपए अठ्ठाईस लाख छह हजार सात सौ छह मात्र) एनपीए (09–12–2022) | प्लॉट नंबर आरजैड–71, प्रथम तल, बैक साइड (एलएचएस) (दक्षिणी एवं पूर्वी), केएच नंबर 66, गली नंबर 07, ग्राम बिंदापुर, उत्तम नगर, दिल्ली, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर 196डीईएल37623 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) आशा यादव (कर्जदार) राजेश यादव (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 38,28,783/– (रूपए अड़तीस लाख अठ्ठाईस हजार सात सौ तिरासी मात्र) एनपीए (08–08–2021) | एच/फ्लैट नंबर 8सी, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर एलआईजी फ्लैट, प्रशाद नगर, ग्राम करोल बाग, नई दिल्ली–110005 |
| (एलसी नंबर 01400003743 नई दिल्ली शाखा) सोनी गम्बर (कर्जदार) मनीषा गम्बर (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 13,98,289/– (रूपए तेरह लाख अठ्ठानवे हजार दो सौ नवासी मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 500 (टीएफ) ब्लॉक–ए, सेक्टर–2, रोहिणी, दिल्ली, नई दिल्ली–110085 |
| (एलसी नंबर 27400000481 भिवाडी शाखा) उर्मिला (कर्जदार) विजय कुमार (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 18,96,409/– (रूपए अठारह लाख छियानवे हजार चार सौ नौ मात्र) एनपीए (08–01–2023) | सम्पत्ति सं. एफ–376 का उत्तरी हिस्सा, भू तल एवं प्रथम तल, बिना छत, ब्लॉक एफ, प्लॉट नंबर 1, केएच नंबर 669, ग्राम बसई दारापुर, सुदर्शन पार्क एक्स, नई दिल्ली–110015 |
| (एलसी नंबर 13100001812 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) अमन जीत सिंह (कर्जदार) इंदरप्रीत कौर (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 47,02,645/– (रूपए सैंतालीस लाख दो हजार छह सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | सम्पत्ति सं. बी–178 का पूर्वी हिस्सा, द्वितीय एवं तृतीय तल, बिना छत, ब्लॉक बी, खसरा नंबर 449, ग्राम तिहाड़, फतेह नगर, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली–110016 |
| (एलसी नंबर 25600000795 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) विनोद कुमार कोहली (कर्जदार) किरण (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 9,05,716/– (रूपए नौ लाख पांच हजार सात सौ सोलह मात्र) एनपीए (08–01–2023) | फ्लैट नंबर जीएफ–3, भू तल, एलआईजी फ्लैट, रियर एलएचएस, प्लॉट नंबर बी–57, हयात एन्क्लेव, केएच नंबर 1210, ग्राम परगना, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नंबर 19600044412 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) मनोज कुमार पाथरे (कर्जदार) बृजेश कुमार पाथरे (सह–कर्जदार 1) प्रेम शीला (सह–कर्जदार 2) | 25–02–2023/रू. 23,65,537/– (रूपए तेईस लाख पैंसठ हजार पांच सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (09–11–2022) | आरजैड–एफ–902/2, प्रथम तल, खसरा नंबर 47/10, ग्राम पालम, राज नगर–2, पालम कालोनी, दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली–110077 |
| (एलसी नंबर 09600002057 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) दीपक मल्होत्रा (कर्जदार) नेहा रखेजा (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 21,38,273/– (रूपए इक्कीस लाख अड़तीस हजार दो सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (08–01–2023) | पी. नंबर सी–202, अपर ग्राउंड फ्लोर, बैक साइड, केएच नंबर 10/16 एवं 18, ग्राम मटियाला, सैनिक नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर 13000002713 गुरूग्राम शाखा) साकार एजूकेशनल ट्रस्ट (कर्जदार) सिद्धार्थ एजूकेशनल ऐंड वेल्फेयर सोसायटी (सह–कर्जदार 1) अमित राणा (सह–कर्जदार 2), शीतल राणा (गारंटर 1) नेचर क्योर ऐंड योग ट्रस्ट (गारंटर 2), राघवन मुरलीधरन नायर (गारंटर 3) | 25–02–2023/रू. 79,45,876/– (रूपए उनासी लाख पैंतालीस हजार आठ सौ छहत्तर मात्र) एनपीए (08–01–2023) | नेचर क्योर ऐंड योगाज गांधी निधि की अस्पताल सम्पत्ति, पटपड़गंज ग्राम, मयूर विहार फेज–1, दिल्ली, नई दिल्ली–110091 |
| (एलसी नंबर एम0014916 दिल्ली शाखा) सचिन (कर्जदार) संतोष कुमार (सह–कर्जदार 1) ज्योति (सह–कर्जदार 2), मंजू (गारंटर 1) | 25–02–2023/रू. 24,55,685/– (रूपए चौबीस लाख पचपन हजार छह सौ पिचासी मात्र) एनपीए (04–12–2022) | पता : टी–229 गली नंबर 2, प्लॉट नंबर 74, शाहदरा 1 ईटीसी/185 मिन से 1 ईटीसी/187 मिन, ग्राम घोंडा चौहान खादर, उत्तर पूर्वी दिल्ली, लैंडमार्क : जगप्रवेश चंद्र अस्पताल नगर : उत्तर पूर्वी दिल्ली, पिन : राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर एम0017062 गुरूग्राम शाखा) सुभाष चंद (कर्जदार) कौशल्या देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 20,13,580.46/– (रूपए बीस लाख तेरह हजार पांच सौ अस्सी तथा पैसे छियालीस मात्र) एनपीए (04–07–2022) | फ्लैट नंबर /प्लॉट नंबर : आरजैड–एफ–222/12 एफ म्युनिसिपल नंबर/सर्वे नंबर : खसरा नंबर 509, क्षेत्रफल परिमाप 1880.0 वर्ग फीट/मीटर, कार्पेट बिल्डिंग नाम : प्लॉट नंबर 39, स्थित : साध नगर, एफ ब्लॉक, पिनकोड–110045, लैंडमार्क : निकट बीकानेर स्वीट |
| (एलसी नंबर एम0024808 गुरूग्राम शाखा) बिजेन्दर बिजेन्दर (कर्जदार) धर्मेन्दर धर्मेन्दर (सह–कर्जदार 1) राशि राशि (सह–कर्जदार 2), | 25–02–2023/रू. 19,30,619/– (रूपए उन्नीस लाख तीस हजार छह सौ उन्नीस मात्र) एनपीए (05–04–2022) | खेवट नंबर 930/777, खतौनी नंबर 1431, मुस्तकिल नंबर 13, किला नंबर 8/2(3–0), 4/1(0–17), 3(8–0), 7/3(4–17), 4/2(3–17), 8/1(4–13), 18(6–13), तहसील और जिला फरीदाबाद, खेवट नंबर 930, खतौनी नंबर 1432/1541, मुस्तकिल नंबर 18, किला नंबर 13/2(1–17), 14/1(1–17), फरीदाबाद लैंडमार्क : निकट दिल्ली भाटा साधपुर, नगर : फरीदाबाद पिन : राज्य : एचआर देश : भारत |
| (एलसी नंबर एम0033621 दिल्ली शाखा) श्याम लाल (कर्जदार) मुकेश (सह–कर्जदार 1) प्रदीप कुमार (सह–कर्जदार 2) | 25–02–2023/रू. 20,98,296.66/– (रूपए बीस लाख अठ्ठानवे हजार दो सौ छियानवे तथा पैसे छियासठ मात्र) एनपीए (04–12–2022) | पता : खसरा नंबर 44, ग्राम इलायचीपुर, तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, लोनी, गाजियाबाद, लैंडमार्क : निकट सत्यम चौक नगर : गाजियाबाद, पिन : 201102, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (एलसी नंबर एम0044907 दिल्ली शाखा) राकेश पंडित (कर्जदार) पूनम शर्मा (सह–कर्जदार 1) संतोष (सह–कर्जदार 2) | 25–02–2023/रू. 44,34,212/– (रूपए चौवालीस लाख चौंतीस हजार दो सौ बारह मात्र) एनपीए (30–06–2022) | प्लॉट नंबर 56 और 57, जीएफ एफएफ तथा एसएफ प्लॉट नंबर 56 और 57, खसरा नंबर 6/1, कमलुद्दीन नगर यादव पार्क एक्सटेंशन, पश्चिम दिल्ली, लैंडमार्क : शिव मंदिर यादव पार्क नगर : पश्चिमी दिल्ली, पिन : 110041, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |
| (एलसी नंबर एम0057194 दिल्ली – पीतमपुरा शाखा) सुनील टंडन (कर्जदार) मीना टंडन (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 23,32,438.04/– (रूपए तेईस लाख बत्तीस हजार चार सौ अड़तीहस तथा पैसे चार मात्र) एनपीए (03–09–2022) | सी 117 ए ब्लॉक सी, अमर कालोनी कमरूद्दीन नगर नांगलोई पश्चिम दिल्ली, लैंडमार्क निकट दुर्गा बाजार नगर पश्चिम दिल्ली पिनकोड 110041, दिल्ली, भारत |
| (एलसी नंबर एम0058055 दिल्ली – पीतमपुरा शाखा) विभा तरारे (कर्जदार) अनिल वसंतराव तरारे (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 27,20,277/– (रूपए सत्ताईस लाख बीस हजार दो सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (03–09–2022) | सम्पत्ति सं. 5/27, सम्पूर्ण तृतीय तल मय छत/टेरेस अधिकार, ओल्ड राजिन्दर नगर, मध्य दिल्ली, नगर मध्य दिल्ली पिनकोड 110060, दिल्ली, भारत |
| (एलसी नंबर एम0061044 दिल्ली शाखा) अजय खारी (कर्जदार) गीता खारी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 21,26,506/– (रूपए इक्कीस लाख छब्बीस हजार पांच सौ छह मात्र) एनपीए (04–12–2022) | एच. नंबर 2728, ओल्ड प्लॉट नंबर 5, गली नंबर 204, ओंकार नगर त्रिनगर, दिल्ली उत्तर पश्चिमी दिल्ली, लैंडमार्क : मित्तर हाउस, नगर : उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पिन : 110035, राज्य : दिल्ली, देश : भारत |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 22–03–2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Surender Kumar is the owner of Built up Property bearing No. RZ-D-18B, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No. 34/10, Situated in the revenue estate of Village Dabri, Delhi State, colony known as West Sagar Pur, New Delhi, vide GPA, ATS & Will dated 23.08.2011. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

INFORMED that my client, Poonam Manik W/o Prem Manik R/o 100-A, Sant Nagar East of Kailash, New Delhi-110065, has debarred her daughter Parul Manik and has no relation with her. Any one dealing with her doing so on his /her own risk and liability My client is/shall be not liable for her any acts(s) deeds, things, dealings done by her.

M. N. SHARMA (Advocate)
Ch. No.83, AK Sen Block
Supreme Court of India,
New Delhi-110001
Date: 22.03.23
Place: Delhi

PUBLIC NOTICE

INFORMED that my client, Poonam Manik W/o Prem Manik R/o 100-A, Sant Nagar East of Kailash, New Delhi-110065, has debarred her son Paras Manik and has no relation with her. Any one dealing with him doing so on his /her own risk and liability My client is/shall be not liable for her any acts(s) deeds, things, dealings done by him.

M. N. SHARMA (Advocate)
Ch. No.83, AK Sen Block
Supreme Court of India,
New Delhi-110001
Date: 22.03.23
Place: Delhi



सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमर जीत सिंह/रजनी कौर/अर्शप्रीत सिंह - LBAWR00001916563 | ग्राउंड फ्लोर, पी. नंबर-3, ब्लॉक-ई, सेक्टर-48, विपुल वर्ल्ड, गुड़गाँव, हरियाणा, गुड़गाँव- 120022/ 17 मार्च, 2023 | जुलाई 29,2022 रु. 32,27,493.00/- | अलवर / गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 22, 2023
स्थान : गुड़गाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नितिन शर्मा/ अनुज शर्मा/ LBNOD00002941996 | यूनिट नंबर-1502, 15वीं मंज़िल, टावर बी, न्यूटेक'स ला गैलेक्सिया, प्लॉट नंबर-एचआरए 11 पर स्थित, सूरजपुर साइट-सी, फेज-11, ग्रेटर नोएडा/ मार्च 16, 2023 | नवंबर 30, 2017 रु. 34,53,762/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | राजेश भाटिया/ सोनिया भाटिया/ LBDEL00004848090/ LBDEL00004870017 | एच नंबर 104, बी ब्लॉक, ग्राउंड फ्लोर और बेसमेंट, शिवालिक, दिल्ली, दिल्ली- 110017/ मार्च 17, 2023 | सितंबर 26, 2022 रु. 2,28,94,475/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | हरिओम शंकर शर्मा/ नम्रता शर्मा/ LBGUR00003314858 | प्लॉट नंबर- 55, बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 5, पार्ट 111, अर्बन एस्टेट, गुड़गाँव, हरियाणा/ मार्च 17, 2023 | अक्टूबर 29, 2022 रु. 82,24,198/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | विक्रम कटारिया/ संदीप कटारिया/ LBGUR00004170309 | एच नंबर-1084, सेक्टर-4, हरियाणा, गुड़गाँव/ मार्च 17, 2023 | अक्टूबर 29, 2022 रु. 54,77,994/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | मोहम्मद शाकिर/ रेशमा शाकिर/ LBDEL00002558495/ LBDEL00002547980 | फ्लैट नंबर 8016, पहली मंज़िल, प्लॉट नंबर पी7/टीएस 02ए, "एटीएस एल्यूर", बिल्डिंग नंबर 08, सेक्टर 22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, जिला गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा/ मार्च 15, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 64,36,707/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 22, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## संक्षिप्त समाचार



सड़क पर सरेआम गाड़ी में बैठकर रिवाल्वर से हवाई फायरिंग कर इन्सटाग्राम रील बनाने वाले अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार ।

### रिहायशी सेक्टरों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन ने मंगलवार को जन सुनवाई की, जिसमें ग्रामीणों ने गांव सैनी में अतिक्रमण हटाने की मांग की। सेक्टर 1 के निवासियों ने सेक्टर एक में साफसफाई और पौधरोपण करने की मांग की। गांव कासना के किसानों को 6 प्रतिशत आबादी प्लॉट दिलाने की मांग की। एसीईओ ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों को कराने के निर्देश दिए। एसीईओ ने ग्रेनो के अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण को रोकने के लिए सभी वर्क सर्किल व भूलेख विभाग को पुलिस-प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई करने को कहा है। जन सुनवाई के दौरान एसीईओ ओएसडी हिमांशु वर्मा व विशु राजा, जीएम आरके देव, ओएसडी रजनीकांत समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### पुलिस ने कुछ ही घंटों में ढूंढ निकाला लापता बच्चा

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की पुलिस द्वारा जहां अपराधि ?यों को पकड़ा जा रहा है, वहीं सराहनीय कार्य भी किए जा रहे हैं। इन सराहनीय कार्यों के लिए उनको न केवल धन्यवाद मिल रहा है, बल्कि लोगों का प्यार भी मिल रहा है। थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा लापता हुए एक नाबालिग बच्चे को सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। मंगलवार को थाना सेक्टर-63 पर सूचना प्राप्त हुई कि 10 साल का एक बच्चा खेलते-खेलते गुम हो गया है। पीआरवी द्वारा लापता बच्चे को इलैक्ट्रानिक सिटी मैट्रो पर बने फुट ओवर ब्रिज के नीचे से सकुशल तलाश कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जिस पर परिजनों द्वारा पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।


### 21 देशों के राजदूत 25 को होंगे कॉन्क्लेव में शामिल

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा 25 मार्च को लखनऊ के एक होटल में अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई बिजनेस कॉन्क्लेव.2023 का आयोजन किया जायेगा। आयोजन का जिम्मा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आईआईए ने लिया है। नोएडा में एक प्रेसवार्ता के दौरान आईआईए के राष्ट्रीय सचिव राजीव बंसल ने बताया कि देश में यह पहली बार होगा कि किसी औद्योगिक संगठन की ओर से एक छत के नीचे एक मंच पर विभिन्न देशों के राजदूत और उद्योग प्रतिनिधि जुटेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए आईआईए ने गाजियाबाद और नोएडा में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि अब तक 21 से ज्यादा देशों के राजदूत व राजनयिकों ने इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए सहमति प्रदान कर दी है। आईआईए नोएडा चैप्टर के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने बताया कि नोएडा उत्तर प्रदेश का शो विंडो है। ऐसे में यहां के उद्यमियों की इस आयोजन में बड़ी भूमिका रहेगी। पिछले लगभग 8 महीने से इस दिशा में काम किया जा रहा है। आईआईए का प्रतिनिधिमंडल कई देशों में जाकर व्यापार की संभावनाएं तलाश चुका है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बजट फाइल अटकने की हो उच्च स्तरीय जांच : सरकार

## मुख्य सचिव व वित्त सचिव की भूमिका की जांच को लेकर संकल्प पत्र पास कर विशेषाधिकार कमेटी को भेजा



विधानसभा सदन के बाद मीडिया के बात करते वित्त मंत्री कैलाश गहलौत। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार का बजट पेश होने से पहले रोकने पर मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की आपत्ति के बारे में मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री को मुख्य सचिव या वित्त सचिव ने जानकारी क्यों नहीं दी। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी चुनी हुई सरकार को अपना बजट पेश करने नहीं दिया जा रहा। इससे बड़ा असंवैधानिक कार्य और कुछ नहीं हो सकता है। दु:ख और भारी मन से सदन को बताना चाहते है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली का बजट पेश होने से रोक दिया।

कैलाश गहलोत मंगलवार को विधानसभा में अपने संबोधित में करते हुए सिलेसिलेवार तरीके से बजट को रोके जाने की साजिश का खुलासा किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि गत 10 मार्च को दिल्ली सरकार ने



कैबिनेट से मंजूरी लेकर केंद्र सरकार को बजट भेजा। 17 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव को बजट पर कुछ सवाल भेजे। 20 मार्च दोपहर 2 बजे उन्हें इसकी जानकारी मिली। इसके बाद वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मंजूरी लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के सभी सवालों, आपत्तियों का जवाब देते हुए रात 9 बजे फाइल एलजी दफ्तर में भेजी। मगर रात 10:30 बजे एलजी दफ्तर से फाइल वापस लौटा दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय से 17 मार्च को 5:30 बजे पत्र लिखा गया, तब से लेकर 20 मार्च दोपहर 2 बजे तक वित्त मंत्री को इसकी जानकारी नहीं दी गई। सरकार का बजट पेश होने के इतने महत्वपूर्ण विषय में आए ई-मेल को मुख्य सचिव को तुरंत वित्त मंत्री और दिल्ली सरकार के संज्ञान में लाना चाहिए था, मगर ऐसा नहीं हुआ। अगर इस तरीके से बजट में भी काम रोका जाएगा, तो मुख्यमंत्री-कैबिनेट मंत्री और दिल्ली सरकार किस लिए है। दिल्ली के लोगों ने एक सरकार और मुख्यमंत्री काम करने के लिए चुना है। उन्हें ऐसे तंग करके काम नहीं करने देने से किसी का कोई फायदा नहीं है। जब कैबिनेट ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए बजट पर मंजूरी लेकर इसे एलजी को भेज दिया, तो फिर किस बात पर आपत्ति उठाई गई। सरकार को ई-मेल के संबंध में समय से क्यों नहीं बताया गया। इसकी उचित जांच होनी चाहिए। बजट पेश न होने से दिल्ली सरकार के कर्मचारियों का वेतन रुक जाएगा। वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने सदन से सभी तथ्यों की उचित जांच करने की मांग की है।

# टकराव से भला नहीं होगा, केंद्र से मिलकर करेंगे काम : केजरीवाल



● प्रधानमंत्री से प्रार्थना है कि राजनीति में लड़ने नहीं, काम करने के लिए आए हैं, काम करने दिया जाए : सीएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार की रोक के बाद मंगलवार को विधानसभा में दिल्ली का बजट पेश नहीं हो सका। बजट में देरी पर सदन में चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी ने संकल्प पत्र पेश किया जिसे पास कर विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि आप अपना काम करें और उन्हें दिल्ली की जनता के लिए काम करने दें। आपस में लड़ने के बजाय दिल्ली सरकार का सहयोग कीजिए। एक दिन के लिए दिल्ली का बजट रोक कर किसी का कोई फायदा नहीं हुआ। आज तक दिल्ली के इतिहास में कभी कोई आपत्ति नहीं किया गया, लेकिन इस बार परंपराओं को तोड़ा गया। साथ ही संविधान पर हमला किया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 17 मार्च को मुख्य सचिव को ऑब्जर्वेशन भेजा। गृह मंत्रालय के आदेश पर मुख्य सचिव तीन दिन तक इसे लेकर बैठे रहे। 21 मार्च को दिल्ली का बजट पेश होना है और 20 मार्च को दोपहर दो बजे इसके बारे में बताया गया और वित्त मंत्री को शाम 6 बजे फाइल भेजी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के चार ऑब्जर्वेशन थे। बजट में बिना फिगर बदले जवाब देकर हाथ जोड़ लिए और वह खुश हो गए कि केजरीवाल को झुका दिया। हम तो सदा झुके हैं।

सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार को सदन में बजट पेश होना था, मगर केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को उस पर रोक लगा दी। इसलिए विधानसभा में बजट पेश नहीं हो पाया।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सोमवार को मीडिया में चर्चा थी कि दिल्ली सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा विज्ञापन का बजट कर दिया और उन्होंने इसे ठीक करने को बोला है। बजट में 20 हजार करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर और 500 करोड़ विज्ञापनों पर हैं। उन्होंने कभी नहीं सुना कि 20 हजार करोड़ से 500 करोड़ ज्यादा होता है।

उन्होंने ऊपर से लेकर नीचे तक अनपढ़ों की जमात बैठा रखी है। अनपढ़ों की जमात बिठाने की जगह वहां पर पढ़े लिखे लोगों को बैठाना चाहिए ताकि वो बजट पढ़ सकें। बजट वही है, हमने इसे बढ़ाया भी नहीं है। उन्होंने बजट में कोई बदलाव करके नहीं भेजा। जो बजट में लिखा था, उसी में से चार लाइने कोट करके भेज दी। एलजी ने भी कल रात 10:30 बजे स्वीकृत कर दिया।

# विस का तीसरा दिन भी रहा हंगामेदार

● आम आदमी पार्टी और भाजपा विधायकों के बीच जुबानी जंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वित्त मंत्री कैलाश गहलोत के बजट को ठप करने को लेकर अभिभाषण खत्म होनेके बाद आम आदमी पार्टी के विधायकों के वेल में चले जाने के बाद सदन की कार्यवाही सुबह एक बार स्थगित कर दी गई।

दिल्ली बजट ब्योरा कथित रूप से लीक होने के मामले में विशेषाधिकार हनन नोटिस को लेकर सत्तापक्ष और विपक्षी के बीच हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार को दो घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा, नियमों के मुताबिक इस तरह का नोटिस तीन घंटे पहले दिया जाना चाहिए। आप यह भी कह रहे हैं कि इस पर चर्चा होनी चाहिए। ऐसा लगता है कि मकसद हंगामा और समय की बर्बादी करना है। गुता ने एक ट्वीट कर कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री कैलाश गहलोत और मंत्री गोपाल राय द्वारा विशेषाधिकार हनन के खिलाफ नोटिस दायर किया, जिन्होंने दिल्ली के बजट का विवरण लीक किया।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि वे वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। जब शीला दीक्षित सरकार सत्ता में थी तब तत्कालीन वित्त मंत्री महिंदर सिंह साथी को केंद्र की मंजूरी के बिना बजट की तारीख की घोषणा करने पर स्पीकर द्वारा पूछताछ की गई थी। उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी।

### विजेंद्र गुप्ता एक साल के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को एक साल के लिए यानी अगले बजट सत्र तक के लिए सदन से निलंबित कर दिया।

# गलतियों को छिपाने के लिए सीएम लगा रहे आरोप : भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की निंदा करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि वह सस्ती लोकप्रियता और अपनी गलतियों को छिपाने के लिए दिल्ली सरकार के बजट को लेकर विवाद खड़ा कर रहे हैं।

भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल दिल्ली सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से ध्यान हटाने के लिए केंद्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगा रहे हैं। सचदेवा ने कहा, केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार गृह मंत्रालय द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण को तीन दिनों तक दबाकर बैठी रही और फिर वह केंद्र पर बजट रोकने का आरोप लगा रही।

केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि केंद्र ने उनकी सरकार के बजट पेश करने पर रोक लगा दी है। दिल्ली का बजट विधानसभा में पेश किया जाना था और इसके लिए केंद्र से पूर्व मंजूरी जरूरी है।


### यातायात सिग्नल पर कार की तरह बजट नहीं रोका जा सकता : सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि बजट पेश करने को किसी यातायात सिग्नल पर कार की तरह नहीं रोका जा सकता और एक निर्वाचित सरकार के साथ इस तरह का बर्ताव नहीं किया जा सकता। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए सिब्बल ने ट्वीट किया, दिल्ली बजट, इसे किसी यातायात सिग्नल पर एक कार की तरह नहीं रोका जा सकता। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने कहा कि एक निर्वाचित सरकार से इस तरह का बर्ताव नहीं किया जा सकता।

# सिसोदिया का सहयोग का दावा, सीबीआई ने किया विरोध

● आप नेता ने कोर्ट में कहा, तलाशी के दौरान एजेंसी को नहीं मिला आपत्तिजनक दस्तावेज, दी जाए जमानत



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत से कहा कि उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले की जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का सहयोग किया है तथा किसी भी तलाशी के दौरान उनके खिलाफ कोई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है। सिसोदिया की जमानत याचिका पर दलील पेश करते हुए उनके वकील ने कहा कि आप नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ की अब आवश्यकता नहीं है और उनके विदेश भागने का भी कोई खतरा नहीं है।

उनके वकील ने दलील दी, मैं जनसेवक हूं, लेकिन उन दो अन्य जनसेवकों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है, जिनके खिलाफ ज्यादा गंभीर आरोप हैं। सिसोदिया के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ घूस लेने का कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है और आबकारी नीति में परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया है। सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में बदलाव से संबंधित फैसले को दिल्ली के उपराज्यपाल एवं वित्त सचिव तथा अन्य के पास भेजा गया था।

सिसोदिया के वकील ने अदालत से कहा कि सभी अपराधों के लिए सात साल से कम की सजा का प्रावधान है और न्यायिक हिरासत में रखा जाना न्यायोचित नहीं है।

### आबकारी नीति : कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में जमानत के लिए अदालत का रुख किया, जिस पर अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उसका रुख जानना चाहा। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने ईडी को नोटिस जारी कर 25 मार्च तक जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत ने 17 मार्च को आम आदमी पार्टी के नेता सिसोदिया की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ाकर 22 मार्च तक कर दी थी।

### ईडी ने बीआरएस नेता कविता से की आठ घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य कविता ने मंगलवार को कहा कि वह उनके द्वारा अब तक इस्तेमाल सभी फोन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जमा कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि उनके अधिकार को लेकर और इस दलील को लेकर किसी पूर्वाग्रह के बिना ये फोन जमा किए गए हैं कि क्या किसी महिला के निजता के अधिकार का उल्लंघन करते हुए उसके फोन में तांकझांक की जा सकती है। उन्होंने नई दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में प्रवेश से पहले एक पारदर्शी शीट में रखे कुछ मोबाइल फोन दिखाए और कहा कि वह इन्हें ईडी को जमा करने जा रही हैं।

उन्होंने इस मामले में पिछले साल दायर एजेंसी के पहले आरोप पत्र में लगाए गए आरोपों का जिक्र किया कि वह कम से कम दो मोबाइल फोन का उपयोग कर रही थीं, जिनके आईएमईआई 10 बार बदले गए।

# अब 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी एयरपोर्ट मेट्रो

● नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सीधे आईजीआई टर्मिनल-3 15 मिनट में पहुंचेंगे यात्री



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विमान यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो बुधवार से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की इस पहल से यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 तक महज 15 मिनट में पहुंच सकेंगे। इससे रोजाना हजारों यात्रियों को सड़कों पर लगने वाले जाम के कारण देरी की समस्या से छुटकारा मिलेगा और फ्लाइट भी नहीं झुटेगी। मेट्रो की रफ्तार बढ़ाकर 120 किमी तक प्रतिघंटा की जाएगी। मेट्रो रेल निगम ने कहा कि एलो लाइन, ब्लू लाइन और रेड लाइन आदि जैसे नियमित गलियारों पर चलने वाली मेट्रो ट्रेन की औसत गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा है।

# नागलोई में कूड़े के ढेर में मिली तीन साल की बच्ची

● दिल्ली महिला आयोग की तत्परता से मिला समय पर इलाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने कहा कि मंगलवार को बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में कचरे के ढेर में तीन दिन की एक बच्ची लावारिस हालत में मिली।

डीसीडब्ल्यू को उसकी 181 महिला हेल्पलाइन पर एक व्यक्ति से बच्ची के बारे में जानकारी मिली। डीसीडब्ल्यू ने तुरंत दिल्ली पुलिस को सूचित किया, बच्ची को बरामद करने में मदद की और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आयोग की एक टीम बच्ची के पास मौजूद है। डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। आयोग की टीम ने गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी के साथ प्राथमिकी की प्रति भी मांगी है।

आयोग ने मामले में बाल कल्याण समिति द्वारा पारित आदेश की प्रति भी मांगी है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, दिल्ली में एक कचरे के ढेर में तीन दिन की एक बच्ची को लावारिस हालत में पाया गया है।

# राजधानी के 4105 लोगों ने किया हज के लिए आवेदन

● अंतिम तिथि खत्म, बिना मेहरम जाने के लिए 49 महिलाओं ने भी भरे फॉर्म

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हज यात्रा 2023 के लिए आवेदन करने की समय सीमा सोमवार रात को खत्म हो गई। इस साल कुल 4105 लोगों ने किया हज के लिए आवेदन किया है।

इसमें बिना मेहरम वाले महिलाओं की संख्या 49 है। वहीं 70 से अधिक आयु वाले 205 आवेदन प्राप्त हुए। दिल्ली हज कमेटी की



हज मंजिल के आवेदन प्रक्रिया को निरीक्षण करते चैयरमैन कौसर जहान।

चेयरमैन कौसर जहान ने कहा कि दिल्ली में 4105 आवेदन प्राप्त हुए जिस में 70 वर्ष से अधिक आयु (आरक्षित श्रेणी अपने एक साथी के साथ) के 205 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं 45 वर्ष से अधिक आयु की बिना मेहरम महिलाओं के 49 आवेदन किया। उन्होंने आगे कहा कि कुछ आवेदन ऐसे हैं जो किसी कागजी दस्तावेज की कमी के कारण लंबित हैं तथा ऐसे आवेदन कर्ताओं से संपर्क भी किया गया है लेकिन वह अपने आवेदन की त्रुटियों को दूर नहीं कर पा रहे हैं और ना ही दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय से संपर्क कर रहे हैं। यदि इन लोंगों ने तुरंत दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय से संपर्क नहीं किया तो इनके आवेदन कम्पयूटर द्वारा स्वत: रद्द हो जाएंगे।

आवेदन करने का सिलसिला 10 फरवरी 2023 को आरंभ हुआ था जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च 2023 थी जो कि बाद में बढ़ा दी गयी थी ।

कौसर जहान ने आगे बताया कि कुर्रा अंदाजी (लॉटरी द्वारा चयन) की तिथि की घोषणा हज कमेटी ऑफ इंडिया के आदेश अनुसार की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार




लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल व्याख्यान में पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया

### भारत सभी क्षेत्रों में बनेगा आत्मनिर्भर : वेंकैया नायडू

**नई दिल्ली।** लाल बहादुर शास्त्री नेशनल मेमोरियल ट्रस्ट ने राष्ट्रीय संग्रहालय के सहयोग से 29 वें लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल शास्त्री और लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के छात्र और शिक्षाविद शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल म्यूजियम में किया गया । पूर्व उपराष्टपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान से भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल शास्त्री ने कहा कि शास्त्री का हमेशा से मानना था कि प्रत्येक भारतीय को आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए।

### वजीराबाद व करवल नगर लगी आग

**नई दिल्ली।** वजीराबाद इलाके में मंगलवार को सुबह एक गोदाम में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 10 बज कर करीब 45 मिनट पर मिली और दमकल की नौ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने का काम जारी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं करावल नगर इलाके में मंगलवार को सुबह एक कारखाने में आग लग गई।

### पुलिसकर्मियों के परिजनों की अनुग्रह राशि पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के दौरान ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दिल्ली सरकार से दो वकीलों और एक विधि छात्र सहित पांच लोगों द्वारा दायर जनहित याचिका के जवाब में एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। दिल्ली सरकार के वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं और 75 प्रतिशत आवेदनों पर निर्णय लिया जा चुका है।

# पर्यटन को बढ़ावा: पांच पूर्वी राज्यों की संस्कृति से रूबरू कराएगी ट्रेन

## रेस्टोरेंट, मनोरंजन आदि आधुनिक सुविधाओं से लैस नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरी ब्योंड गुवाहाटी पर्यटन ट्रेन दिल्ली से हुई रवाना

संजय राय। नई दिल्ली



● 5800 किलोमीटर की यात्रा 15 दिन में पूरी करेगी

नार्थ ईस्ट डिस्कवरी बियॉण्ड गुवाहाटी ट्रेन पूर्वोतर के पांच राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा व मेघालय और भारतीय संस्कृति से रुबरु कराएगी।

आधुनिक साज सज्जा के साथ तैयार पूरी तरह से वातानुकूलित डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन राष्ट्रीय राजधानी के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होने के बाद लगभग 5800 किलोमीटर की यात्रा 15 दिनों में पूरी करते हुए असम के गुवाहाटी, काजीरंगा, जोरहाट व शिवसागर, अरुणाचल प्रदेश में इटानगर, नागालैंड में दिमापुर व कोहिमा, त्रिपुरा में उनाकोटी, अगरतला व उदयपुर तथा मेघालय स्थित शिलॉंग व चेरापुंजी के महत्वपूर्ण तीर्थ व पर्यटल स्थलों के भ्रमण कराने के साथ ही यहाँ की सांस्कृतिक, विरासत व प्राकृतिक सौन्दर्य के गौरव की अनुभूति भी होगी। उत्तर रेलवे की पहल से शुरू की गई यह ट्रेन इस वित्तीय वर्ष की 14 वीं टूरिस्ट रेलगाड़ी है। यह असल में एक भारत-श्रेष्ठ भारत को साकार करती है। रेलवे पर्यटकों की सुविधा के लिए ईएमआई से किराया भुगतान का विकल्प उपलब्ध कराएगा। भारत गौरव डीलक्स वातानुकूलित पर्यटक रेलगाड़ी नार्थ ईस्ट डिस्कवरी बियॉण्ड गुवाहाटी को विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी सफदरजंग रेलवे स्टेशन से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक आशुतोष पंत, सीएमडी, आईआरसीटीसी रजनी हसीजा, मण्डल रेल प्रबंधक, दिल्ली मण्डल, डिम्पी गर्ग मौजूद थी। भारत गौरव ट्रेन द्वारा संचालित यह यात्रा पूर्वोत्तर के राज्यों को रेल के द्वारा देश के अन्य हिस्सों से जोड़ेगी तथा घरेलू पर्यटको के पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए प्रेरित करेगी।दिल्ली से रवाना होकर पर्यटक ट्रेन गुवाहाटी पहुंचेगी जहां कामाख्या देवी मंदिर व उमानन्दा मंदिर का दर्शन कराया जाएगा व होटलों में रात्री विश्राम होगा।

साथ ही पर्यटक गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज का आनंद भी ले सकेंगे। गुवाहाटी से चल कर यह ट्रेन अरुणाचल स्थित नाहरलगुन स्टेशन के लिए रवाना होगी जहां पर्यटकों को प्रदेश की राजधानी इटानगर का भ्रमण कराया जाएगा।

ट्रेन का अगला पड़ाव असम के पूर्वी भाग में स्थित शिवसागर होगा जो प्राचीन अहोम वंश की राजधानी रहा है। अगले दिन काजीरंगा राष्ट्रीय अभयारण्य का भ्रमण कराया जाएगा। काजीरंगा से चलकर पर्यटक फुरकटिंग रेलवे स्टेशन जाएंगे जहां ट्रेन पर सवार होकर त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के लिए रवाना होंगे। त्रिपुरा में पर्यटक दो दिनों के अंदर उनाकोटी के विरासत स्थल व अन्य एतेहासिक स्मारकों जैसे उजयंता पैलेस व नीरमहल पैलेस का भ्रमण करेंगे साथ ही उदयपुर स्थित शक्तिपीठ त्रिपुर सुंदरी मंदिर का दर्शन भी कराया जाएगा। यहाँ से ट्रेन अपने अगले पड़ाव नागालैंड स्थित दिमापुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी इस यात्रा में बदरपुर से लेकर लुमडिंग रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद भी ट्रेन यात्रा के माध्यम से लिया जा सकेगा। दिमापुर से पर्यटक बसों द्वारा नागालैंड की राजधानी कोहिमा जाएंगे जहाँ कोहिमा शहर के दर्शनीय स्थानों के भ्रमण के साथ ही पर्यटकों को स्थानीय नागा समुदाय की जीवनशैली से रूबरू करानेके लिए खोनोमा गाँव का भ्रमण के साथ ही कोहिमा में रात में रूकने की व्यवस्था होगी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 मार्च, 2023



# गेल की गैस पाइप लाइन लीक, उठे आग के गोले

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गेल ने गैस रिसाव पर काबू पाने को कराई मॉक ड्रिल**

**आपदा से निपटने के लिए आमजन को सुरक्षित उपायों का बुनियादी ज्ञान होना जरूरी**





गुरुग्राम के गांव पातली के पास गेल की ओर से गैस रिसाव की मॉकड्रिल के दौरान लगी आग में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए ले जाते बचावकर्मी।

**जमीन** से आसमान की तरफ उठते आग के गोले। मचा हाहाकार। इधर-उधर भागते लोग। इसी के बीच आग की सूचना मिलने पर बचाव के लिए पहुंचे राहत एवं बचावकर्मी। त्वरित कार्यवाही करते हुए आग से घायलों को बचाते हुए उन्हें फर्स्ट एड देकर एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल में पहुंचाया। यह सब हुआ मंगलवार को यहां गैस कंपनी गेल (गैस अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड) की गैस पाइप लाइप लाइन में आग लगने के कारण। अब आपको बता दें यह कोई हादसा नहीं था, बल्कि आग लगने की घटना के दौरान उससे निपटने के लिए मॉकड्रिल थी।

गेल की ओर से गांव पातली में गुरुग्राम प्रशासन की अगुवाई में गैस पाइपलाइन में किसी आपातकालीन दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन तैयारी की जांच किए जाने के लिए ऑफ साइट इमरजेंसी मॉक ड्रिल का की गई। इस मॉक ड्रिल में राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) व गेल की टीम ने पाइपलाइन गैस रिसाव होने की स्थिति में वहां पर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के तौर तरीकों के बारे में बताया। वहीं मॉक ड्रिल के बाद कमियों एवं त्रुटियों की चर्चा के लिए समीक्षा बैठक भी की गई।

ऑफ साइट इमरजेंसी ड्रिल के तहत मंगलवार को दोपहर 12 बजे गांव पातली के पास गेल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) की नेचुरल गैस की 18 इंच की गैस पाइप लाइन लीक हो गई। गैस रिसाव के बारे में तुरंत गेल के लाइनमैन ने अपने रीजनल गैस मैनेजमेंट सेंटर (आरजीएमसी) को सूचित किया। वहां से इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल तत्काल इंजीनियरों की टीम के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। उसके बाद गेल द्वारा गैस रिसाव से संबंधित आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल देखने को मिली। इस दौरान लेवल दो की आपात स्थिति के तहत अग्निशमन की गाड़ियां, एंबुलेंस पहुंच रहीं थीं और लोगों को माइक के माध्यम से सूचना दी जा रही थी। यहां ना आएं, गैस का रिसाव हो रहा है। इसके साथ किसी ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग ना करें। घटना स्थल पर गैस रिसाव वाले स्थान पर आग लगने पर इसे लेवल तीन की आपात स्थिति मानते हुए गेल प्रबंधन द्वारा जिला प्रशासन को घटना के बारे में सूचित किया गया। स्वयं सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह अपनी टीम के साथ वहां जा पहुंचे। इस आगजनी में कुछ लोग भी घिरे हुए दिखाए गए। गेल, रेडक्रॉस व जिला स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंच गई। तीन आदमी जख्मी हुए, उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया। इस मॉक ड्रिल में गेल गुरुग्राम की पड़ोसी औद्योगिक ईकाइयां जैसे मारुति, एचएसआइडीसी, आईजीएल, होंडा मोटरसाइकल व हीरो मोटो कोर्प की बचाव टीमों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल के उपरांत समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने कहा कि आपदा कभी भी पूर्व सूचना देकर नहीं आती ऐसे में किसी भी आपात स्थिति में हमारा रिपोर्टिंग टाइम बढ़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रों को लेकर बाजार में जमकर हुई खरीदारी



**सोहना।** नवरात्रों की तैयारी को लेकर भक्तों की बाजार में भीड़ लगी। नारियलए चुनदरी से लेकर फ्ल खरीदने वालों की लंबी लाइन लगी। मंगलवार को बाजार में ग्रहकों ने नवरात्रों को लेकर जमकर खरीदारी की। बुधवार को पहला नवरात्रा होगा। जिसको लेकर शहर में पुरोहितों ने सजावट तैयारी कर दी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूजा अर्चना करने को लेकर तैयारी एक दिन पहले ही कर दी है। मंगलवार को फल विक्रेताओं से लेकर नारियल ए माता का श्रंगार और किरयाना की दुकानों पर ग्राहकों ने लाइन में लगकर सामान खरीदा। फलों की कीमतों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई। जबकि आलू के दाम में 3 से 5 रुपये की बढ़े है।

### गार्गी कक्कड़, बोधराज सीकरी ने ध्वज दिखा बसों को किया रवाना



**गुरुग्राम।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आर्य समाज के स्थापना दिवस में जाने वाली बसों को सेक्टर-15 पार्ट-2 मार्केट से भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ और हरियाणा प्रांत सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष अशोक आर्य और उनकी पत्नी सुषमा आर्य व महामंत्री धर्मेंद्र बजाज और ज्योत्सना बजाज ने सटीक तरीके से व्यवस्था बनाए हुई थी। बसों में सभी आयु वर्ग के लोग जोश से लबालब भरे हुए थे। क्योंकि आर्य समाज के स्थापना दिवस के आयोजन को देखने की लालसा सभी में भरी पड़ी थी। सबके गले में पटिका ने माहौल को भगवामय बना दिया। इस कार्यक्रम में केंद्र के गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। हम सभी को ऐसे महान चिंतक के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कन्हैया लाल आर्य, दिनेश आर्य, ओम प्रकाश चुटानी, भारत भूषण, अंजनी हसीजा, ईश्वर दहिया, पदम् चंद आर्य, राजेश आर्य व अन्य जन उपस्थित रहे।

### एमएमए की फाइट नाइट में नेहांश शर्मा की पहले राउंड में ही जीत



एमएमए की फाइट नाइट में जीत दर्ज करने पर नेहांश शर्मा को कंधों पर उठाए प्रशंसक।

**गुरुग्राम।** मिक्सड मार्शल आर्ट (एमएमए) की फाइट नाइट में खिलाड़ी नेहांश शर्मा ने अपने जीवन के पहले ही पड़ाव में बेहतरीन प्रदर्शन करते पहले ही राउंड में जीत हासिल की। इस फाइट के लिए तैयारी कर रहे नेहांश शर्मा की भिड़ंत राजन सिंह से हुई। शुरू से ही नेहांश दबदबा बनाकर चलते रहे और राजन पर जीत दर्ज कर परिजनों, प्रशसंकों की उम्मीदों पर खरे उतरे। नेहांश शर्मा इससे पहले मध्यम दूरी के राष्ट्रीय स्तर के धावक रहे हैं। अब वे एमएमए में आए हैं। इस फाइट नाइट में नेहांश शर्मा ने बेंटम वेट कैटेगरी में पर्दापण किया। अपने कैरियर के पहले मुकाबले को उन्होंने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ खेला। वे लगातार अपने प्रतिद्वंदी पर हावी रहे। शानदार तरीके से खेलते हुए पहले ही राउंड में उसे नॉकआउट करके हरा दिया। जैसे ही उनकी जीत की घोषणा हुई तो युवाओं की टोली ने उन्हें रिंग से बाहर निकलते ही कंधों पर उठाकर जश्न मनाया। एमएमए की ट्रेनिंग अकादमी रैबल के संस्थापक राजीव खाती ने बताया कि यह आयोजन बेहद ही सफल रहा। आगे भी इस तरह के मुकाबले कराए जाएंगे, ताकि युवाओं में इस खेल के प्रति दीवानगी और बढ़े। उन्होंने नेहांश को एक बेहतरीन खिलाड़ी बताते हुए इस खेल में उसका भविष्य उज्जवल बताया।

### थानेदार की बेटी ने मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में झटका गोल्ड मेडल



वत्सला रावत।

**गुरुग्राम।** वो जमाना अब लद गया जब लोग बेटी को बोझ समझते थे। आज बेटियां वास्तव में अपने माता-पिता के लिए गौरव से कम नहीं। इस बात को सार्थक किया है गुरुग्राम पुलिस के सब इंस्पेक्टर देवी चरण रावत की बेटी वत्सला रावत ने जिसने मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में ऑनर्स डिग्री के साथ अपनी स्ट्रीम में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय से वत्सला रावत को सीजीपीए 8.7 मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में ऑनर्स डिग्री के साथ अपनी स्ट्रीम में पहला स्थान प्रथम स्थान हासिल करने पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और राष्ट्रीय प्रत्यापन बोर्ड के अध्यक्ष कृष्ण किशोर अग्रवाल ने डिग्री और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया है। वत्सला के पिता सब इंस्पेक्टर तो माता गृहणी हैं, जिन्होंने बेटी का हर पग पर साथ देकर उसे प्रेरित किया।

# भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता है मजबूत स्तंभ: सुधीर सिंगला



शक्ति केंद्र संगम में मौजूद विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की ओर से समालखा में आयोजित विशाल शक्ति केंद्र संगम से लौटे गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने इसे संगठन की मजबूत की दिशा में अहम बताया है। उन्होंने कहा कि इस संगम में सिर्फ संगठन नहीं, बल्कि समाज के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए भी संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने उत्साहित, प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने के लिए प्रेरित किया गया।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शक्ति केंद्र संगम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रांत संघचालक पवन जिंदल, पूर्व सांसद एवं केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य डॉ. सुधा यादव की ओर से आगामी चुनावों के मद्देनजर पन्ना प्रमुख रचना, बूथ सशक्तिकरण, लाभार्थी सम्पर्क आदि विषयों पर दिशा-निर्देश दिए गए। इस संगम में 6 लोकसभा सांसद, मंत्री, विधायक समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सिद्धांत और अनुशासनात्मक तरीके से काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित है। कार्यकर्ताओं को तराशकर ही भाजपा में ऊंचे औहदे पर पहुंचाया जाता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने के पीछे भाजपा का अनुशासन, कार्यकर्ताओं की कर्मठता ही है।

संगठन सिर्फ अपनी मजबूती नहीं, बल्कि राष्ट्र की मजबूती के लिए भी काम करता है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व में मजबूती के साथ खड़ा किया है। जी-20 जैसी बैठकें भारत और विशेषकर गुरुग्राम में होना हम सबके लिए सौभागय की बात है। दुनिया के प्रतिनिधियों ने गुरुग्राम में आकर यहां के विकास को देखा है। यहां की कला और संस्कृति को देखा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के भविष्य में सुखद परिणाम होंगे।

# दुनिया में ज्ञान ही असली शक्ति: बंडारू दत्तात्रेय

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम





गुरुग्राम के नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य केवल ज्ञान की प्राप्ति होना चाहिए। दुनिया में धन नहीं, बल्कि ज्ञान ही असली शक्ति है। उन्होंने यह बात मंगलवार को गुरुग्राम में नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के 135 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की।

बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व स्वामी विवेकानंद आदि के व्यक्तित्व के बारे में जानने से जीवन में आगे बढ़ने की सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने जीवन में विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए ज्ञान प्राप्ति के लक्ष्य को नहीं छोड़ा। दुनिया के तीन श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों से उन्होंने डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की।

राज्यपाल ने विवि को ज्ञान का केंद्र बताते हुए कहा कि यहां से आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता भी जाहिर की और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देंगे तो दुनिया भर में भारत की युवा पीढ़ी को अपने कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता एक ऐसा अवसर है जब हम दुनिया के अन्य देशों के शिक्षण केंद्रों के साथ-साथ अपने ज्ञान, रिसर्च व इनोवेटिव आइडिया का आदान-प्रदान करना चाहिए।

उन्होंने नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में इनोवेशन व स्टार्ट अप पर फोकस करने की दिशा में जारी प्रयासों की सराहना की। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को फीस में रियायत, मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास भी सराहनीय है। इस दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया और स्मृति स्वरूप ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

# कलर्स सिनेप्लेक्स पर 'दृश्यम 2' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में सलगांवकर परिवार को अपनी जिंदगी के लिये संघर्ष करते देखिये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**वायाकॉम** 18 के प्रमुख मूवी चैनल कलर्स सिनेप्लेक्स पर रामदेव स्ट्रॉन्ग हींग और एको जनरल इंश्योरेन्स के साथ भागीदारी में ब्लॉकबस्टर मूवी 'दृश्यम 2' को-प्रेजेंटेड बाय किया, मोटर्स को-पावर्ड बाय कैडबरी फ्यूज, स्पेशल पार्टनर क्लब महिन्द्रा और पार्ले स्मूध लस्सी, के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में सलगांवकर परिवार को अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष करते हुये देखने और एक रोमांचक थ्रिलर का मजा उठाने के लिये तैयार हो जाईये। पैनोरमा स्टूडियोज, वायाकॉम 18 स्टूडियोज और टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 2015 की हिट मूवी 'दृश्यम' का बहुप्रीक्षित सीक्वल है।

'दृश्यम 2' में अजय देवगन, अक्षय खन्ना, तब्बू, श्रिया सरन आदि जैसे जाने-माने सितारों ने प्रमुख किरदारों को अदा किया है। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक होमीसाइड केस के दोबारा खुलने के बाद गोवा में रह रहे सलगांवकर परिवार की जिंदगी में आये तूफान और उनके संघर्षों को दिखाया गया है। मूवी के सीक्वल में दिखाया गया है कि एक मर्डर केस के दोबारा खुलने और छानबीन शुरू होने के बाद सलगांवकर परिवार का मुखिया अपनी फैमिली को बचाने के लिये किस हद तक जा सकता है। सस्पेंस, ड्रामा और अनापेक्षित मोड़ों से भरपूर 'दृश्यम 2' निश्चित रूप से आपको मंत्रमुग्ध करेगी और आप आगे की कहानी के बारे में जानने के लिये और भी ज्यादा उत्सुक होते जायेंगे। दिल की धड़कनों को बढ़ाने वाली यह थ्रिलर मूवी देखना न भूलें, जिसका प्रीमियर शनिवार, 25 मार्च 2023 को रात 8 बजे सिर्फ कलर्स सिनेप्लेक्स पर किया जाएगा।

कलर्स सिनेप्लेक्स ने अलग-अलग तरह की मनोरंजक फिल्में दिखाने के लिये खुद को एक भरोसेमंद ठिकाने के तौर पर मजबूती से स्थापित कर लिया है। ओरिजनल हिन्दी से लेकर दूसरी भाषाओं की डब्ड मूवीज तक, सुपर-हिट और सराही गई फिल्मों के लिये इस चैनल का खजाना देशभर में काफी लोकप्रिय हो चुका है। उच्च-गुणवत्ता का मनोरंजन देने की प्रतिबद्धता के साथ 'दृश्यम 2' इस चैनल के धमाकेदार लाइन-अप का एक रोमांचक विस्तार है। 'दृश्यम 2' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए, एक्टर अजय देवगन ने कहा, कलर्स सिनेप्लेक्स पर 'दृश्यम 2' के प्रीमियर से दर्शकों को इस थ्रिलर की मिस्ट्री व सस्पेंस जानने का एक और मौका मिलेगा।

# अमेजन पे : आपके हर दिन की भुगतान संबंधी जरूरतों का समाधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** पे आपकी सभी भुगतान संबंधी जरूरतों के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। ऑटोमोबाइल बीमा खरीदना हो, यूटिलिटी बिल का भुगतान करना हो, रेस्टोरेंट में पेमेंट करना हो या फिर रिचार्ज से लेकर मनी ट्रांसफर तक जो कुछ भी करना हो अमेजन पे आपकी सभी जरूरतों को पूरा करता है। इस झंझट मुक्त सुविधा को अपनाएं और अमेजन पे के साथ ए से लेकर जेड तक किसी भी चीज का भुगतान करें।

**निपटाइये वित्तीय काम:** जहां वित्तीय वर्ष 2022-23 खत्म होने ही वाला है, अमेजन पे के साथ, ग्राहक बहुत ही आसानी से अपने टैक्स और सेविंग से जुड़े निवेश कर सकते हैं। ग्राहक इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) में निवेश कर सकते हैं। इसके तहत पुरानी आयकर व्यवस्था की धारा 80सी के अंतर्गत छूट प्राप्त होती है। इसके अलावा, अमेजन पे यूपीआई के साथ बहुत आसानी से और सुरक्षित रूप से म्यूचुअल फंड और बीमा प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं। यूपीआई की सुविधा के साथ अब आपके लिए निवेश करना भी आसान हो गया है। ग्राहक बिना कागजी कार्रवाई के साथ सिर्फ दो मिनट से भी कम समय में दो या चार पहिया वाहनों के लिए मोटर इंश्योरेंस खरीद सकते हैं। एको जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी में अमेजन पे ग्राहकों को बेहद सरल और आसानी से समझ में आने वाले ऑटोमोबाइल इंश्योरेंस को खरीदने में मदद करता है।

**समय पर करें बिल का भुगतान:** क्या आप अभी भी समय पर यूटिलिटी बिल का भुगतान करने को लेकर परेशान हैं? अमेजन पे अपनाएं और अपने बिजली, गैस, या पानी के बिल से जुड़े रिमाइंडर प्राप्त करें। इससे आप कभी भी लास्ट डेट मिस नहीं करेंगे। अमेजन पे यूपीआई, अमेजन पे बैलेंस और अमेजन पे लेटर, आदि का उपयोग करते हुए अपने रोजाना के लेन-देन करें और रोमांचक रिवॉर्ड प्राप्त करें।

**अब टिकट बुकिंग भी हुई आसन:** क्या आप अपने दोस्तों के साथ अचानक यात्रा की योजना बना रहे हैं? चिंता न करें अमेजन पे आपको इसकी भी सुविधा दे रहा है। ग्राहक चलते-फिरते कहीं भी आसानी से फ्लाइट, ट्रेन या बस का टिकट बुक कर सकते हैं। इसी के साथ ही रोमांचक डील्स/कैशबैक ऑफर भी प्राप्त कर सकते हैं। कुछ ज्यादा पैसे बचाना किसे पसंद नहीं होता है? अमेजन पे के साथ यात्रा का अनुभव हुआ और भी आसान। अमेजन पे का साथ सिर्फ यात्रा के तक ही नहीं है, ग्राहक अमेजन पे के साथ मूवी टिकट बुक कर सकते हैं।

# गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित 30वीं आईपीए कांग्रेस व 60वें पेडिकॉन कन्वेंशन का सफल समापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**गांधीनगर** (गुजरात), इंटरनेशनल पीडियाट्रिक्स एसोसिएशन (आईपीए कांग्रेस) की 30वीं कांग्रेस और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (पेडिकॉन) की 60वीं वार्षिक बैठक गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 19 से 23 फरवरी तक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। सम्मेलन का उद्घाटन गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया था, और इसमें भारत और विदेशों से बड़ी संख्या में बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया था।

सम्मेलन का मुख्य विषय &quot हर बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण देखभाल - हर जगह &quot था और यह भारत में 46 वर्षों में पहली बार आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में गुजरात सरकार की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसमें मुख्यमंत्री उद्घाटन समारोह में शामिल हुए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल ने नई जानकारी प्रदान की। पांच दिवसीय सम्मेलन के दौरान, 6500 बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें भारत के 6000 और लगभग 100 विदेशी देशों के 500 शामिल थे। शिशु मृत्यु दर, स्कूल स्वास्थ्य, बाल मोटापा, किशोरावस्था, और स्तन के दूध के विकल्प और हानिकारक खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों के हानिकारक प्रभावों सहित विभिन्न विषयों पर पैनल चर्चा आयोजित की गई।

सम्मेलन में दुनिया में आने वाली नई उपलब्धियों, नवाचारों और उपचारों पर भी चर्चा हुई। गतिविधियों के हिस्से के रूप में सम्मेलन के आयोजकों ने पांच दिनों के लिए सम्मेलन की कुल अवधि के लिए प्रतिदिन 1000 स्ट्रीट चिल्ड्रन के लिए सात्विक भोजन की व्यवस्था की। कुपोषण पर जोर देने के साथ यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ के नीति-स्तर के वैज्ञानिकों के साथ भी चर्चा की गई, एक ऐसा विषय जिस पर सभी चर्चा कर रहे हैं। डॉ. चेतन त्रिवेदी, अध्यक्ष बाल रोग अकादमी, गुजरात, और आईपीए कांग्रेस और पेडिकॉन 2023 के आयोजन सचिव ने इस आयोजन के सफल समापन पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने मुख्य नौ हॉल में आयोजित विभिन्न सत्रों पर प्रकाश डाला, जिसमें शिशु मृत्यु दर, स्कूल स्वास्थ्य, बच्चों की किशोरावस्था, नई दवाओं और एंटीबायोटिक्स, और नवीनतम शरीर और बीमारी पर चर्चा शामिल थी। अंत में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित 30वीं आईपीए कांग्रेस और 60वें पेडिकॉन सम्मेलन को जबर्दस्त सफलता मिली, जिसमें भारत और विदेशों से बड़ी संख्या में बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और गुजरात सरकार की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे इसमें शामिल सभी लोगों के लिए यह एक यादगार अनुभव बन गया।

# अपग्रैड ने इस साल 3000 करोड़ रुपये के 22,000 जॉब प्लेसमेंट्स पार किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एशिया** की सबसे बड़ी एकीत लर्निंग, स्किलिंग और वर्कफोर्स डेवलपमेंट कंपनी अपग्रैड, जो खुद को सीखने और नौकरी के लिए तैयारी के फार्म-टू-फोर्क के रूप में स्थापित करती है और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए 400+ वैश्विक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से काम करती है, ने इस साल 22000 से अधिक फर्स्ट टाइम जॉबर्स और वर्किंग प्रोफेशनल्स को प्लेसमेंट करवाया है।

अपग्रैड ने एक शक्तिशाली और स्टैकेबल लर्निंग इकोसिस्टम का निर्माण किया है जिसने साल-दर-साल करियर के उच्च परिणाम दर्ज करने की अपनी गति को बनाए रखा है और अपने गहन सीखने के अनुभव, मेंटरशिप सुविधाओं और फॉर्मल लर्निंग, कैंपस क्लासेस, शॉर्ट कोर्सेस, बूटकैंप और ट्रांसनैशनल लर्निंग (विदेश में अध्ययन) में उच्च पूर्णता दर के आधार पर सबसे अलग ब्राड के रूप में उभरा है। हाल ही में हुए प्लेसमेंट में इसका वेतन छह लाख रुपये सालाना से लेकर 25 लाख रुपये सालाना दर्ज हुआ जबकि टॉप के प्लेसमेंट का वेतन 2.5 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। अपग्रैड के सह-संस्थापक और एमडी मयंक कुमार ने कहा कि हम अपने कॉलेज जाने वाले शिक्षार्थियों, जो आम तौर पर पहली बार नौकरी करने वाले और यहां तक कि अनुभवी कामकाजी पेशेवर होते हैं, को लगातार अपग्रेड और रीस्किल करने में मदद करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे कल की नौकरियों के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। हमारे 85त्न से अधिक शिक्षार्थियों ने हमारे पाठ्यक्रमों को पूरा करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है और वह भी दुनिया भर में इस क्षेत्र में पहली बार। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए सॉफ्ट और साक्षात्कार कौशल के सभी पहलुओं का पालन करते हुए उन्हें आगे बढ़ाएं। हम वैश्विक री-कौशल क्रांति का भाग बनने जा रहे हैं। एक साल में हमने 22,000+ प्लेसमेंट की उपलब्धि हासिल की है। हम मानते हैं कि यह हमारा उनके जीवन में प्रमुख भूमिका के साथ साथ उनके आजीवन सीखने की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह एजुकेशन क्षेत्र में हमारे विशेष और दूरंदेशी योगदान का भी समर्थन है।

# हिट विकेट सुपरस्टार्स ने पहली हिट विकेट क्रिकेट वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**भारत** के सर्वाधिक रेटिंग वाले क्रिकेट स्ट्रेटजी गेमिंग ऐप, हिटविकेट सुपरस्टार्स ने अपनी अत्यधिक प्रतीक्षित हिटविकेट वर्ल्ड चैंपियनशिप के कार्यक्रमों की सारणी जारी कर दी है। यह मोबाइल गेमिंग के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्ट्रेटजी-बेस्ड, स्वतंत्र क्रिकेट ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट है, जिसमें अलग-अलग टीमें कुल मिलाकर 2,25,000 रुपये का पुरस्कार जीत सकती हैं।

हैदराबाद स्थित गेमिंग स्टूडियो ने अपनी पुरस्कार राशि के साथ एक उत्साहवर्धक मानक स्थापित किया है, और पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ इस्पोर्ट्स प्रत्याशियों एवं लाखों क्रिकेट फैंस को अपनी ओर आकर्षित किया है।

यह वर्चुअल टूर्नामेंट 23 मार्च से शुरू होगा और एक कठोर चयन प्रक्रिया द्वारा इसमें सर्वोच्च 30 हिटविकेट टीमों को चुना जाएगा, जो इस आकर्षक कैश पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इसकी टूर्नामेंट की घोषणा के साथ ही इसे बहुत ही प्रेरणाप्रद प्रतिक्रिया मिली और चयन प्रक्रिया में 30,000 से ज्यादा टीमों ने अपना पंजीकरण कराया। हिटविकेट वर्ल्ड चैंपियनशिप एकमात्र ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट है, जिसमें यूजर्स की प्रतिभागिता सभी स्तरों पर होगी। इसकी यह जनतांत्रिक प्रकृति एक विधिवत चुनाव प्रणाली द्वारा संभव हुई है, जिसमें यूजर्स किसी विशेष शहर से प्रबंधकों का चयन करने के लिए अपना वोट दे सकते हैं। साथ ही वो अपने द्वारा चुने गए शहर की टीम में खेलने के लिए खिलाड़ियों, यानि गेम के अंदर मौजूद किरदारों को चुन सकते हैं, और उन्हें पुरस्कार राशि में अपना हिस्सा जीतने का मौका दे सकते हैं।

इस टूर्नामेंट के अंतर्गत हिटविकेट ने श्रेणी के आधार पर पीवीपी प्रतिष्ठा प्रणाली पेश की है, जो अनेक खिलाड़ियों वाले मैचों में यूज़र्स को उनकी निपुणता के आधार पर श्रेणीबद्ध करती है। विभिन्न रैंक मैच की कठिन होती परिस्थितियों को संभालने के लिए यूज़र्स की कुशलता और क्षमता का प्रदर्शित करती हैं। पीवीपी प्रतिष्ठा प्रणाली यूजर्स को मल्टीप्लेयर मोड में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर देती है, ताकि वो लीडरबोर्ड में ऊपर की ओर बढ़ते रहें। वैश्विक रूझान को बदलते हुए इस बार टूर्नामेंट में ज्यादा महिलाओं ने रुचि प्रदर्शित की है, और इसके लिए 22 प्रतिशत पंजीकरण महिलाओं द्वारा मिले हैं। सबसे ज्यादा 37 प्रतिशत पंजीकरण चेन्नई और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों से कराए गए हैं, और उसके बाद दिल्ली, हैदराबाद और बैंगलोर से पंजीकरण कराए गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण में 18 प्रतिशत पंजीकरण इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और अन्य क्रिकेटप्रेमी देशों से कराए गए हैं।

**कार्यक्रम की सारणी एवं संरचना:** हिटविकेट वर्ल्ड चैंपियनशिप 23 मार्च, 2023 से 16 अप्रैल, 2023 तक जारी रहेगी, जिसमें भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, और पाकिस्तान की टीमें हिस्सा लेंगी। पुरस्कार राशि जीतने के लिए इन टीमों के बीच प्रतिदिन मैच खेले जाएंगे। इस ऑनलाईन टूर्नामेंट की लाईव स्ट्रीमिंग हिटविकेट यूट्यूब चैनल पर होगी। इन मैचों को चैनल पर उन दर्शकों के लिए संकलित करके भी रखा जाएगा, जो ये मैच बाद में देखना चाहते हैं

# सेक्टर-75 : दस सालों में ही मकान होने लगे जर्जर, समस्याएं अनेक

कविता। फरीदाबाद


सीलन और जर्जर हो चुके मकान की दीवार।


सीवरेज के खुले मैनहोल, इसमें बच्चे भी गिर सकते है।

**सेक्टर-75** स्थित क्यू ब्लॉक का हाल बेहाल है। यहां फ्लैट रहने वाले लोगों का कहना है कि 10 सालों में मकानों का सीमेंट तो क्या ईंटे भी झड़ने लगी है। वहीं बिल्डर द्वारा मैनटेनेंस चार्ज तो लिया जा रहा है, लेकिन सुविधाएं नहीं दी जा रही। बिजली की तारे भी यहां से वहां फैली पड़ी है। सीवरेज भी खुला है। जिससे किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

**समस्याएं अनेक :** आरडब्ल्यूए क्यू ब्लॉक की प्रधान सीमा ने बताया कि पिछले 10 सालों से लोगों को यहां परेशानियां हो रही है। बिल्डर ने मकान देते समय जो वायदे किए थे, वह अब तक पूरे नहीं हुए। यहां पार्क और अन्य सुविधाएं नहीं है। मीटरों से निकली नंगी तारें भी जमीन पर देखी जा रही है। जिससे किसी भी दिन हादसा हो सकता है।

**सीवरेज खुली :** विनिता ने बताया कि सीवरेज यहां खुली होने से पिछले दिनों बच्चों की खेलते हुए फुटबॉल इसमें जा गिरी। ऐसे में छोटे बच्चे भी इस खुले सीवरेज में गिर सकते हैं।

सीवरेज के खुले होने से बरसात के दिनों में यहां पानी सड़कों पर ओवरफ्लो हो जाता है। उन्हें गंदी बदबू का सामना करना पड़ता है।

**स्वयं कराते हैं मरम्मत :** मंजू ने बताया कि मकान खरीदने के कुछ समय बाद ही प्लास्टर झड़ने लगा था। उन्हें मकानों की रिपेयरिंग खुद करवानी पड़ रही है। रिपेयरिंग न करवाये तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पैसे देकर भी वे चैन से अपने सपनों के घर में नहीं रह पा रहे हैं।

**आवारा पशु :** नुपुर ने बताया कि सोसायटी में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ रहा है। यहां कुत्तों की संख्या काफी। कुत्ते इतने खतरनाक हैं कि यदि बाइक या स्कूटी बाहर खड़ी कर दी तो उस वाहन की सीट आपकों आधे से एक घंटे में ही फटी हुई मिलेगी। यहां बच्चों को भी आवारा पशुओं से खतरा बना रहता है।

**सड़के बदहाल :** रेखा मिश्रा ने बताया कि सड़कों की रिपेयरिंग भी पिछले दस सालों में नहीं करवाई गई है। सड़को पर यहां इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि पैदल चलना भी दुर्भर है। आरडब्ल्यूए की तरफ से ही सुरक्षा के प्रबंध किए गए है। इसके अलावा बिजली के मीटर के लिए लगे बॉक्स भी खुले पड़े है। जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद मेट्रो : बजट न मिलने से अभी है दूर की डगर : नीरज शर्मा

## नगर निगम फरीदाबाद को एनआईटी विधानसभा के लिए 100 करोड रू दिए जाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विधायक** नीरज शर्मा ने बजट सत्र पर बोलते हुए सरकार को कहा कि इस बजट में गुरूग्राम-फरीदाबाद मेट्रो के लिए एक रूपये भी नही दिया गया है। मुख्यमंत्री ने खुद घोषण की है कि फरीदाबाद-गुरूग्राम को मेट्रो रेल से जोडा जाएगा। फिर भी बजट में इसको नही रखा गया। विधायक नीरज शर्मा ने सरकार से मांग की कि सैन समाज कल्याण सभा फरीदाबाद को सरकार ने 1094 वगर्गज जमीन अलॉट करने के बदले एक करोड 64 लाख रुपये मांगे है समाज इतने पैसे एक साथ देने की स्थिति मे नही है। इसलिए सैन समाज को उपरोक्त जमीन मुफ्त दी जाए या फिर ब्याज मुक्त किस्तो में जमीन अलाट करे।

**ईबीपीजी नियुक्ति :** विधायक नीरज शर्मा मुख्यमंत्री को याद करवाया कि उनके द्वारा भगवान परशुराम महाकुंभ कार्यक्रम करनाल में 11 दिसंबर 2022 को 343 बच्चों की ज्वाईनिंग आश्वासन दिया था, जो अभी तक नही हुई। उनकी ज्वाईनिंग जल्द से जल्द करवाई जाएगी। ऐसा तोहफा नहीं चाहिए: विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि उन्हें उनके क्षेत्र के गांव पाली में कूड़ा निस्तारण या डंपिंग केंद्र नहीं चाहिए। क्योंकि सरकार क्षेत्र के विकास पर तो राशि खर्च कर नहीं है बल्कि बंधवाड़ी की तरह आबोहवा को और खराब करने पर तुली है।

**सोहना टांल रोड :** पर नियमो एंव शर्तो को पूरा करवाए सरकार। भष्टाचार पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में भष्टाचारियों के हौंसले इतने बुंलद है कि अब आईएएस अधिकारियों से रिश्वत मांगी जा रही है। आईएएस अधिकारी अनिता यादव से पैसे मांगने वाले अधिकारी की सारी बातचीत सदन में प्रस्तुत की।

नगर निगम फरीदाबाद में हुए 200 करोड़ के धोटाले पर सरकार को कहा कि सरकार सिर्फ घोटलों को दबाने के लिए लीपापोती कर रही है। शर्मा का कहना था कि सरकार को इन भष्टाचारियों पर बुलडोजर कानून लागू करना चाहिए। 200 करोड घोटाले में 31 करोड़ की जो पेमेंट एक ही दिन हुई उसको शामिल ही नही किया गया। एक वर्ष मुझे इसको जांच में शामिल करवाने में लग गया। तब जाकर इसको जांच में शामिल किया गया।

**एचएसआईडीसी अधिकारी की गिरफ्तारी:** विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि तीन-तीन बार भष्टाचार में सलिंप्त अधिकारी को बार-बार फरीदाबाद में लाता कौन है, सदन को जानकारी दी जाएं। सरकार कम से कम ऐसा तो कोई मापदंड तय करें कि जो अधिकारी जिस जिले में भष्टाचार में पकडा जाए, उसको उस जिले में ना लगाया जाएं।

**यह मांग की :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उनके क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानते हैं। क्योंकि उन्हें एनआइटी 86 की एक बेटी ने यह कहकर ट्वीट किया था कि उसकी शादी है और घर के आगे सीवरेज का पानी जमा है। ऐसे में सीएम के आदेश पर नगर निगम ने जाम सीवरेज खुलवाया। विधायक नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री से 100 करोड़ रुपये एनआईटी विधानसभा की सीवर की समस्या के समाधान को मांगे।

# एडमिशन में पीपीपी की अनिवार्यता के खिलाफ दायर की याचिका


इंडियन पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ( इपसा ) के चेयरमैन डा. विमल पाल, अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए साथ है डा. राजेश मदान, डा. अमित जैन व अन्य।

**फरीदाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूलों में एडमिशन के समय परिवार पहचान पत्र (पीपीपी)का अनिवार्यता के चलते आज इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने इसका विरोध करते हुए न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है। एसोसिएशन के चेयरमैन डा. विमल पाल, अध्यक्ष डा. प्रदीप गुप्ता, महासचिव व कोषाध्यक्ष डा. राजेश मदान व कानूनी सलाहकार डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने प्रैस वार्ता को बताया कि स्कूलों को पीपीपी के तहत टेक्निकल दिक्कत आएगी। हरियाणा सरकार की ओर से शिक्षा विभाग के द्वारा नए एडमिशन के लिए प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल पर पीपीपी को अपलोड करना अनिवार्य किया है।

प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा के स्कूलों में अप्रैल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। इस दौरान स्कूलों में नए एडमिशन भी किए जाएंगे। स्कूल प्रबंधन इस बार नए एडमिशन में पीपीपी को लेकर चिंतित हैं।

चेयरमैन डा. विमल पाल व अध्यक्ष डा. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि अब सरकार के एमआईएस पोर्टल पर नए छात्रों के पंजीकरण करने के लिए पारिवारिक आईडी का उपयोग करना होगा। इसमें कई तरह की खामियों के कारण प्रबंधन ने एडमिशन में परेशानी आ रही है। क्यों फरीदाबाद एक औद्योगिक नगरी है, जहां देश के विभिन्न राज्यों के मजदूर व मध्यम वर्गीय लोग रोजी-रोटी की तलाश में आता है। इन लोगों व उनके परिवार के अन्य सदस्यों का पीपीपी कार्ड नहीं है। एसोसिएशन के महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डा. राजेश मदान ने कहा कि शिक्षा विभाग के पोर्टल पर परिवार पहचान पत्र अपलोड करते समय ओटीपी जनरेट होता है। चूंकि ये ओटीपी अभिभावकों के रजिस्टर्ड नंबर पर आता है, यह नंबर एडमिशन के लिए उन्हें सांझा करना होता है, लेकिन अधिकांश पेरेंट्स साइबर धोखाधड़ी के कारण यह ओटीपी देने से इनकार करते हैं। इससे एडमिशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं।

# सीवी रमन के नोबेल पुरस्कार से जुड़े रोचक तथ्यों पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर एवं मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने 'भौतिकी में नोबेल पुरस्कार के लिए रमन की खोज की कहानी' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया, जिसे पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के पूर्व कुलपति प्रो अरुण कुमार आमंत्रित वक्ता रहे। उन्होंने सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की यात्रा और नोबेल पुरस्कार के लिए उनके दृढ़ संकल्प के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अपने व्याख्यान की शुरुआत सर जे.सी. बोस की वैज्ञानिक यात्रा और आधुनिक विज्ञान में उनके योगदान से की।

उन्होंने कहा कि जे.सी. बोस की रुचि केवल शोध में थी और उन्होंने इस वैज्ञानिक आविष्कार के पेटेंट या नोबेल पुरस्कार के लिए कभी दावा नहीं किया जबकि सीवी रमन ने नोबेल पुरस्कार के लिए दुनियाभर के वैज्ञानिकों को चुनौती दी। प्रो. ग्रोवर ने सी. वी. रमन के नोबेल पुरस्कार से जुड़े दिलचस्प तथ्यों को रखा।

उन्होंने कहा कि उन्हें अपने काम की गुणवत्ता पर भी बहुत भरोसा था और नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकन के लिए यूरोपीय और अमेरिकी वैज्ञानिकों से संपर्क करने में उन्होंने बिल्कुल संकोच नहीं किया।

कुलपति प्रो एस के तोमर ने प्रो. ग्रोवर द्वारा विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों को विद्यार्थियों के समक्ष रखने के लिए उनका धन्यवाद किया तथा विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भौतिकी विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## विक्रम संवत हमारी संस्कृति का आधार : नेहरू

**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि विक्रम संवत हमारी संस्कृति का आधार है। हमारा अतीत, वर्तमान और भविष्य इस गणना से जुड़ा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमारे लिए संकल्पों को सशक्त करने का पर्व है। नेहरू विक्रम संवत 2080 के उपलक्ष्य में आयोजित यज्ञ में आहुति देने के पश्चात संबोधित कर रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नव वर्ष का अभिनंदन किया गया। कुलपति राज नेहरू ने सभी प्रोफेसर, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को विक्रम संवत नव वर्ष और नवरात्रों की शुभकामनाएं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ ने भी सभी को नव संवत की बधाई दी। राज नेहरू ने शिक्षकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नव वर्ष हमारे लिए संकल्प की दृढ़ता का अवसर है। इस दिन हमारा नया पंचाग शुरू होता है और ज्योतिष की गणना के अनुसार लोक व्यवहार और धार्मिक अनुष्ठानों की तिथियां निर्धारित की जाती हैं।

# जेआरसी और ब्रिगेड द्वारा वन क्षेत्र में वृद्धि करने की अपील

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व वन दिवस के अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड एवम स्काउट्स गाइड्स द्वारा वन क्षेत्र में वृद्धि करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेआरसी और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यक्रम वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं । पेड़ वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए इस अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर वृक्षारोपण अभियानों जैसे वनों और पेड़ों से जुड़ी स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों को आयोजित करने के प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 13 मिलियन हेक्टेयर या 32 मिलियन एकड़ से भी अधिक वन नष्ट हो जाते हैं जो सामान्य रूप से इंग्लैंड के आकार का क्षेत्र है। जैसे वन जाते हैं वैसे ही पौधे और पशु प्रजातियां भी जाती हैं जिन्हें वे गले लगाते है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वन जलवायु परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वनों की कटाई का परिणाम दुनिया के कार्बन उत्सर्जन का 12 से 18 प्रतिशत होता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि स्वस्थ वन दुनिया के प्राथमिक कार्बन सिंक में से एक हैं। आज वन विश्व की तीस प्रतिशत से अधिक भूमि को कवर करते हैं और 60000 से अधिक वृक्ष प्रजातियों को सम्मिलित करते हैं, जिनमें से कई अभी तक अज्ञात हैं। वन विश्व के सब से अत्यधिक निर्धन व्यक्तियों के लिए भोजन, फाइबर, पानी और दवाएं प्रदान करते हैं जिनमें अद्वितीय संस्कृति वाले स्वदेशी लोग भी सम्मिलित हैं। विद्यालय में छात्र छात्राओं ने वन क्षेत्र बढ़ाने और समय समय पर विभिन्न अवसरों पर पेड़ लगाने, पेड़ों का अपनी संतान के समान पोषण करने एवम सभी जनों को जागरूक करते हुए परिवार में आने वाले प्रत्येक शुभ अवसर पर पौधरोपण करने की प्रार्थना की।

## महिला खेल प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**फरीदाबाद।** खेल विभाग, हरियाणा के आदेशानुसार जिला खेल विभाग, फ रीदाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता (18 वर्ष तक तथा 18 वर्ष से ऊपर) का आयोजन किया गया। यह महिला खेल प्रतियोगिता सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में कराई गई। इस प्रतियोगिता मे कुश्ती-18 वर्ष तक, एथलैटिकस-18 वर्ष तक तथा 18 वर्ष से ऊपर, हॉकी-18 वर्ष तक, फुटबाल-18 वर्ष से ऊपर तथा तीरंदाजी-18 वर्ष तथा 18 वर्ष से ऊपर के आयुवर्ग मे खेल करवाये गये जिसमे लगभग 400 खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुमन भांखर, एच.सी.एस. मुख्य कार्यकारी अधिकारी-जिला परिषद तथा डी.आर.डी.ए. फ रीदाबाद तथा समापन पर अपराजिता, आईएएस अतिरिक्त उपायुक्त, फरीदाबाद द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरण किया गया।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : डीसी

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें दिन रात पेट्रोलिंग कर करें पुख्ता निगरानी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


डीसी विक्रम सिंह समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

**डीसी** विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गण सख्ती से पेश आएं और इस कार्य की नियमित तौर टीमें निगरानी के लिए गस्त कर समीक्षा करें। साथ ही उसकी प्रगति रिपोर्ट भी डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करें।

डीसी विक्रम सिंह आज मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला फरीदाबाद में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों या सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही के साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। जिला फरीदाबाद यमुना क्षेत्र में और अवैध क्रेशर जोन को अवैध खनन बंद करवाए। डीसी विक्रम सिंह ने विभाग वार बैठक में माह मार्च, 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा भी की। वहीं जिला में अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की गई और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील गांवों के संबंध में समीक्षा कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम ने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा की गई।

# आंकड़ों की बाजीगरी से गुमराह कर रही सरकार : डा. सुशील गुप्ता

## करोड़ों के घोटालों ने फरीदाबाद को विकास के मामले में किया पीछेः डा. तंवर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राज्यसभा** सांसद एवं आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रभारी डा. सुशील गुप्ता ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश सामाजिक न्याय में सबसे पीछे है, जबकि बेरोजगारी में सबसे आगे, विधानसभा में फिलहाल बजट पर चर्चा हो रही है, लेकिन सरकार आंकड़ों की बाजीगरी करके लोगों को गुमराह कर रही है। डा. सुशील गुप्ता मंगलवार को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित राजेंद्र शर्मा के बाटा चौक स्थित कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश के वरिष्ठ आप नेता डा. अशोक तंवर, राकेश भड़ाना, हरेंद्र भाटी, विनोद भाटी, प्रवेश मेहता आदि मौजूद थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि बजट में गांव व शहरी विकास के टाउन कंट्री विभाग के लिए एक हजार करोड़ का लक्ष्य रखा, लेकिन एक प्रतिशत भी खर्च नहीं हुआ, गांवों में विकास तक नहीं हुआ वहीं ग्रामीण विकास के लिए सरकार ने 180 करोड़ का बजट रखा, लेकिन छह प्रतिशत ही खर्च हो पाया, 94 प्रतिशत लेप्स हो गया। पशुपालन की बात करें तो इस पर सरकार ने 160 करोड़ से बजट घटाकर 92 करोड़ किया, लेकिन फिर भी मात्र 8.40 प्रतिशत ही खर्च पाई। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में पंच-सरपंच धरने पर बैठे है और सरकार उनके अधिकारों का हनन कर उन पर लाठीचार्ज कर रही है, पंच-सरपंचों के लिए 2420 करोड़ बजट में खर्च करना दिखा गया, लेकिन 15 प्रतिशत ही खर्च हो पाया। किसानों के विकास के लिए 35 करोड़ का प्रावधान रखा, लेकिन 20 प्रतिशत ही खर्च हो पया 80 प्रतिशत वापिस हो गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक दृष्टि से हरियाणा देश का आखिरी राज्य है, यह भारत सरकार के सर्वे में खुलासा हुआ है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आप नेता डा. अशोक तंवर ने कहा कि हाल ही में बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलें तबाह हुई है, सरकार कहती है, पोर्टल पर चढ़वाओ, लेकिन पोर्टल खराब रहते है, इतना डिजिटल इंडिया पूरी तरह से फेल है, चाहे देश की बात हो या हरियाणा की।

# संक्षिप्त समाचार

## बाइक समेत खुले नाले में गिरा युवक


नाले से बाइक निकलते हुए लोग।

**फरीदाबाद।** पर्वतीय कालोनी में 60 फीट रोड के अंत में मंगलवार सुबह फिर एक टूटी पुलिया के कारण खुले नाले में बाइक समेत गिर गया और डूब गया। समय रहते आसपास के दुकानदारों व वहां से गुजर रहे विधार्थियों ने आनन-फानन में पहले युवक को व फिर बाइक को नाले से बाहर निकाला वर्ना जरा भी देर होने पर जान जा सकती थी। समाजसेवी अधिवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण जवाहर कालोनी व पर्वतीय कालोनी के निवासी कई सालों तक नरक झेल रहे हैं। कुछ माह पहले 60 फीट रोड पर जलभराव की समस्या के निदान के लिए सड़क की लेवलिंग का कार्य विधायक द्वारा आरंभ कराया गया था, जो अभी तक अधूरा पड़ा है। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर गुजर रहे नालों को पहले लेंटर से ढक दिया गया था। बाद में उस लेंटर को तुड़वा कर नालों पर स्लैब डलवाने का कार्य आरंभ करवा दिया गया था। परंतु आज नालों पर ना तो लेंटर ही रहा और ना ही स्लैब डाली गई। कई बार निगम अधिकारियों, स्थानीय पार्षद व विधायक के संज्ञान में 60 फीट रोड एंड की पुलिया का मुद्दा लाया गया है। लगता है वे किसी गंभीर हादसे का इंतज़ार कर रहे है।

## रात भर पानी की होदी में पड़ा रहा युवक



**फरीदाबाद।** जाको राखे साईयां मार सके न कोई, ऐसा ही यहां पाली क्रेशर जोन में देखने को मिला। जहां रातभर आठ फीट गहरी होदी में गिरे रहने के बाद भी एक युवक जिंदा बाहर निकला। लेकिन उसकी कमर और शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोट लग गई। राकेश ने बताया कि बीती रात वह करीब आठ से दस फीट गहरी होदी में जा गिरा। जहां से उसे सुबह निकाला गया। राकेश के दोस्त अमर सिंह ने बताया कि शाम को करीब पांच-छह बजे बरसात के कारण अंधेरा होने पर वह कीचड़ के कारण होदी में पैर फिसलने के कारण गिर गया। वहां बरसात के कारण कोई नहीं गया। जिस कारण शाम से रात तक राकेश वहीं गिरा रहा। सुबह होने पर करीब 10 बजे के आसपास अन्य लोग काम पर पहुंचे, तब उसका पता चला। जिस पर उसे किसी तरह से निकाल कर अस्पताल में पहुंचाया। जहां उसका इलाज शुरू करवाया गया। राकेश को कमर, पैर समेत कई जगह चोट आई है।

## कोरोना के दो दिन में 12 नए मामले आए सामने

**फरीदाबाद।** शहर में एक बार फिर ठंड बढ़ने के साथ ही कोरोना के मामलों में वृद्धि होनी शुरू हो गई है। पिछले दो दिनों से लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। जहां एक तरफ सोमवार को चार नए मामले सामने आए। वहीं मंगलवार को जिले में आठ नए मामलों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से की गई है। जिससे जिले में कोरोना के संक्रमित मामलों की संख्या 15 पर पहुंच गई है। वहीं चिकित्सकों ने दो दिनों से बढ़ रहे मामलों को मौसम में आए बदलाव को बताया है। उन्होंने कहा है कि लोगों को कोरोना से बचाव के नियम अपनाने चाहिए। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए कोविड-19 के आंकड़ों में एक मरीज ठीक भी हुआ है। शेष पॉजिटिव मरीजों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। जिले में मंगलवार को 111 सैंपल लिए गए। जिनकी रिपोर्ट आनी शेष है।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने ली जिले की जानकारी



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एम. वेंकटेशन ने विडियो कांफ्रेंस के जरिये फरीदाबाद की जानकारी ली। वहीं एडीसी अपराजिता ने की फरीदाबाद में आई शिकायतों की मॉनिटरिंग करके राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के समक्ष विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एम. वेंकटेशन ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर और अधिकारियों को उन्हें सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दी जाने वाली हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाने के आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों को के सम्बन्ध में कार्यशैली को और भी बेहतर करने के दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सफाई भगवान का स्वरूप माना जाता है। इसलिए सफाई कर्मचारियों को भी किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में एमसीएफ सहित राष्ट्रीय सफाई कर्मचारियों आयोग से जुड़ी शिकायतों से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एसीपी ने लोगों की समस्याएं सुन किया समाधान



**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेश अनुसार, विकास अरोड़ा पुलिस आयुक्त ने सभी अधिकारियों जनसुनवाई के निर्देश दिए थे, जिसके अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एसीपी बल्लबगढ ने मंगलवार को थाना सेक्टर-8 के कार्यालय में जनसुनवाई की जिसमें काफी समय से लम्बित चल रहे मामलो में आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसमें लडाई-झगडे, दुष्कर्म और जुआ इत्यादि के मामले शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि प्रत्येक थाना चौकी, एसीपी,डीसीपी व साथ ही सीपी ऑफिस में 12.00 बजे से 1.00 बजे तक सोमवार से शुक्रवार को जनसुनवाई की जाती है। जिसमें लोगों की स्मस्या सुन कर उनका निवारण किया जाता है। पुलिस आयुक्त ने पुलिस अधिकारियों को जनसुनवाई के निर्देश दिए थे। एसीपी बल्लबगढ मुनीश सहगल ने अपने क्षेत्र में लम्बित चल रहे मामलों को देखते हुए सभी थाना व चौकी प्रभारियो की बैठक ली जिसके साथ जन सुनवाई भी की गई, जन सुनवाई में लोगो की स्मस्यों को सुन कर उनका निवारण किया गया जिसमें लडाई-झगडे, दुष्कर्म और जुआ इत्यादि के मामलो की सुनवाई की गई । साथ ही थाना व चौकी प्रभारियो लम्बित चल रहे मामलो में तुरंत कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए है।

## ऑटो चालक से झपटमारी करने वाले दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बता दें कि 15 मार्च को गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड़ मंगार के पास ऑटो चालक के साथ हुई स्नैचिंग के मामले में पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा व डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए तुरंत कार्रवाई के निर्देश के तहत एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपयो को मात्र 48 घंटे में गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में इकलाख और दीपक का नाम शामिल है। आरोपी इकलाख फरीदाबाद के गांव धौज का तथा आरोपी दीपक मूल रुप से रेवाडी जिले के गांव संगी का हाल गुरुग्राम के अम्बेडकर नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से थाना धौज के स्नैचिंग के मामले में गांव कुरेशीपुर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे करने के आदि हैं नशे की पूर्ति के लिए स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 मार्च, 2023



# किशिदा की भारत यात्रा

## महत्वपूर्ण अवसर

**जापानी** प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की भारत यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सोमवार को हुई किशिदा की नई दिल्ली यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है जिसके अनेक आयाम हैं। इसके साथ ही यह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बड़े सहयोगियों के लिए महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि पहले के किसी भी समय की तुलना में आज लोकतंत्र मजबूती से एक दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। दोनों देशों के बीच अनेक मुद्दों पर बातचीत हो रही है जिनका विस्तार रक्षा और सुरक्षा से लेकर व्यापार, निवेश व तकनीक तक है। शांतिपूर्ण, स्थिर व समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझीदारी को और विस्तार देने की प्रतिज्ञा की। इस शताब्दी में भारत-जापान द्विपक्षीय संबंध गहरे और व्यापक हुए हैं। 2000 में ये 'वैश्विक साझेदारी' से बढ़ कर 2006 में 'रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तथा 2014 में 'विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तक पहुंचे। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह सुखद संयोग है कि भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता संभालने के समय ही जापान जी7 देशों की अध्यक्षता संभाल रहा है। उल्लेखनीय है कि जापानी प्रधानमंत्री दुनिया के गरीब और अमीर देशों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में जापानी संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने 'वैश्विक दक्षिण' शब्दों को पुनर्जीवित किया। यह अवधारणा गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समर्थकों को बहुत पसंद थी जो उत्तर-दक्षिण टकराव को व्यक्त करती थी। हालांकि, जापानी प्रधानमंत्री ने भले ही इस अवधारणा को पुनर्जीवित किया हो, पर उन्होंने गुट-निरपेक्ष भावना से इसे नहीं जोड़ा है। इससे गुट-निरपेक्ष आंदोलन के समर्थक भले ही खुश न हों, पर फुकुदा संभवत: अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नेहरूवादी सिद्धान्तों के पैरोकार नहीं हैं। वे गरीब देशों के ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता की तरह अमीर देशों के खिलाफ संघर्ष नहीं करना चाहते हैं क्योंकि वास्तव में वे स्वयं अमीर देश से हैं। वे सभी अमीर व गरीब देशों को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पक्ष में एकजुट करना चाहते हैं।



फुमियो किशिदा स्वर्गीय प्रधानमंत्री शिंजो आबे की विदेश नीति का अनुसरण कर रहे हैं जिसे 'व्यापक राजनय' कहा जाता है। आधिकारिक रूप से इसे परिभाषित करते हुए ऐसी 'राजनय कहा जाता है जो वैश्विक परिस्थितियों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाती है।' वे दिन बीत गए जब टोकियो को 'शांतिवादी' कहा जाता था। लगभग चौथाई शताब्दी पहले जब भारत ने नाभिकीय विस्फोट किए थे तब टोकियो ने नई दिल्ली की निन्दा की थी। लेकिन आज जापान चीन से टकराव के कारण अंतत: भारत का सहयोगी है तथा स्वयं को हथियारों से लैस कर रहा है। क्वाड को मजबूत करने में जापान की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री किशिदा के बीच 2022 में तीन बार मुलाकात हुई। दोनों एशियाई लोकतंत्रों के बीच रक्षा व सुरक्षा सहयोग के साथ ही व्यापार भी बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार 20.75 बिलियन डालर था जो अब तक का सर्वाधिक है। दोनों देशों ने 2011 में समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-सीपा पर हस्ताक्षर किए थे। अब दोनों पक्ष सेमीकंडक्टरों व अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों की विश्वसनीय सप्लाई श्रृंखलाओं पर जोर दे रहे हैं। एक साल पहले जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने वादा किया था कि अगले पांच साल में वे भारत में 320,000 करोड़ निवेश करेंगे। समय आ गया है कि हम पुराने वादों को पूरा करें तथा और नए वादे करें। यह बात भारत व जापान, दोनों पर लागू होती है।

# मुद्रास्फीति प्रबंधन हेतु बदलाव

**भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी की बैठक अप्रैल के प्रथम सप्ताह में होगी। हितधारकों को आशा है कि यह हालिया वैश्विक अनुभवों से सबक लेगी।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वियतनाम ऐसा पहला देश है जिसने नीतिगत दरें तय करने के मामले में विश्व समुदाय से अलग रास्ता अपनाया। वियतनाम के केन्द्रीय बैंक ने बेंचमार्क ब्याज दरों में कटौती कर दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों को आश्चर्यचकित किया। पूर्वी एशियाई देश इस तथ्य से चिन्तित था कि आंखें बंद कर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रास्ते पर चल कर ब्याज दरें बढ़ाने से उसकी अर्थव्यवस्था में निश्चित रूप से गिरावट आएगी। ब्याज दरें बढ़ाने के मामले में यूरोप कट्टरपंथी रास्ता अपना रहा है और उसने पिछले सप्ताह इनमें 50 बेसिक प्वाइंट की वृद्धि की। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जीरोम पावेल की उनके देश के भीतर ही व्यापक निन्दा हुई। उन पर आरोप है कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गहरी मंदी की ओर धकेल रहे हैं। वे इस तथ्य के बावजूद उच्च ब्याज दरों के पक्ष में हैं कि कुछ सदस्यों ने इन कट्टरपंथी उपायों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क किया है। कुछ ही दिनों के भीतर अमेरिका के तीन बैंक घुटने टेक चुके हैं जिनमें से एक केवल 48 घंटे के भीतर ध्वस्त हो गया। अमेरिका और यूरोप के बैंक आज उच्च ब्याज दरों के मामले में अर्थशास्त्रियों द्वारा व्यक्त गंभीर आशंकाओं का सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक-एमपीसी अप्रैल के पहले सप्ताह में होने जा रही है। चिन्तित हितधारक बहुत गहरी चिन्ता और जिज्ञासा के साथ इस बैठक पर अपनी नजरें लगाए हैं कि क्या उसने कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाने के हालिया वैश्विक अनुभवों से कुछ सबक सीखे हैं।

मुद्रास्फीति निश्चित ही चिन्ता का विषय है। बेलगाम मुद्रास्फीति से गरीब सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए यह व्यापक व असंदिग्ध समझदारी है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना आरबीआई व सरकार की नीतिगत जिम्मेदारी है। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उच्च ब्याज दरें अर्थव्यवस्था के लिए आत्मघाती हो सकती हैं क्योंकि इसके अनेक आयाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में ज्यादा प्रभावी नहीं होते हैं, जबकि इसका आर्थिक वृद्धि पर ज्यादा हानिकारक प्रभाव होता है। उच्च ब्याज दरों से पूंजी का पलायन होता है जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है, जबकि मुद्राओं पर दबाव पड़ने से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हो सकता है। अनेक अध्ययनों व रिपोर्टों ने गौर किया है कि कर्ज पर दबाव से छोटे बिजनेसों व कम आय वाले परिवारों को नुकसान होता है। वे ब्याज दरों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं ओर दरें अधिक होने पर कर्ज का भुगतान जोखिम में फंस जाता है। इसके साथ ही स्वाभाविक रूप से आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दर से धक्का लगता है क्योंकि अर्थव्यवस्था में निजी निवेश व निजी उपभोग पीछे धकेल दिया जाता है। इसके साथ ही ब्याज दरें बढ़ाने से मुद्रास्फीति के मूल कारण दूर नहीं होते हैं। इसके अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें मुद्रा सप्लाई में वृद्धि, उत्पादन की अधिक लागत या उपभोक्ताओं की मांग में बदलाव शामिल हैं। उदाहरण के लिए, भारत में अनाजों की अधिक कीमत मुद्रास्फीति बढ़ा रही है।

वास्तव में मुख्य मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत के ऊपर बनी हुई है। लेकिन अनाजों और फलों की कीमतें मुद्रास्फीति प्रबंधन में समस्यायें पैदा कर रही हैं। वास्तव में भारत को निजी पूंजी के साथ मिल कर फसल-पश्चात प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए ताकि अनाजों, फलों व सब्जियों के दाम बहुत अधिक बढ़ कर मुद्रास्फीति न बढ़ाने पाएं। इसलिए नीतिनिर्माताओं को लक्षित हस्तक्षेप कर मुद्रास्फीति के विशिष्ट संचालकों को संबोधित करना चाहिए। सरकार ने भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को खुले बाजार में गेंहूं की नीलामी का आदेश देकर अच्छा काम किया है। गेंहूं भंडार की चार दौर की नीलामी के बाद गेंहूं के दामों में कमी आई है। पिछले कुछ दिनों में इसमें काफी कमी आई है। ऐसे हस्तक्षेपों से मूल्य नियंत्रण के मुख्य संचालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो मुद्रास्फीति के जिम्मेदार हैं। केन्द्र द्वारा खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण फंड बनाया गया है, इसका समुचित उपयोग होना चाहिए। बाजार संबंधी जानकारी के प्रभावी उपयोग के साथ राज्य सरकारों को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। मूल्य स्थिरीकरण में बेहतर प्रदर्श करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था पर विचार होना चाहिए।

सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी समेत बैंकों की विफलताओं के अनेक कारणों में उच्च ब्याज दरों की प्रमुख भूमिका है क्योंकि इसे बनाए रखना कठिन है और यह विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। तेज वृद्धि के लालच में बैंक उच्च ब्याज दरों पर जमाकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन इससे मुख्यत: ब्याज दरों में दिलचस्पी रखने वाले ग्राहक प्रभावित होते हैं और जोखिम वाली व अस्थिर जमा का खतरा पैदा होता है। इसके कारण बैंक 'हाट मनी' के बंधक बन जाते हैं जो दबाव के पहले संकेत मिलते ही उड़नछू हो जाती है। अमेरिका में सिलिकान वैली बैंक व अन्य क्षेत्रीय बैंकों के मामले में यही हुआ है। वैसे हर दृष्टिकोण से रिजर्व बैंक आफ इंडिया इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति दर को लक्षित 5.7 प्रतिशत पर लाने में विफल रहा है। यह केवल तभी संभव है जब वित्त वर्ष के आखिरी महीने में मुद्रास्फीति में 230 प्वाइंट से अधिक कमी आए। ऐसे में आरबीआई को स्पष्ट करना चाहिए कि वह मुद्रास्फीति प्रबंधन में विफल क्यों रहा जिसका आदेश उसे संसद ने दिया है।

हम जानते हैं कि एमपीसी के कुछ सदस्यों ने पिछली बैठक में रेपो दर में वृद्धि का विरोध किया था। इसलिए अच्छा होगा कि ताजा वैश्विक घटनाओं को देखते हुए आरबीआई अपने रास्ते में सुधार करे। हितधारक चाहते हैं कि ब्याज दरों में वृद्धि की प्रवृत्ति पर फौरन विराम लगाया जाए। वर्तमान स्थितियों में ब्याज दरों में कटौती की मांग भी उचित है। यह तथ्य भी है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत ने मुद्रा छापने का रास्ता नहीं अपनाया जिससे बाजारों में इतनी नकदी नहीं बढ़ी जिसे वापस लेने की आवश्यकता हो। वास्तव में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक संकट से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर मुद्रा छापी। उनके लिए मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए बाजारों से अतिरिक्त नकदी हटाना जरूरी हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से भारत के मामले में ऐसा नहीं है।

लेकिन यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भारत को आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकारों द्वारा आनन-फानन में अपनाये दृष्टिकोणों का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संपग सरकार ने ठीक यही काम किया था। 2008 के वैश्विक संकट के समय आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने जनता के हाथों में पैसा देने का आसान रास्ता अपनाया। इसके कारण संप्रग सरकार के बचे कार्यकाल में मुद्रास्फीति दो अंकों में पहुंच गई। नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में देश की जिम्मेदारी संभालने के बाद ही केन्द्र सरकार समझदारी से नीति निर्माण के कारण बेलगाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में सफल हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल भारत को 'एल नीनो' प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है।

इसके कारण मौसम पैटर्न में बदलाव की आशंका है जिसका असर अनेक चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। इसे देखते हुए आरबीआई को मुद्रास्फीति प्रबंधन प्रक्रिया में व्यापक सहभागिता पर जोर देना चाहिए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के अनेक समाधान केन्द्र व राज्य सरकार की कार्रवाइयों पर निर्भर करते हैं। यह तथ्य अच्छी तरह समझा जाना चाहिए कि 'खांचों' में बंद होकर किसी समस्या के समाधान हेतु काम करने का भारत को अतीत में भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खांचों में बंद होकर काम करने के बजाय समस्या पर समग्रता से विचार करेगा।

# मूसेवाला के पिता ने दिया योगी को सर्वोच्च प्रमाणपत्र

> योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं।



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

किसी पिता को अपने बेटे की नृशंस हत्या की पहली बरसी पर जब किसी दूसरे राज्य का मुख्यमंत्री याद आए तो इसके गहरे निहितार्थ होते हैं। यह उस मुख्यमंत्री के उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऐसा प्रमाणपत्र है जिसकी सत्यनिष्ठा हर प्रकार के संदेह, राजनीतिक व सामाजिक दुराग्रहों से परे है।

जी हां बात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हो रही है जिनकी हत्या की पहली बरसी पर उनके पिता बलकौर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उन्मुक्त कंठ से भूरि भूरि प्रशंसा की। खास बात यह है कि योगी की प्रशंसा उनकी या उनके दल की राजनीतिक विचारधारा पर आधारित या आश्रित न होकर विशुद्ध उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण की उत्कृष्टता को दिया गया प्रमाणपत्र था।

उल्लेखनीय है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला पंजाब में कांग्रेस के टिकट पर बीत विधानसभा चुनाव लड़े थे और उसके कुछ दिन बाद ही फिल्मी स्टाइल में उनकी हत्या कर दी गयी थी। सोमवार उनकी हत्या को की पहली बरसी थी लेकिन उनके पिता बलकौर सिंह को मलाल है कि उनके दिवंगत बेटे को भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार में न्याय नहीं मिला।

मूसेवाला के पिता ने कहा कि माफिया व गैंगस्टर मेरे घर में घुस गए लेकिन पंजाब सरकार कुछ कर न सकी। मुझे आज यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ याद आ रहे हैं जिन्होंने यूपी को गैंगस्टर व माफिया से मुक्त किया है। लोकसभा चुनाव में आप सीएम योगी को वोट देने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अगर योगी पंजाब के सीएम होते तो उनके बेटे की हत्या न होती।



बीते साल प्रचंड बहुमत से पंजाब में सरकार बनाने के बाद से ही भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे पर विरोधियों के निशाने पर है। पाकिस्तान की सीमा से जुड़ा राज्य होने के कारण पंजाब की चुनौतियां भी अलग व विषम किस्म की हैं। भगवंत मान सरकार पर यह भी आरोप है कि खालिस्तान आंदोलन के सर्मथकों के प्रति उसका रवैया लचर है और हाल ही में सुर्खियों में आए अलगाववाद समर्थक अमृतपाल सिंह मामले से इसे देखा व समझा जा सकता है। मूसेवाला के पिता के उपरोक्त कथन को महज भावनात्मक अभिव्यक्ति कहकर काम नहीं चलाया जा सकता। यह तो दरअसल आईना है जो बलकौर सिंह ने योगी आदित्यनाथ के उन विरोधियों को दिखाया है जो किसी न किसी आधार पर योगी की अपराध जगत के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का विरोध करते हैं। दरअसल ऐसे तत्व मेरिट पर बात करते ही नहीं। उन्हें तो योगी की आलोचना करने की लत लग गयी है।

कभी कहा जाता है कि योगी का अभियान किसी समुदाय विशेष के विरुद्ध है तो कभी उसके लिए बेबुनियाद जातीय आवरण का सहारा लिया जाता है लेकिन कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के योगी के प्रयासों पर जनता की मुहर 2022 में तभी लग गयी थी जब जनता ने उन्हें दोबारा प्रदेश की सत्ता सौंप दी थी। मूसेवाला के पिता का दृष्टिकोण तो योगी की कार्यशैली (कुछ लोग बुलडोजर संस्कृति भी कहते हैं ) को और व्यापकता और स्वीकार्यता ही प्रदान करता है।

दिलचस्प बात यह भी है कि बात-बात पर-संविधान खतरे में है- की दुहाई देने वाले योगी सरकार की कथित बुलडोजर नीति के खिलाफ अदालत से भी उस तत्परता से न्याय नहीं मांग रहे जैसा वह अन्य मामलों में करते हैं। ऐसा नहीं है कि इस सिलसिले में कोशिश ही न हुई हो लेकिन शुरुआत में जो इक्के दुक्के प्रयास हुए उनमें अपेक्षित सफलता न मिल पाने के कारण योगी विरोधियों का उत्साह ठंडा पड़ गया या उन्हें यह अहसास होता गया कि मेरिट के आधार पद उनका केस कमजोर है।

बलकौर सिंह का राजनीतिक रूप से भाजपा या योगी से कोई सम्बंध नहीं है। इसके विपरीत उनका ताल्लुक कांग्रेस से है लेकिन योगी के प्रति उनके विचार यह स्थापित करते है सत्ता संचालन के प्रशासनिक दृष्टिकोण का राजनीतिक विचारधारा से न कोई सम्बंध होता है और न होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं। और योगी के लिए दुष्टों के खिलाफ उनकी नीति की सफलता का यह सर्वोच्च प्रमाणपत्र है।

## आप की बात

### भारतीय नव वर्ष

**आज** से वर्ष प्रतिपदा 2080 प्रारंभ हो रहा है। इसको चाहे भारतीय नव वर्ष कहें या हिंदू नव वर्ष हमारी सांस्कृतिक व मान्यताओं के अनुरूप ये हमारा नव वर्ष है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनुसार हम अंग्रेज़ी कैलेंडर से सत्तावन वर्ष आगे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार तरह तरह की काल-गणनाएँ हैं, परंतु भारतीय नव वर्ष वैज्ञानिक दृष्टि से भी उच्चतम काल धारणाओं में आता है। हमारा नव वर्ष जब शुरू होता है तो ऋतु में भी परिवर्तन आता है सर्दियाँ जा रही होती है व बसंत का आगमन हो रहा होता है, पेड़ों पर नयी पत्तियां व पौधों पर नई कोंपलें आती है। एक तरह से पूरी प्रकृति ही नई हो जाती है। इस दिन कई ऐतिहासिक घटनाएँ व कई महापुरुषों का जन्म हुआ। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, महाभारत युद्ध के बाद इसी दिन धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक, स्वामी दयानन्द द्वारा आर्य समाज की स्थापना, आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार का जन्मदिन, सिक्खों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का अवतरण और इसी दिन देवी दुर्गा की आराधना का नवरात्रि महापर्व प्रारंभ होता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। अत: हमें इस नव वर्ष को श्रद्धा व धूमधाम से मनाना चाहिए।

**पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

### जल संरक्षण

**जैसे-जैसे** जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है वैसे-वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। जल संरक्षण बढ़ाने व प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। खेती की सफलता भी पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी जिसका मुख्य उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन नल से 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। इसके अंतर्गत अब तक साढ़े पांच करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जल संरक्षण के लिए हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है।

**सत्यवान सौरभ,** भिवानी


### विपक्षी खींचतान

**अगले** आम चुनावों में 1 वर्ष से भी कम का अरसा रह गया है और कई राज्यों के चुनाव भी उससे पूर्व होने वाले हैं! भाजपा के खिलाफ विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। सब अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग बजा रहे हैं। हर दल का मुखिया खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार समझता है। इस एकजुटता के प्रयास में कांग्रेस राहुल को आगे करना चाहती है, लेकिन अन्य दल इसके लिए तैयार नहीं हैं। ममता बनर्जी ने तो खुलकर कांग्रेसव राहुल की आलोचना की है। उधर अखिलेश-ममता मुलाकात भी बता रही है कि वह बिना कांग्रेस के ही विपक्षी मोर्चा बनाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार भी संशय की स्थिति में हैं और समझ रहे हैं कि बिना गठजोड़ के शायद वो बिहार को भी नहीं बचा सकेंगे। उधर मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई नए मानक स्थापित किए हैं। आम जनता के मन में हर बात की छवि बनती है और यही वोटों में बदलती है। मोदी सबसे आगे हैं। विपक्षी खींचतान के चलते भाजपा इस बार पिछली बार से भी ज्यादा सीटें पा सकती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**युवक** एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आपसी सौहार्द व समन्वय का एक बेहतरीन केंद्र बना सकते हैं।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**संसद** किसी भी अन्य संस्था की तरह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 में निहित प्राकृतिक न्याय के नियमों से बंधी है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**दिल्ली** सरकार काम करना चाहती है लड़ाई नहीं। लड़ाई किसी के काम नहीं आती।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# शीघ्र ही 500 से अधिक खिलाड़ियों को नौकरी देने जा रही सरकार

● खेलकूद किसी भी देश के सामर्थ्य व कौशल को प्रदर्शित करने का माध्यमः योगी

## मुख्यमंत्री ने किया 71वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर चैम्पियनशिप का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 35वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित 71वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर चैम्पियनशिप 2022-23 का उदघाटन करते हुए कहा कि किसी भी अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता या राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल या उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार शीघ्र ही 500 से अधिक खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने जा रही है।



सीएम ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विगत 9 वर्षों में सभी ने देश में खेल संस्कृति को बढ़ते हुए देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज भारत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा और कौशल का परिचय दे रहा है। इसी प्रकार विभिन्न राज्य देश के अन्दर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा और कौशल का परिचय दे रहे हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन सशस्त्र सीमा बल द्वारा किया जा रहा है। चैम्पियनशिप में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों एवं केन्द्रीय पुलिस बलों के जवानों द्वारा मार्चपास्ट किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विगत 20 से 22 वर्षों के दौरान भारत-नेपाल तथा भारत-भूटान सीमा पर सशस्त्र सीमा बल की कार्य पद्धति को नजदीक से देखा है। इन सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्य करते हुए सशस्त्र सीमा बल ने राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अपनी जिम्मेदारियों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन किया है। सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के साथ जिस सहृदयता तथा संवेदनशीलता के साथ सशस्त्र सीमा बल द्वारा कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। उत्तर प्रदेश की 560 किलोमीटर लम्बी सीमा मित्र राष्ट्र नेपाल से जुड़ी हुई है। सशस्त्र सीमा बल वहां पर उत्तर प्रदेश पुलिस बल के साथ बेहतर समन्वय बनाने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज खेलकूद की गतिविधियों में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में अनेक कदम बढ़ाएं हैं। वर्तमान में हर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। संसदीय क्षेत्रों में होने वाली इन प्रतियोगिताओ में 2 हजार से ढाई हजार खिलाड़ी अलग-अलग प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के साथ जुड़ते हैं। खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार, विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं तथा सामाजिक संस्थाओं के स्तर पर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के साथ मिलकर सभी ग्राम पंचायतों में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने की कार्यवाही कर रही है। सभी गांवों में खेल भावना तथा रचनात्मकता पैदा करने तथा आपसी रागद्वेष से मुक्त होकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के विकास की दृष्टि से इन कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान, ओपेन जिम का निर्माण, विकासखण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम, जनपद स्तर पर स्टेडियम का निर्माण एवं प्रदेश में खेल विवि का निर्माण हो रहा है। योगी ने कहा कि यह पुलिस बल की ताकत होनी चाहिए कि जब देश में या विभिन्न राज्यों में कानून व्यवस्था पर संकट आयेगा, तो पुलिस बल सुरक्षा प्रदान करते हुए कानून व्यवस्था की स्थापना करेंगे। केन्द्रीय पुलिस बल उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। साथ ही शान्तिपूर्ण स्थितियों में अपनी शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए कार्य करेंग।

## राज्यपाल व सीएम ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत्-2080 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है।

राज्यपाल ने कहा कि लोक जीवन में उल्लास भरने वाले ये उत्सव हमें सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के सूत्र में पिरोते हैं। उन्होंने कामना की है कि ये त्यौहार सभी के जीवन में सुख.समृद्धि लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चैत्र नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्र से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है। इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। सीएम ने कहा कि सृजनात्मक ऊर्जा की आराधना का पर्व नवरात्रिए समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

## डीजीपी ने पेंशनर्स कल्याण संस्थान कक्ष का किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप्र पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान के महासचिव आरके चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, सचिव प्रथम श्यामपाल सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक, सचिव द्वितीय महेन्द्र त्रिपाठी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी, रिटायर्ड पुलिसकर्मी व अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक उप्र के जीएसओ एंव पीएचक्यू के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन स्कीम के लिए सड़क पर उतरे कर्मचारी

● जिला मुख्यालयों पर किया प्रदर्शन

## बहाली को लेकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी, शिक्षक एकजुट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** कर्मचारियों, शिक्षकों के साथ केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली को लेकर एकजुट होकर जिला मुख्यालयों पर धरना प्रर्दशन कर सरकार को घेरा। पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच बनाकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी संगठनों के साथ शिक्षकों के संगठनों ने देश व्यापी आन्दोलन जनवरी से प्रारम्भ कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को लखनऊ के कर्मचारी प्रेरणा स्थल बीएन सिंह प्रतिमा स्थल सरोजनी नायडू पार्क में इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

आल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी एसयू शाहा, डिवीजनल सेक्रेटरी आरके पाण्डेय डिवीवजन अध्यक्ष भूभूती मिश्रा, आल इण्डिया पोस्टल एकाउन्ट इम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव कामरेड शत्रुघ्न यादव समेत दर्जनों कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मंच से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाई। धरने को सम्बोधित करते हुए आरके पाण्डेय ने कहा किपुरानी पेंशन कर्मचारी के बुढापे का सहारा है। श्री शाहा रेलवे ने कहा कि पेंशन के लिए सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है। इं हरि किशोर तिवारी ने कहा कि पेंशन भीख नही है, आन्दोलनों के उपरान्त सरकार द्वारा दिया गया। शिवबरन सिंह यादव



ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की बात को अनुसना कर रही है। जो घातक हो सकता है। यदि पुरानी पेंशन नही दी गई तो पूरा कर्मचारी समाज एक साथ सड़को पर आकर आन्दोलन करेगें। इं एनडी द्विवेदी ने कहा कि बिना आन्दोलन के कुछ नही हो सकता है। अब केन्द्रीय व राज्य के कार्मिक एक हैं। आन्दोलन बड़ा होगा। शत्रुघ्न यादवए ने कहा कि पोस्टल पहले भी आन्दोलन हुए है किन्तु केन्द्र व राज्य एक साथ मिलकर शिक्षकों को साथ लेकर बड़ा आन्दोलन होने जा रहा है। सरकार दबाव में है। एसबी सिंह ने कहा कि सरकार वोट की राजनीति से डरती है। इस बार 2024 का लोक सभा चुनाव व मुद्दा बनेगा। अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापक जनसम्पर्क के बाद ही यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। इसलिए इसका व्यापक प्रभाव होगा। अमिता त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम हो रहे है। किन्तु लखनऊ प्रदेश की राजधानी होने के कारण विशेष प्रभाव छोड़ता है। सभी संगठनों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। हमारा आन्दोलन सफल होगा। राज्य कर्मचारियों के साथ मिलकर पुरानी पेंशन मुद्दे पर आन्दोलन करना नया प्रयोग है। राज्य कर्मचारी संगठनों का पूरा समर्थन केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों को प्राप्त हो रहा है। सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

सुजीत कुमार लेखपाल संघ ने कहा कि लेखपाल जमीन स्तर पर कार्य करता है। बुढ़ापे में दर दर की ठोकरे नही खाना चाहता है। सरकार जिम्मेदारी ले। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नही होती तब तक कर्मचारी शिक्षक समाज का संघर्ष जारी रहेगा। आजमगढ़, बलिया, बस्ती, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बांदा, चित्रकूट, कानपुर, इटावा, वाराणसी, फतेहपुर, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच, बाराबंकी, सीतापुर, पीलीभीत, बदायूं, बेरली, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, झांसी, जालौन, श्रावस्ती, महराजगंज, सुल्तानपुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, बलरामपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, मऊ, सिद्धार्थनगर, देवरिया, कुशीनगर, मुरादाबाद सहित प्रदेश भर के सभी जनपदों में प्रर्दशन, धरना व्यापक रुप से रहा।

## कांग्रेस ने दिया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुरानी** पेंशन बहाली को लेकर केंद्र व राज्य कर्मचारियों के आंदोलन का कांग्रेस पार्टी ने पुरजोर समर्थन किया है। कांग्रेस पार्टी का मानना है की पुरानी पेंशन को तुरंत बहाल किया जाए क्योंकि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद जीवन यापन का सहारा है। कांग्रेस पार्टी इसके पक्ष में है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता हमाम वहीद ने कहा कि पार्टी इसे लेकर लगातार सड़क से सदन तक संघर्षरत रही है। कांग्रेस पार्टी की सरकार में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीतने के 15 दिन के भीतर पुरानी पेंशन को बहाल कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ओपीएस की बहाली हो सकती है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि आज जनपद मुख्यालयों पर केंद्र व राज्य कर्मचारियों के द्वारा देशव्यापी प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों ने एक साथ मिलकर अब केंद्रीय कर्मचारी संगठनों को भी अपने साथ लिया है। इस आंदोलन में रेलवे, डाक, आयकर, पासपोर्ट, आकाशवाणी, दूरदर्शन के कर्मचारी संगठनों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कलेक्ट्रेट, मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ, उद्यान, सिंचाई, परिवहन लोक निर्माण विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, चिट फंड, शिक्षा समेत सैकड़ों विभाग के संगठनों के कर्मचारियों ने मिलकर 23 जनवरी को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन की रूपरेखा बनाई थी जिसके अंतर्गत आज 21 मार्च को नई पेंशन योजना वापस लेने एवं पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए हर जनपद मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसे कांग्रेस पार्टी अपना पूर्ण समर्थन देती है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है वह उन्हें राहत देने के पक्ष में नहीं है जबकि कर्मचारियों की मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। जिस प्रकार से कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल की गई है।

## सपा विधायक शाहिद मंजूर की गिरफ्तारी पर रोक

**लखनऊ ( विसं )।** अलाया अपार्टमेंट हादसा मामले में वांछित सपा विधायक शाहिद मंजूर की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रोक लगा दी है। पीठ ने इस मसले पर राज्य सरकार से जवाबी हलफ नामा तलब किया है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस नरेंद्र कुमार जौहरी की पीठ ने यह आदेश शाहिद मंजूर की याचिका पर दिया है। इनकी याचिका पर वकील अरुण सिन्हा व प्रांशु अग्रवाल ने बहस की। कहना था कि इस हादसे से याचिकाकर्ता का कोई संबन्ध नहीं है। उसे महज राजनीतिक कारणों से इसमें घसीटा जा रहा है। बीते 25 जनवरी को अलाया अपार्टमेंट हादसे की एफआईआर हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुई थी। इसमें शाहिद मंजूर के पुत्र नवाजिशए भतीजा मोहम्मद तारिक व बिल्डर फाहद याजदानी को नामजद किया गया था। यह अपार्टमेंट अचानक जोरदार आवाज के साथ पूरी तरह से गिर गया था। इससे चारों तरफ चीख.पुकार मच गई। मलबे से 14 लोगो को बाहर निकाला गया। यह सभी गंभीर रुप से घायल थे। इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई थी। आरोप है कि अपार्टमेंट के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था और इसे बगैर नक्शा पास कराए बनाया गया था। विवेचना के दौरान इस मामले में शाहिद मंजूर का नाम भी सामने आया।

## मारपीट में मुल्जिमों को तीन साल की सजा

**लखनऊ ( विसं )।** मारपीट के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम कान्हा, बचऊ पासी, शिव रतनए राम आसरे व होराराम यादव को तीन वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज गौरव कुमार ने इन पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अशोक त्रिपाठी के मुताबिक सात नवंबर 2018 को इस मामले की एफ आईआर राम किशोर ने थाना माल में दर्ज कराई थी। दो दिन पहले वह अपने पिता के साथ बाजार से घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में घात लगाए मुल्जिमों ने पुरानी रंजिश में उसके पिता को बांका व लाठी-डंडो से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था।

# बड़े बकायेदारों की रातों की नींद हराम करने की पूरी तैयारी करेंः एके शर्मा

● हड़ताली संगठनों व कार्मिकों के खिलाफ उच्च न्यायालय के निर्गत आदेशों के अनुरूप होगी कार्रवाई

## ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर को बिलिंग सिस्टम से जोड़ने की शुरूआत की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल कम्पनियों की तरह एलर्ट संदेश भेजने के लिए उनके मोबाइल नंम्बर को बिलिंग सिस्टम में एकीकरण करने की मंगलवार को शुरूआत की। इस व्यवस्था से प्रदेश के तीन करोड़ उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

ऊर्जा मंत्री ने शक्ति भवन में बिलिंग सिस्टम से मोबाइन नम्बर को जोड़ने की शुरूआत की तथा विभागीय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक भी की। ऊर्जा मंत्री ने राजस्व वसूली के कार्यों में और तेजी लाने तथा कामर्शियल टीम को 24 घण्टे कार्य में एक्टिव रखने को कहा। उन्होंने सभी डिस्कॉम में कामर्शियल सेन्टर को 24 घण्टे चालू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष रूप से उनसे सम्पर्क करें और फोन करके रातों की उनकी नींद हराम करने की तैयारी करें। उन्होंने लाइनलॉस को कम करने तथा विद्युत चोरी रोकने के निरन्तर प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी सही उपभोक्ता का उत्पीड़न न किया जाए और फर्जी तरीके से भी किसी उपभोक्ता को न फंसाया जाए। विद्युत व्यवस्था को आसान एवं सहूलियत पूर्ण बनाने के लिए सभी विद्युत कर्मी ईमानदारी, लगन, निष्ठा व मेहनत से काम करें। उन्होंने मार्च महीने में मात्र 25 प्रतिशत राजस्व वसूली पर नारजगी व्यक्त की और कहा कि इस महीने के बाकी दिनों में मासिक लक्ष्य की वसूली को पूरा करें। उपभोक्ताओं को अब वे कहीं पर भी होंगे उनकी विद्युत व्यवस्था, बिल, कनेक्शन, डिस्कनेक्शन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में एलर्ट मैसेज मिल जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने आज से ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ड्यू डेट के पहले तथा ड्यू डेट के बाद दो से तीन एलर्ट मैसेज भेजने को कहा तथा अंतिम एलर्ट मैसेज भेजने के बाद बिल न जमा करने पर उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया जाए। किसी भी उपभोक्ता का बिल बनने पर शीघ्र ही उसको कम से कम 6 से 7 एलर्ट मैसेज भेजें जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 दिन चले केवाईसी अभियान के दौरान 2.50 करोड़ उपभोक्ताओं का केवाईसी अपडेट किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से सम्पर्क बनाने के लिए इस व्यवस्था को नीचे फील्ड पर उतारने तथा आज से ही इसे चालू करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि अगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों में निर्वाध विद्युत आपूर्ति की जाए तथा इसमें कहीं पर भी ढिलाई न बरतें। जरा सा भी फाल्ट की सूचना पर तत्काल टीम को भेजकर अपूर्ति ठीक कराएं। ऊर्जा मंत्री ने हड़ताल के दौरान हड़ताल का समर्थन करने तथा इसका विरोध करने वाले सभी कार्मिकों, संगठनों को धन्यवाद दिया है।

# जनमानस में विधायिका के प्रति अवधारणा में बदलाव दिख रहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका की अपनी-अपनी भूमिका है और हमारा लोकतंत्र तभी समृद्व होगा जब सब मिलकर काम करेंगे और प्रगति के पथ पर आगे बढ सकेंगे। एक दूसरे के सहयोग के बिना लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जनहित में यदि कोई बात उठाई जाती है तो कार्यपालिका को उसे पूरा करना ही होगा। अधिकारी इससे स्वंय को अलग नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह




बात उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के लिए आयोजित एक परिचर्चा के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। श्री महाना ने कहा कि जो व्यक्ति जनता के द्वारा चुनकर विधानसभा आता है वह जनता के प्रति समर्पित रहता है। वह जनता का दर्द भी जानता है, उसका कारण भी जानता है और उसका निवारण भी जानता है। इसलिए लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। प्रदेश का जो विकास हो रहा है उसके प्रति जन प्रतिनिधियों के भी प्रयास शामिल है। श्री महाना ने कहा कि लोकतंत्र की जो अवधारणा संविधान में लिखी हुई है।

# चारों दिशाओं में सुनाई देगी योगी सरकार के छठे साल के जश्न की गूंज

● रिले रेस के रूप में महिला पुलिसकर्मी 22 से 29 तक निकालेंगी बाइक रैली

● महिला सशक्तिकरण का संदेश देगी योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार के छठे साल के जश्न की गूंज चारों दिशाओं में सुनाई देगी। इसको लेकर शासन स्तर पर अनूठी तैयारी की गई है। प्रदेश की महिलाओं को समर्पित सरकार का यह समारोह महिला सशक्तिकरण का संदेश देगा। इसके लिए महिला पुलिसकर्मी बाइक रैली निकालेंगी जो राज्य के 26 जनपदों से होकर गुजरेगी। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिया है। 25 मार्च 2023 को योगी सरकार के दूसरे



कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर निकाली जाने वाली इस रैली का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित प्रदेश के बदले हुए माहौल के बारे में बताना है। रैली की शुरुआत चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन यानी 22 मार्च को होगी। वहीं समापन अष्टमी यानी 29 मार्च को होगा। महिला पुलिसकर्मियों की यह रैली दो रूटों से निकलेगी। पहला रूट पूर्व से पश्चिम विंध्याचल धाम से गौतमबुद्ध नगर होगा। वहीं दूसरा रूट उत्तर से दक्षिण देवी पाटन धाम से ललितपुर रहेगा। रैली का स्वरूप रिले रेस जैसा होगा। जिसमें 15-20 बाइक पर सवार महिला पुलिसकर्मी लोगों को सुरक्षित और उत्तम प्रदेश का संदेश देंगी, जो प्रतिदिन औसतन 80-120 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। राजपत्रित अधिकारी को रैली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं इसकी ब्रांडिंग के लिए चार पहिया वाहन भी शामिल रहेंगे जिसमें महिला निरीक्षक के साथ महिला ड्राइवर रहेंगी। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए एक एंबुलेंस भी रैली साथ चलेगी।

रैली का पहला रूट मां विंध्यवासनी के धाम विध्यांचल से शुरू होगा जो प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, आगरा, अलीगढ़ होते हुए गौतमबुद्धनगर में समाप्त होगा। वहीं दूसरे रूट की शुरुआत शक्तिपीठ देवीपाटन से होगी जो अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, हमीरपुर, उरई, झांसी होते हुए ललितपुर पहुंचेगा।

# पीएसपी के तहत यूपी पुलिस व बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच एमओयू

पायनिय समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** कर्मचारियों के सैलरी एकाउंट में पीएसपी (पुलिस सैलरी पैकेज) के अन्तर्गत बैंक द्वारा निशुल्क प्रदान की जाने वाली सुविधाओं व लाभों के लिए भारतीय स्टेट बैंक से वर्ष 2016 एवं 2019 में एमओयू किया गया था, जिसमें कतिपय लाभ दिए जा रहे थे। वर्ष 2023 में पीएसपी मे देय लाभों में वृद्धि करने के लिए एवं स्वाभाविक मृत्यु की दशा में भी जीवन बीमा सम्बन्धी लाभ दिए जाने हेतु सभी बैंकों से विचार-विमर्श करने के उपरान्त सर्वाधिक लाभकारी पीएसपी प्रस्ताव बैंक आफ बडौदा से प्राप्त होने के फलस्वरूप सक्षम स्तर से इसके अनुमोदन के उपरान्त मंगलवार को डीजीपी डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में बैंक आफ बडौदा एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के मध्य पीएसपी के सम्बन्ध में एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस पीएसपी की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें देय लाभ, सुविधाएं चतुर्थश्रेणी से लेकर वरिष्ठतम अधिकारी तक एक समान है एवं सेवानिवृत्त कर्मियो (70 वर्ष की आयु तक) को भी सम्मिलित किया गया है।




### एमओयू के प्रमुख बिंदु

**पीएसपी** के अन्तर्गत देय लाभों में सेवारत कर्मचारियों के लिए स्वाभाविक मृत्यु की दशा में प्रथम बार निशुल्क जीवन बीमा सम्बन्धी लाभ सम्मिलित किया गया हैं, जो अधिकतम 20 लाख रुपए तक है। आन ड्युटी सेवारत कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत दुघर्टना बीमा लाभ 105 लाख तक तथा प्रथम बार 'आफ ड्युटी' सेवारत कर्मियों के लिए 90 लाख तक का लाभ एमओयू में सम्मिलित किया गया है तथा सेवानिवृत्त कर्मियों (70 वर्ष तक) के लिए यह लाभ 60 लाख रुपए तक है। सेवारत कर्मियों को इस एमओयू में स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर 70 लाख रुपए तक, स्थायी आंशिक विकलांगता कवर 30 लाख रुपए तक एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए यह लाभ क्रमश 40 लाख रुपए तक एवं 15 लाख रुपए तक देए है। इस एमओयू में अन्य लाभों में सेवारत, सेवानिवृत्त कर्मियों की आश्रित पुत्री की शादी, बच्चों की शिक्षा के लिए बीमा कवर सम्मिलित है। अन्य लाभों में मृत शरीर के परिवहन, प्लास्टिक सर्जरी, जलने पर, रिटेल ऋणों में लाभ, एटीएम लेन-देन सम्बन्धी लाभ, डेबिट कार्ड में लाभ, निशुल्क धन प्रेषण, लाकर्स के किराए में छूट, निशुल्क डिमैट वार्षिक रखरखाव आदि सम्मिलित है।

# अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज से बढ़ा ध्वनि और वायु प्रदूषण

● आबादी क्षेत्र में आटा व तेल का बड़ा कारखाना लगने के बाद आम जनता तमाम प्रकार के संक्रामक रोगों से हो रही है बदहाल

**संवाददाता।** गोला-गोकर्णनाथ



**तहसील** गोला जनपद खीरी के पड़ोस में बांकेगंज .कोंधवा मार्ग पर अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज नामक आधुनिक उधोग ; मिनी फ्लोर मिलद्ध संचालित है। इस फ्लोर मिल ; कारखानाद्ध के चलने पर जहां तेज आवाजें निकलती है वहीं दूसरी तरफ जबरदस्त वायु प्रदूषण होता है इससे पड़ोस में रहने वाले व नगर के प्रमुख समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी व उनका परिवार पूरी तरह से प्रभावित है ऐसी परिस्थितियों में आबादी के मध्य यह संचालित कारखाना बंद होना चाहिए। बताते चलें कि जब कोई उधोग धंधा और कारखाना लगना होता है तब सबसे पहले जिला उधोग विभाग से रजिस्ट्रेशन होता है बाद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएसटी का रजिस्ट्रेशन होता है बाद में बिजली विभाग से कनेक्सन की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। गौरतलब होकि इस उधोग लगने के बाद कारखाना संचालित है जिम्मेदार अधिकारियों ने इस कारखाना के संचालन से पहले क्या क्या खामियां रही है इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझाघ् ध्वनि व वायु प्रदूषण से आसपास के नागरिकों में गुस्सा है कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसकी जांच करने की जहमत उठाना उचित नहीं समझाघ् जीएसटी की बात करें जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच करने की जहमत मोल लेना क्यों नहीं उचित समझाघ् इससे उत्तर प्रदेश सरकार को टैक्स में छति नहीं पहुंच रही है क्याघ् मानक से हटकर व सड़क पार कर 1100 की बिजली लाइन निकाली गई है आखिर सुरक्षा तार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई है अगर किसी समय तार टूटने की घटना होती है और उससे कोई भी राहगीर प्रभावित होता है तब बिजली विभाग की छीछालेदर नहीं होगी इस लिए सड़क पार बिजली लाइन में सुरक्षा तार की व्यवस्था होनी चाहिए। नगर के वरिष्ठ पत्रकार व प्रमुख समाजसेवी होतीलाल रस्तोगी जो कि कारखाना खुलने से पहले से आवास बना .कर रह रहे हैं और वह शुगर व उच्च रक्तचाप ;बीपी द्धके मरीज हैं उनके पुत्र श्रेष्ठ रस्तोगी एक सड़क दुघर्टना में घायल होने के बाद ब्रैन हैमरेज हुआ था उसका आपरेशन के बाद से उपचार चल रहा है यह सभी ध्वनि व वायु प्रदूषण से प्रभावित होने लगे हैंए बीमार होने के चलते दवाइयों पर है अगर ध्वनि व वायु प्रदूषण के जहर फैलने से कोई हादसा होता है तब उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्या जिम्मेदार होगाघ्अगर नहीं तब ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने की जांच कर तत्काल कार्रवाई जनहित में होनी चाहिएघ् रही जीएसटी व सड़क पार करने वाली 1100 की बिजली तार लाइन की भी जांच जनहित में होना चाहिए अगर इसमें खामियां मिलती है तब कारखाना संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई होना चाहिए।

# सीडीओ ने की अथर्व भारत फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना

**संवाददाता।** सीतापुर



**गैर** सरकारी संगठन अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति ने सीतापुर जिले के मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा को क्षेत्र में चल रहे संस्था के कार्यों के विषय में अवगत कराया। सीडीओ वर्मा ने अथर्व भारत फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मॉडल की तकनीकी और आयुर्विज्ञान किट को समझा और संस्था के प्रयासों को सराहा। सीडीओ ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों को पिसावाँ ब्लॉक के ग्राम दुबावाँ में स्वत: आकर परखने की अभिव्यक्ति दी एवं संस्था द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के संदर्भ में प्रस्तुत की गयी। योजना के अंतर्गत पाइलट प्रोजेक्ट के प्रभावोत्पादक एवं क्रियाशील मूल्यांकन के पश्चात सम्पूर्ण जिले में लागू करने का आश्वासन भी दिया। सीडीओ ने संस्था को अन्य एनजीओ जैसे आईईसी, प्रथम आदि के विषय में अवगत करवाया और तुलनात्मक वार्ता भी की, जिस पर उन्होंने संस्था के सामाजिक रूप से उत्पादक उद्देश्यों को समझते हुए भविष्य में यथापूर्वक सरकारी आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। अथर्व भारत फाउंडेशन डेनमार्क की शिक्षा नीति से प्रेरित एक्स आईआईटी एवं एआईआईएमएस के स्टूडेंट्स के साथ भारत की नयी शिक्षा योजना के अनुरूप सीतापुर जिले में काम कर रही है।

# मयंक मिश्रा बने सभापति

● सांसद-विधायक ने दी बधाई

**संवाददाता।** सीतापुर



**सीतापुर** के बिसवां विकास खंड की ग्राम सभा गोवर्धनपुर के मुंडेरी गांव निवासी मयंक मिश्रा अपने दादा के पदचिन्हों पर चलते हुए साधन सहकारी समिति लिमिटेड हथिया गाजीपुर के निर्विरोध सभापति चुने गए। मयंक के दादा लक्ष्मण प्रसाद मिश्र ब्रिटिश सरकार में महमूदाबाद रियासत में ग्राम सभा गोवर्धनपुर में मुंडेरी गांव के मुखिया पद पर थे। इन्होंने अपने समय में गांव में कई परिवारों को बसाया व उनके रहने हेतु घर व जमीन भी दी। बता दें कि मयंक लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और कोविड काल में लोगों को मास्क वितरित करने के साथ घर-घर जाकर खाद्य सामग्रियों का भी वितरण किया था। मयंक का कहना है कि अपने पिता छन्नू लाल मिश्रा से प्रेरित होकर वह समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मयंक के निर्विरोध सभापति निर्वाचित होने पर सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, भारत तिब्बत सहयोग मंच जिलाध्यक्ष एड. प्रभात अग्निहोत्री, युवा भाजपा नेता आयुष शुक्ला ने माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और सहयोगी जुगुल किशोर मिश्र, दिवाकर शुक्ला, छोटे लाल तिवारी, हर्षित तिवारी, ललित मिश्र, विशाल मिश्र, शत्रोहन लाल गुप्ता, मदन सिंह चौहान, रामचंद्र, पुलकित मिश्र, अतुल गुप्ता, गुड्डू कश्यप, रमेश भार्गव, आशीष वर्मा, कृष्ण दत्त तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, भारत गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि लोगों ने बधाई दीं।

# चैत्र नवरात्र-रामनवमी पर होंगे भव्य आयोजन

● जिलाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**चैत्र** नवरात्रि, श्रीरामनवमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों के साथ बैठक की, जिसमें नवरात्रि पर प्रमुख धर्मस्थलों पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया गया है। इससे आत्मशुद्धि और मुक्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि चैत्र नवरात्रि की शुभ तिथियों पर सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए महिलाओं और बालिकाओं की इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जिले के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 29 से 30 मार्च 2023 अष्टमी एवं श्री रामनवमी के अवसर पर प्रमुख शक्तिपीठ मंदिरों में मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार और जन सामान्य को इससे जोड़ते हुए अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया जाए। बैठक में जिला स्तरीय समिति ने तय किया कि नवरात्रि की शुभ तिथियों पर जिला मुख्यालय के प्रमुख मंदिर संकटा देवी मंदिर, भुइया माता मंदिर, दुर्गा मंदिर काशीनगर, मुड़िया महंत मंदिर में देवी जागरण, दुर्गा सप्तशती पाठ, रामायण पाठ का भी आयोजन होगा। इसके अलावा गोला में मुख्यालय स्तर पर देवी जागरण का आयोजन होगा। वही तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में प्रमुख मंदिरों का चयन करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। डीएम ने सभी एसडीएम को उक्त चिन्हित मंदिरों पर साफसफाई, पेयजलए सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश एवं दरी बिछावन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम स्थलों पर जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंहए डीडीओ अरविंद कुमारए डीपीआरओ सौम्यसील सिंह, डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर, अपर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त कुमार चौधरी मौजूद रहे।

# डीएम ने चीनी मिलों को नोटिस भेजने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पेराई सत्र 2022 - 23 के गन्ना मूल्य एवं विकास अंशदान के देय, भुगतान एवं अवशेष की स्थिति की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुसार निर्धारित अवधि में किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित अवधि के उपरान्त भी भुगतान लंबित होने पर जिलाधिकारी ने मकसूदापुर, तिलहर एवं पुवायां चीनी मिलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेराई सत्र 2022 - 23 में गन्ना क्रय, गन्ना पेराई, चीनी उत्पादन एवं चीनी पर्ता आदि की स्थित की समीक्षा भी की। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम सहित संबंधित मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नवरात्र व रमजान के मद्देनजर नगर आयुक्त ने की सुरक्षा व्यवस्था की जांच



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा ने नवरात्र व रमजान के मद्देनजर नगर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों- जय माँ काली मंदिर, चौक स्थित फूलमती मंदिर एवं अन्य क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय फूलमती मंदिर पर उपस्थित पुजारियों से साफ- सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं मार्ग प्रकाश के सम्बंध में वार्ता की गई। इसके उपरांत नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि पावन नवरात्र के अवसर पर जन-सामान्य की सुविधा हेतु नगर क्षेत्र में स्थित समस्त मंदिरों व उनके आने-जाने वाले मार्गों पर विशेष साफ-सफाई कराये जाने के साथ-साथ चूना छिड़काव व एंटीलार्वा छिड़काव कार्य को कराया जाना सुनिश्चित करें। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से आठ गोवंश की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले के जलालाबाद तहसील में मंगलवार को तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले आठ गोवंश की मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारी ने सुचना के बाद टीम घटनास्थल पर रवाना की। जलालाबाद तहसील के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सुशांत श्रीवास्तव ने मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हथिनापुर गांव में मंगलवार दोपहर तेज बारिश होने लगी।

## बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा दे सरकार

**शाहजहांपुर।** सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि बेमौसम हुई बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई है । जिसमें गेहूं, सरसों, उरद, मसूर, तिल आदि फसलें बर्बाद हो गई है किसानों ने अपनी जमीन गिरवी रख कर खून पसीना बहा कर फसलों को तैयार किया था । बेमौसम बारिश से किसानों की कमर टूट गई है किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के मौजूदा मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुआवजा देने की कोई घोषणा नहीं की है और अभी मौजूदा हाल ही में आलू की फसल से किसान बर्बाद हो चुका है अब बेमौसम बारिश से किसानों की कमर तोड़ गई है।

## पुलिस ने चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मोहम्मदी खीरी।** प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने पर पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैएभेजे गये जेलएजिन पर गो अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित पशु के अब शेष मिलने की जानकारी हाईवे पर पुलिस को मिली जिसमें पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए थाना उचौलिया के ग्राम सिसौरा नासिर के परवेज एजहीर एअयाज और रहीस को पशु काटने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया हैए प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि 4 लोगों पर गोवध अधिनियम के अंतर्गत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया हैए तथा सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैएजिनको जेल भेजा गया है।

## चोरी की 9 साइकिलें बरामद, चार गिरफ्तार

**बरेली।** अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई आठ साइक्लो को पुलिस ने बरामद करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने चोरों को जेल भेजा। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने मस्जिद वाली गली में रहने वाले इमरान पुत्र मुन्ने दुकनदार, सरताज पुत्र दिलशाद उर्फ पप्पू,उडला जागीर निवासी कौशल पुत्र रुस्तम, कस्बे में रहने वाले मनीराम पुत्र लालता प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया।

FORM No. 3
[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)
1st Floor, SCO 33-34-35, Sector-17A, Chandigarh (Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
Case No.: OA/506/2021
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
Exh. No. 12710
ICICI BANK LIMITED
Vs.
KEYA SEN MITRA

To,
(1) KEYA SEN MITRA
DM/S/O- MR PINAKI MOTRA H NO 1403 MAPLE HEIGHT SUSHANT LOK PHASE 1, C BLOCK, GURGAON, HARYANA-122001, GURGAON, HARYANA
Also At
MRS. KEYA SEN MITRA WIFE OF MR. PINAKI MITRA RESIDENT OF BUNGLOW NO. 1, 1ST FLOOR, VERTICAL STREET, TOWER-VS-G, SKY RISE BUNGLOWS, PLOT NO. GH-02, VILLAGE SARAI KHAWAJA, SECTOR 41 FARIDABAD- 121002 HARYANA. FARIDABAD, HARYANA - 121002
(2) PINAKT MITRA
S/O MR HIMANSHU KUMAR MITRA, H NO 1403 MAPLE HEIGHT SUSHANT LOK PHASE 1 C BLOCK, GURGAON, HARYANA
Also At.
PINAKI MITRA SON OF MR. HIMANSHU KUMAR MITRA RESIDENT OF BUNGLOW NO. 1, 1ST FLOOR, VERTICAL STREET, TOWER-VS-G, SKY RISE BUNGLOWS, PLOT NO. GH-02, VILLAGE SARAI KHAWAJA, SECTOR 41 FARIDABAD- 121002 HARYANA. FARIDABAD, HARYANA -121002
(3) M/S RICE PROJECTS PVT. LTD., R/O 409, ELEGANCE TOWER,JASOLA DISTRICT CENTRE, NEW DELHI-110025

SUMMONS
WHEREAS, OA/506/2021 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 07/09/2022.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs.13835904/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 27/03/2023 at 10:30A.M.failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 13/09/2022.
Signature of the Officer Authorised to issue summons

# बीईओ ने संविलियन विद्यालय लुधौरी का किया सघन निरीक्षण

**संवाददाता।** निघासन-खीरी



**बीईओ** निघासन डॉ ब्रजेश त्रिपाठी कब और किस स्कूल में पहुंच जाएं इसकी सिर्फकल्पना ही की जा सकती है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण उस समय मिला जब राज्य पुरस्कार प्राप्त बीईओ डॉ ब्रजेश त्रिपाठी ने एआरपी मनोज कुमार के साथ मूसलाधार बारिश के बावजूद संविलयन विद्यालय लुधौरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। बीईओ ने सबसे पहले अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया एवं आवश्यक कार्रवाई की।

फिर उन्होंने सभी कक्षों में जाकर वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया। और प्रधानाध्यापक को सभी शिक्षा कार्मिकों की समय से उपस्थिति के लिए कड़ाई से निर्देशित किया। बीईओ ने सख्त लहजे में कहा कि मार्च महीने के अंदर निपुण लक्ष्य प्राप्त कर लें अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी। डॉ त्रिपाठी ने विद्यालय के बृहद खेल परिसर में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के संबंध में सीएमओ तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की। कहा कि विद्यालय परिसर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना होनी है अत: उपस्वास्थ्य केंद्र को विद्यालय परिसर के कोने में बनवाएं। उपरांत प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश देकर बीईओ अन्यत्र रवाना हो गए।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद , सहायक अध्यापिका महेलिका रानी यादव, सहायक अध्यापक विकास भारती, अरूण गुप्ता शिक्षामित्र रीतू सिंह, प्रमिला गौतम तथा संजीव कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बीईओ के अचानक सुबह ही पहुंचने से अध्यापकों में अफरा तफरी का माहौल दृष्टिगोचर हुआ।

## बेमौसम बारिश व ओला गिरने से किसानों की फसल बर्बाद



**संवाददाता।** तिकुनियाँ खीरी

**क्षेत्र** के तिकुनियाँ सहेनखेड़ा फुटहा फार्म चनैनी अयोध्या पुरवा सिंहोना रमुआ पुर बनवीर पुर में बेमौसम बारिश- ओला गिरने से हुए नुकसान से किसानों की कमर टूट गयी इस बारिश से गेहूं गन्ना मसूर सरसो की फसल चौपट हो गयी है किसान के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया व कर्ज में फंसता जा रहा। इससे पहले भी धान की फसल बाढ़ से चौपट हो गयी थी जिससे किसान कर्ज से उबर नहीं पा रहा, जो जमा पूंजी होती है वह फसलों पे खर्च कर देता है। फसल तैयार होने से पहले ही कोई ना कोई आपदा आ जाती है जिससे किसानों के अरमानो पर पानी फिर जाता है और वह कर्ज के दलदल में फंसता चला जाता है।

# सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बना यूपीएस हरिहरपुर

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में परिषदीय विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ बनाने एवं वहां पढ़ने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल 'बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक' मुहिम रंग ला रही है। यहां शैक्षिक नवाचार विधाओं के माध्यम से जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वह काबिले तारीफ है। शिक्षा व्यवस्था में आधारभूत सुधार के लिए उठाए गए क्रांतिकारी कदम के सार्थक परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। स्कूल भवन के आकर्षण कक्ष,ए यूनिफार्म में पढ़ते विद्यार्थियों में शिष्टाचार, साफ सफाई के साथ विद्यालय में पढ़ाई। ऐसा नजारा बांकेगंज ब्लाक के परिषदीय विद्यालय यूपीएस हरिहरपुर का है। प्रधानाध्यापिका सुनीता व उनकी टीम ने विद्यालय की सूरत ही बदल दी। शिक्षकों की लगन से इस विद्यालय में सुविधाएं किसी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं। डीएम की अभिनव पहल के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया। प्रिंसिपल सुनीता वर्मा ने सन 2017 में अपने समस्त स्टाफ को एकता के सूत्र में पिरोकर शिक्षा के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियों को प्राप्त करना शुरू किया। कार्यभार ग्रहण के वक्त विद्यालय उबड़खाबड़, सौंदर्य विहीन था। सुनीता की दृढ़ इच्छा, संकल्प ने योजनाबद्ध ढंग से विभिन्न पर्यावरणीय नवाचारों से सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किया। आज विद्यालय बाउंड्रीविहीन होते हुए भी हराभरा, आकर्षक एवं किचन गार्डन से युक्त है। ना चाहते हुए भी यहां आने वाले आगंतुकों को यह अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। सरकार के निर्धारित लगभग सभी मानकों को विद्यालय पूर्ण कर चुका है। प्रबंध समिति के सहयोग से प्रत्येक कक्ष को आकर्षक, टीएलएम, व लर्निंग कॉर्नर से युक्त बना दिया। अगर बात शिक्षा की की जाए तो यह भौतिक सुंदरता से भी अधिक प्रभावशाली है। 'एक कदम गांव की ओर' नामक अभियान का शुरू किया, जिसके द्वारा प्रतिदिन अभिभावकों से संपर्क का लक्ष्य रखा गया। सभी शिक्षकों को निर्धारित समान अनुपात में छात्रों को आवंटित कर दिया गया। जिससे विद्यालय का साल दर साल नामांकन बढ़ा है। विद्यालय में लगभग 08 गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। सत्र 2020-21 नामांकन 289, सत्र 2021-22 नामांकन 307, सत्र 2022-23 नामांकन 307 है।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, Palwinder Kaur S/D/W/O Jaspal Singh R/o Flat No 937,GH-13,Paschim Vihar, West Delhi - 110087 is the purchaser and conveyance deed in her name was executed and registered on 07/01/2000 have been lost my above said property documents in the bearing of property of Flat No 937,GH-13,Paschim Vihar, West Delhi-110087. Vide File No. F136(193)86/SFS/PA/II, The original Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip & NOC for electricity and water connection An NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, vide SO No. 430/2014.Delhi Police, LR No. 243 516/ 2023 dated 15/03/2023.Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9899026377within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) Housing,D Block,3rd Floor,Vikas Sadan,New Delhi

# खादी एवं ग्रामोद्योगी जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**आत्मनिर्भर** भारत अभियान के अन्तर्गत उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड शाहजहांपुर द्वारा वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित खादी एवं ग्रामोद्योगी जनपद स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की टूल किट्स योजनान्तर्गत 08 अद्द मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन , माटीकला टूल किट्स योजनान्तर्गत 30 अद्द विद्युत चालित चाक एवं 01 अद्द दीया मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की गयी। प्रदर्शनी में जनपद शाहजहॉपुर की खादी ग्रामोद्योग इकाईयों के साथ-साथ रामपुर, कानपुर, हाथरस, हरदोई तथा बिजनौर की इकाईयों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन तथा उनकी बिक्री की। प्रदर्शनी का उद्देश्य है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं में बैंको से ऋण प्राप्त कर रोजगार सृजन करने वाली इकाइयों को प्रदर्शनी के माध्यम से अपने उत्पादों की बिक्री व प्रचार का अवसर प्राप्त हो ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करें तथा अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करें। प्रदर्शनी का समापन मानवेन्द्र सिंह, विधायक विधानसभा ददरौल द्वारा किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये। प्रदर्शनी में आये सभी लाभार्थियों में उत्पादों की बिक्री से प्रसन्नता का भाव रहा। उनका कहना है कि प्रदर्शनी उनके लिये बहुत लाभदायक रही। लोगों ने उनकी आशा से अधिक माल खरीदा, प्रदर्शनी की व्यवस्थायें बहुत सुन्दर रहीं तथा विभाग व जिला प्रशासन द्वारा बहुत सहयोग प्रदान किया गया यह भी कहा कि अगली बार जब प्रदर्शनी आयोजन हो तो कम से कम 10 दिन के लिये आयोजन हो तो और भी लाभदायक होगा।

# शराब भट्टी को मंदिर परिसर की ओर शिफ्ट करने का विरोध

● सपा जिला अध्यक्ष पर क्षेत्रवासियों को धमकाने का आरोप, सपा नेता ने आरोप को बताया निराधार

**संवाददाता।** बरेली

**समाजवादी** पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष के खिलाफ हिंदू जागरण एकता समिति के पदाधिकारियों ने थाना कोतवाली और एसएसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। यह विवाद शराब की भट्टी को मंदिर परिसर की ओर शिफ्ट कराने को लेकर बताया जा रहा है। जहां पर सपा निवर्तमान जिला अध्यक्ष पर जान से मार देने की धमकी देने अपने साथियों के साथ अवैध तमंचा दिखाने का आरोप लगाया गया है। वहीं सपा जिला अध्यक्ष का कहना है कि आरोप निराधार है। कोतवाली क्षेत्र के मलूकपुर में एक शराब की भट्टी को मंदिर परिसर की ओर शिफ्ट करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि मानक के विपरीत शराब की भट्टी को मंदिर की ओर शिफ्ट किया जा रहा था। इसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने विरोध जताया। इसको लेकर हिंदू जागरण एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सक्सेना का कहना है कि वहां पर सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप अपने अवैध असलाधारी साथियों के साथ पहुंच गए और जबरन वहीं पर शराब भट्टी को शिफ्ट करने की बात कहने लगे। जब लोगों ने इसका विरोध किया तो जिला अध्यक्ष ने लोगों के साथ धक्का-मुक्की की। जान से मार देने की धमकी दी। इसको लेकर शहर कोतवाली में शिवचरण कश्यप और उनके साथियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया गया है। साथ ही आज मनोज कुमार सक्सेना ने शिवचरण कश्यप और उनके साथियों के खिलाफ एसएसपी ऑफिस पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# महिला ने दर्ज कराया पति और ससुराल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**संवाददाता।** निघासन- खीरी



**स्थानीय** कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने अपनी पहली बीबी को तलाक देकर दूसरी युवती से शादी कर ली। तीन बच्चों की मां ने न्याय पाने तथा पति एवं ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। आयशा अंजुम पुत्री स्वर्गीय अब्दुल अली की निवासी मोहम्मद नगर गोताखोर शुक्लागंज थाना गंगा घाट जिला उन्नाव की शादी 10 अप्रैल 2010 को ग्राम झंडी राज निवासी महताब आलम के साथ पारंपरिक रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति तथा ससुराली जन 100000 रूपए दहेज देने की मांग करने लगे। दहेज ना दे पाने की स्थिति में आयशा को पति तथा ससुराल द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति तथा ससुराली जनों द्वारा आयशा तथा उसके तीन बच्चों को मार कर घर से भगा दिया गया। फिर पति ने दूसरी शादी कर ली बेचारी पहली पत्नी अपने तीन बच्चों को लेकर दर.दर की ठोकरें खा रही है उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है ।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mrs. Seema W/o. Mr. Vijay Kumar who is purchasing the Property bearing no. 609, Gali no. 6, Lower Ground floor without terrace right, area measuring 78 sq. yds. falling under Khasra no. 93, Situated at Govindpuri Kalkaji, New Delhi; from Mrs. Poonam Jain W/o Mr. Gajender Kumar Jain, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 17.07.2018, which is registered vide Document No.3946, at SRO-V, New Delhi and intend to mortgage against the financial assistance from Shubham Housing Development Finance Company Limited. That the 1) Sale Deed dated 24.06.2014 executed by Mrs. Veena through attorney Mr. Rajveer Sharma in favour of Mrs. Preeti Jain, which was registered vide Document No.5931, at SRO-V, New Delhi is Lost/Misplaced/ Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
136, Basement Floor, Uday Park, near Mother Dairy, New Delhi-110049
Contact# 011-40046316

# गौरव दिवस पर जगमगाएंगे लाखों दीप : डीएम

## यूपी-एमपी प्रशासन ने चित्रकूट गौरव दिवस को यादगार बनाने का लिया संकल्प

**● रामघाट, परिक्रमा मार्ग, भरतकूप, राम शैया में 5 लाख, सतना में प्रज्वलित होंगे 6 लाख दीप**



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में 30 मार्च को रामनवमी के दिन 'चित्रकूट गौरव दिवस' मनाए जाने के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 मार्च को रामनवमी के दिन चित्रकूट गौरव दिवस मनाया जायेगा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए चित्रकूट के रामघाट, परिक्रमा मार्ग, भरतकूप, राम शैया में 5 लाख, सतना मध्य प्रदेश परिक्षेत्र में 6 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। सभी लोग दीपक, बाती, तेल आदि की व्यवस्था एवं जलाने का प्रबन्ध स्वयं से करेगें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा व्यवस्था के सम्बन्ध में समन्वय बनाया जायेगा। समन्वय के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम को निर्देशित किया गया कि आस-पास के सभी दीपक, तेल बाती व्यवसायियों के नाम, मोबाइल नम्बर की सूची सभी को शेयर करें। साथ ही निर्धारित दिवस के पूर्व दीपक, तेल, बाती की भरपूर उपलब्धता हेतु सम्बन्धितों को सूचित भी किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन को प्रशासन द्वारा जोन व सेक्टर वाइज ड्यूटी समन्वय बनाये जाने के लिए लगायी जायेगी तथा दीपक के जलाने का समय सायं 7 बजे से 7.30 बजे तक का होगा। उक्त समय में विद्युत की व्यवस्था बन्द रहेगी। ताकि दीपको की रोशनी प्रदर्शित हो सकें। उन्होंने कहा कि मठ मन्दिर/ अखाड़ा के आचार्यगणों द्वारा अपेक्षा की गयी की सभी लोगों का दीपक जलाने का लक्ष्य अलग-अलग निर्धारित किया जाये। उन्होंने उप जिला अधिकारी कर्वी से कहा कि रेवेन्यू के कर्मचारी एवं अधिशाषी अधिकारी को निर्धारित लक्ष्य को संख्या सभी को अवगत कराएं एवं तैयारियों के बारे में समीक्षा करें व मोबाइल नंबर शेयर करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आम जनमानस से जोड़ते हुए प्रत्येक घर में 11 दीपक जलाने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि कॉलेज/विद्यालय से वालंटियर की आवश्यकता होगी। जिसमें 200 बच्चों को लगाया जाएगा।

# ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का पीड़ित किसानों को मिले मुआवजाः बुंदेली सेना

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**मंगलवार** को अराजनैतिक बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष जनसेवक शिवम चौहान के नेतृत्व में अनेकों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सौरभ पांडेय को सौंपा जिसमें बुंदेलखंड में बेमौसम ओलावृष्टि व बारिश से बर्बाद हुयी फसलों का किसानों को 100 फीसदी मुआवजा दिया जाये ताकि प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पिछले तीन दशक में फसलें बर्बाद होने से साढ़े तीन हजार किसान आत्महत्या कर चुके हैं। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से जनपद जालौन के अनेकों गांवों में सैकड़ों किसानों की फसलें नष्ट हो गयी है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। भौतिक रूप से पिछड़ा बुंदेलखंड हमेशा से उपेक्षित रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि फसलें खराब होने की वजह से हर वर्ष बुंदेलखंड के अनेक किसान आत्महत्या कर लेते हैं। पिछले तीन दशकों में 3 हजार 500 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इस वर्ष भी बेमौसम ओलावृष्टि व बारिश से कालपी व जालौन तहसील क्षेत्र के किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। ऐसी स्थिति में किसानों को केसीसी ब्याज दर में रियायत कम समय के लिये मिलती है जिसे किसान अगर समय नहीं चुका पाता तो उसकी धनराशि बढ़ जाती है। बुंदेली सेना आपसे अनुरोध करती है कि बुंदेलखंड के किसानों को बारिश व ओलावृष्टि की वजह से हुये नुकसान पर सरकार 100 प्रतिशत अनुदान दे।

## निरीक्षण में शिक्षक गायब स्कूल में नहीं बना एमडीएम

**मौदहा**, हमीरपुर। नायब तहसीलदार ने विकासखंड क्षेत्र के दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमे एक शिक्षक गायब मिला वही विद्यालय में दो दिनों से एमडीएम नही बनाया गया था,इस पर नायाब तहसीलदार ने नाराजगी जाहिर की है। नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय टोलामाफ तथा सिसोलर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें टोलामाफ में संचालित विद्यालय में अध्यापक जितेंद्र कुमार अनुपस्थित पाए गए तथा सिसोलर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीते दो दिनों से मध्यान्ह भोजन न बनवाएं जाने के साथ बच्चों को फल और दूध का वितरण भी नहीं किया जा रहा है जिसमें अध्यापकों द्वारा लागत उपलब्ध न होने की बात कही गई है।

# चैत्र माह की अमावस्या पर उमड़े लाखों श्रद्धालु, लगाई कामदगिरि की परिक्रमा



**संवाददाता।** चित्रकूट

**चैत्र** माह के अमावस्या पर्व पर तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं ने रामघाट में स्नान कर कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। लोगों ने मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक भी किया। बडा मठ रामघाट में श्रद्धालुओं के बीच भोजन प्रसाद बांटा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कामतानाथ के जयकारे लगाये। मंगलवार को चैत्र माह की अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने रामघाट में स्नान कर मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक कर कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। खेती-किसानी का सीजन होने के बाद भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास ने बताया कि श्रद्धालुओं की व्यवस्था को प्रशासन के निर्देश पर चौकस व्यवस्था की गई है। तमाम श्रद्धालुओं ने कामतानाथ के दर्शन कर पंचकोसी परिक्रमा लगाई। डीएम-एसपी के निर्देश पर अमावस्या पर्व पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इस बाबत कड़े निर्देश मातहतों को दे रखे हैं। इसी क्रम में अमावस्या पर्व पर बड़ा मठ रामघाट की ओर से तीर्थयात्रियों के बीच भोजन प्रसाद बांटा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जय कामतानाथ जी के जयकारे लगाए। बड़ा मठ के पीछे निर्मोही अखाड़े के पास महंत वरुण प्रपन्नाचार्य के साथ मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, आनंददास महराज और गुलजारीलाल तिवारी ने श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद बांटा।

# मंदाकिनी के रामघाट पर भक्ति रस आधारित कार्यक्रम नवधा का भव्य आयोजन

**संवाददाता।** चित्रकूट

**लोक** एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश में नवरात्र के पावन अवसर पर शक्ति की उपासना के लिए 9 स्थानों पर भिन्न-भिन्न दिवसों में सांस्कृतिक एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। जिसका प्रारंभ चित्रकूट से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं संस्कार भारती चित्रकूट के सहयोग से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा मंगलवार की शाम आरती स्थल राम घाट पर भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नदी में नाव पर मंच बनाकर और शक्ति की उपासना के लिए देवी गीतों का अद्भुत संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में अद्भुत प्रस्तुति रही मिर्जापुर से पधारी पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव एवं चित्रकूट से डॉक्टर राम खेलावन पांडे की। यह कार्यक्रम शक्ति के प्रमुख स्थलों पर किया जा रहा है।

कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर गोपाल कुमार मिश्र ने बताया कि चित्रकूट में वनदेवी का शक्तिपीठ है और इसलिए संस्कृति विभाग की ओर से चित्रकूट से इस भव्य कार्यक्रम का आरंभ किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्तर पर संस्कार भारती चित्रकूट दिव्यांग विश्वविद्यालय ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा जिला प्रशासन ने सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन भी संस्कार भारती द्वारा किया जा रहा है जो नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रात: 4बजे से सूर्योदय तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में भोर के रागों का गायन चार बजे से पांच बजे तक होगा एवं 5बजे से सूर्योदय तक योग का एवं सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम होगा। सूर्योदय के समय सभी लोग भगवान भास्कर को सामूहिक अर्घ्य देंगे और इसी के साथ नव संवत्सर की मंगलमय कामना की जाएगी। कार्यक्रम में कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपालदास महाराज,भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास,मतगजेंद्रनाथ मंदिर के पुजारी विपिन महाराज समेत हजारों की संख्या में घाट पर श्रद्धालुओं ने गीत एवं भजन तथा देवी गीत का रसास्वादन किया। आरती से पूर्व पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव जी का गायन हुआ तथा आरती के पश्चात स्थानीय कलाकार डॉक्टर राजा पांडे का गायन प्रस्तुत हुआ।



## दो गांजा तस्करों के कब्जे से दस किलो गांजा व बाइक हुई बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की बिक्री एवं रोकथाम को जारी अभियान के तहत मऊ थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचकर दस किलो सूखा गांजा व 11180 रुपये तथा मोटरबाइक बरामद की है। मंगलवार को मऊ सीओ राजकमल की देखरेख में थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले दो तस्करों को दबोचा है। गांजा तस्कर शुभम श्रीवास्तव पुत्र स्व इकबाल बहादुर निवासी टिकरा टोला मऊ व शमशेर दुबे पुत्र टेकलाल निवासी सेमरा बरगढ1 के कब्जे से दस किलो सूखा गांजा व 11180 रुपये तथा मोटरबाइक बरामद किया है। आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। मोटरबाइक को एमबी एक्ट में सीज कर दिया है। पुलिस टीम में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, दरोगा बालकिशुन, दीवान जुबेर अली, सिपाही नागेश कुमार, राहुल पाण्डेय, दीप प्रताप शामिल रहे। इसी क्रम में सरधुआ थाना पुलिस के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने कंचन पुत्र रामगोपाल निवासी तीरधुमाई के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है। मऊ थाना पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के वांछित देवीदीन पुत्र कल्लू निवासी बेलहा को गिरफ्तार किया है। रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव ने बलबा-मारपीट के वारंटी सुरेन्द्र उर्फशिवमोहन निवासी गौहाईपुरवा चरदहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चौकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह ने अपहरण के वांछित अजय द्विवेदी उर्फछोटू पुत्र बालेन्द्र द्विवेदी निवासी रतौली जिला महोबा को छेडछाड में वांछित होने पर गिरफ्तार किया है।

## क्विक न्यूज

### महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**फतेहपुर।** डॉ. अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व लक्ष्य गीत गाया। बताया गया कि शिक्षा समाज की एक अनिवार्य जरूरत है इसलिए स्वयंसेवकों ने इस विषय पर काम करने की सोची। छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को बताया कि हम सबके लिए शिक्षित होना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा वर्मा ने विस्तारपूर्वक रिपोर्ट पढ़ी। अतिथियों का स्वागत डॉ चारू मिश्रा व डॉ राजकुमार ने किया। प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं को नैतिक मूल्यों का विकास होता है। मिलजुल कर कार्य करने का कौशल प्राप्त होता है। शिविर की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**रूरा,** कानपुर देहात। कस्बा रूरा में आयोजित श्री राम कथा एवं भजन संध्या के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शंकर पार्वती हनुमान जी, दुर्गा जी,काली माता आदि की झांकियां निकाली गई जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कलश यात्रा में भाजपा नेताओं मदन पांडेय पूर्व जिलाध्यक्षए रविशशी द्विवेदीए रजोल शुक्लाए बउआ त्रिवेदी बसपा नेता, संजय द्विवेदी, आशुतोष मिश्रा छोटे भैया, बृजेंद्र दुबेए जे एन मिश्रा, शिवा पांडेय, रमा शंकर तिवारी, देवेन्द्र दुबेए मनोज शुक्लाए प्रमोद शुक्ला, धीरज पांडेय गिरजेश दुबे, महेश तिवारी भागीदारी करने के साथ कलश यात्रा में शामिल रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर के समीप मंगलवार की शाम ट्रक की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई वही पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी रामचन्द्र का पुत्र सुभाष चन्द्र आज शाम लगभग 4:30 बजे बाइक द्वारा शहर से घर जा रहा था जैसे ही वह राधानगर थाने के मदरियापुर के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंचे समाजसेवी अशोक तपस्वी तत्काल अपने एम्बुलेंस में लादकर घायल को सदर अस्पताल लाये जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### भाषण प्रतियोगिता में सपना को प्रथम व सोनी को दूसरा स्थान

**मौदहा,** हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय मौदहा में अंतर्गत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में पारंपरिक दवाओं और योग की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शक्ति गुप्ता की अध्यक्षता में सरस्वती प्रतिमा पर माला अर्पण कर किया गया डॉ चंदन पांडे जी द्वारा स्वास्थ्य में पारंपरिक दवा की क्या भूमिका है एवं आसपास उपस्थित जड़ी बूटियों से किस तरह स्वास्थ्य को बेहतर किया जाए इस पर अपने विचार रखे डॉ स्नेह लता द्वारा जीवन में योग की भूमिका और उससे स्वस्थ जीवन प्राप्त किया जा सकता है इस विषय पर अपने विचार रखे उसके बाद छात्र छात्राओं ने विषय पर भाषण दिया जिसमें प्रथम स्थान पर सपना यादव, सोनी दिवतीय स्थान पर, सोनी देवी, तृतीय स्थान पर रहे।



### दुकानों से लाखों का सामने लेकर चंपत हुए चोर

**मोहम्मदाबाद]** फर्रुखाबाद। कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योता में बीती रात्रि चोरों ने 2 दुकानों में नकब लगाकर सामान चुरा कर रफूचक्कर हो गये। सुबह पड़ोसी ने जब दुकान में नकब लगा देखा तो दुकानदारों को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव ज्योता निवासी दुष्यंत राठौर की गांव के बाजार में राठौर जन सेवा केंद्र की दुकान है जिसमें वह कॉपी, किताबे, मोबाइल, बेचकर जन सेवा केंद्र चलाते है। रात्रि में चोर दुकान के पीछे नकब लगाकर अंदर घुस गए, अंदर कमरे के गेट में आग लगाकर दुकान में दाखिल हो गए। चोर दुकान से 38 हजार की नकदी व 28 फोन पर एक कैमरा ले गए। दुष्यंत ने बताया कि चोरी से लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हो गया है। पड़ोस में ही राहुल सक्सेना की ठंडा व चाऊमीन की दुकान है। चोर राहुल सक्सेना की दुकान के साइड में नकब लगाकर दुकान से 30 हजार रुपए ले गए।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्यकर्मियों का जोरदार धरना प्रदर्शन

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**पुरानी** पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व सहयोगी संगठनों के साथ रेलवे मेंस यूनियन द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया परिषद के अध्यक्ष रामबिहारी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन का संचालन नौशाद अली के द्वारा किया गया बाद में राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पुन: दोहराया गया है।

धरना प्रदर्शन को ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर कार्यकारी अध्यक्ष सुशील पाराशर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष सुरेश निषाद लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित पाल ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री नौशाद अली, महिला एवं बाल विकास विभाग के रमाकांत दोहरे नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन के सचिव केके त्रिपाठी परिषद के मंत्री प्रियंक सक्सेना मलेरिया विभाग से सुरजीत सिंह, वन विभाग से वीरेंद्र सिंह, वाणिज्यकर से राजीव तिवारी, भूमि संरक्षण विभाग से के राम, लघु सिंचाई विभाग से अजय कुमार, सिंचाई विभाग से अरविंद कुमार, नलकूप विभाग से संजीव यादव, पंचायती राज मिनिस्ट्रियल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद मुबारक ने अपने विचार रखे। इसके साथ ही पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव, गिरेंद्र सिंह, रामराजा दुबे ने भी पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में विचार रखें। अंत में परिषद के अध्यक्ष राम बिहारी वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों का कहना था कि नई पेंशन स्कीम को खत्म कर पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए जो कि हम सब कर्मचारियों का बुढ़ापे का सहारा है। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों की पिटाई का उलाहना देने पर किया घातक हमला

**जालौन,** उरई। खेलने गये बच्चे के साथ कुछ बच्चों ने पिटाई कर दी। जब पिता बच्चे की पिटाई का उल्हाना देने गया तो पहले से मौजूद युवकों ने पिता के साथ धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार की सायं बैठगंज निवासी राजेश कुमार का बेटा अनुरूद्ध हरीपुरा जोशियाना में निर्माणाधीन सूखे पड़े तालाब में खेलने गया था। खेलने के दौरान ही बच्चों का आपस में झगड़ा हो गया। कुछ बच्चों ने झगड़ा कर अनुरुद्ध के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसने घर आकर घटना की जानकारी दी तो उसके पिता राजेश अपने छोटे भाई संजय के साथ मौके पर पहुंचे तो पहले से मौजूद सौरभ, भूरे आदि युवकों ने राजेश के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आनन फानन में उन्हें चिकित्सालय में भेजा गया तथा घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी गयी। जब तक पुलिस पहुंची तब तक आरोपी युवक फ़रार हो गये।

# आठ हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम



**संवाददाता।** फतेहपुर

**शहर** के हरिहरगंज की रहने वाली शिप्रा गुप्ता ने आठ हजार किलोमीटर की यात्रा तय करके वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। गुरूप्रसाद व ज्योत्सना गुप्ता की बेटी शिप्रा गुप्ता ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट करने के बाद गुड़गांव चली गई और पिछले वर्ष 22 नवंबर को यात्रा पर निकली। इस दौरान पाकिस्तान बॉर्डर, बाघा बॉर्डर सहित नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, चाइना, म्यानमार,श्रीलंका सहित 7 देशों के साथ 17 प्रदेशों का भ्रमण करने का दावा किया। बकौल शिप्रा एक बेटी होकर अकेले घूमना और अलग-अलग प्रदेश व देशों में जाकर वहां की बोली, भाषा वहां के कल्चर को समझना अपने आप में बड़ी बात है। अब उनकी कोशिश है कि वह अपने देश का नाम आगे भी रोशन करें। उन्होंने पीएम मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पसंदीदा नेता बताया। वहीं किरण बेदी के साथ-साथ अपनी माता को अपना आदर्श बताया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा को पूरा करने के लिए उनके अंदर इतनी लगन थी कि 12 लाख रुपए पैकेज की नौकरी भी छोड़ दी। कहा यह सफर आगे भी जारी रहेगा।

# पेज एक का शेष

## संसद में...

बीच जम्मू कश्मीर का 2023-24 का बजट तथा केंद्र के आम बजट से जुड़ी वित्त वर्ष 2022-23 की अनुदान की अनुपूरक मांगों को बिना चर्चा के ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। दोनों ही सदनों में बुधवार को चैत्र शुक्लादि, गुड़ी पड़वा आदि त्योहारों के कारण बैठक नहीं होगी। लोकसभा में आज प्रश्नकाल आरंभ होने के साथ ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। उन्होंने वी वांट जेपीसी के नारे लगाए। भारतीय जनता पार्टी के भी कुछ सदस्यों ने राहुल गांधी से उनके बयान के लिए माफी की मांग करते हुए नारेबाजी की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने सभी दलों के नेताओं से व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया था, यहां भी कर रहा हूं कि सदन चलने दें। बजट सत्र महत्वपूर्ण है। हंगामा नहीं थमने पर पूर्वाह्न 11 बजकर करीब सात मिनट पर सदन की कार्यवाही पहले दोपहर दो बजे तक और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लगातार हंगामे की स्थिति को तोड़ने के लिए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने दोपहर एक बजे अपने कक्ष में सभी दलों के नेताओं को बातचीत के लिए भी बुलाया और सभी सदन चलाने के लिए सहयोग मांगा। उनका कहना था कि सदन में विषयों पर चर्चा भी हो और काम भी होना चाहिए। इसमें कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के नेताओं ने अडाणी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाया और अपने रुख पर कायम रहे। इस प्रकार यह बैठक बेनतीजा रही और इसके बाद भी कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी और स्थगित करनी पड़ी। उधर, राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध को दूर करने की पहल करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने विभिन्न दलों के नेताओं के साथ दो दौर की बैठक की। पहली बैठक में कई विपक्षी दलों के नेताओं ने बहिष्कार किया जबकि दूसरी बैठक में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), तृणमूल कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति, द्रविड़ मुनेत्र कषगम जैसे विपक्षी दल तो आए, लेकिन कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं हुआ। डेढ़ घंटे तक चली बैठक के दौरान धनखड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह सदन सहयोगी तरीके से बहस और चर्चा के लिए है, न कि टकराव और गतिरोध के लिए, लेकिन गतिरोध नहीं टूटा। उपराष्ट्रपति सचिवालय से जारी एक बयान के मुताबिक सभापति ने 23 मार्च की सुबह सदन के नेताओं की एक और बैठक बुलाई है। इससे पहले, राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि नियम 267 के तहत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कराने को लेकर उन्हें 11 नोटिस मिले हैं। धनखड़ ने कहा कि उन्हें कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रंजीत रंजन, कुमार केतकर, सैयद नासिर हुसैन, अमी याज्ञनिक, नीरज डांगी और जेबी मेथर हाशेम सहित कुछ अन्य सदस्यों से नियम 267 के तहत नोटिस मिले है। उन्होंने कहा कि इन नोटिस के जरिए, अडाणी समूह के खिलाफ लेखा धोखाधड़ी और शेयर बाजार में हेरफेर के आरोपों की जांच के लिए जेपीसी गठित करने में सरकार की विफलता पर चर्चा की मांग की गई है। आसन से अनुमति मिलने के बाद अपनी बात रखने के लिए जैसे ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे खड़े हुए, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगाने शुरू कर दिए। हंगामे को देखते हुए सभापति ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। सदन में हंगामा होने के कारण सभापति ने बैठक को 23 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया।

## जेपीसी से...

कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पार्टी के कई अन्य सांसद, द्रमुक, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कुछ अन्य दलों के नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। विपक्षी सदस्य दोनों सदनों की बैठक अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद संसद के प्रथम तल के गलियारे में जमा हुए और वी वांट जेपीसी के नारे लगाए। प्रदर्शन का वीडियो साझा करते हुए खरगे ने ट्वीट किया कि हमें चाहिए जेपीसी। परम मित्र को बचाने के लिए लोकतंत्र को दांव पर मत लगाओ, जेपीसी बैठाओ, संसद चलाओ और सच्चाई सामने लाओ। उन्होंने सवाल किया कि अगर सही नीयत और सही विकास है, तो फिर सरकार संसद में चर्चा कराने से क्यों भाग रही है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि आज सुबह राज्यसभा के सभापति ने विपक्ष के नेता खरगे जी को बोलने की अनुमति दी। वह अपनी बात रखने के लिए उठे, लेकिन भाजपा सांसदों ने नारेबाजी करके उन्हें बोलने नहीं दिया। इसके बाद सभापति ने राज्यसभा की बैठक को अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दिया। उन्होंने सवाल किया यदि मोदी सरकार का ऐसा ही व्यवहार रहा, तो गतिरोध कैसे टूटेगा? कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष ने हंगामा करके राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करवाई और नेता प्रतिपक्ष खरगे को बोलने नहीं दिया गया। राहुल गांधी से भाजपा की माफी की मांग को लेकर गोहिल ने कहा कि माफी प्रधानमंत्री मोदी को मांगनी चाहिए, जिन्होंने विदेश में जाकर कई बार भारत का अपमान किया। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने कुछ ऐसा नहीं कहा है, जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उधर, तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने अडाणी समूह के मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चुप्पी तोड़ने की मांग करते हुए संसद परिसर में अलग से प्रदर्शन किया।

## आज की...

ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में विपक्षी दलों के न आने पर संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ गोयल ने विपक्ष पर जगदीप धनखड़ से मिलने से इनकार कर बार-बार उनका अपमान करने का भी आरोप लगाया। गोयल ने कहा कि सभापति द्वारा बुलाई गई बैठक में मंगलवार को भी कांग्रेस समेत कुछ दल शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि हालांकि वे अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई बैठक में मौजूद थे। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसे समय में जब केंद्रीय बजट की चौतरफा प्रशंसा हो रही है, मोदी को दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में पहचाना जा रहा है और भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्यों में चुनाव जीते हैं, विपक्षी दल, विशेष रूप से कांग्रेस और उसके सहयोगी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

## पंजाब सरकार...

भी जारी किया गया था। पुलिस ने याचिकाकर्ता के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि अमृतपाल को जालंधर के शाहकोट इलाके में हिरासत में लिया गया था। पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को भागने में मदद करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि मनप्रीत सिंह उर्फ मन्ना, गुरदीप सिंह उर्फ दीपा, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और गुरभेज सिंह उर्फ भेजा को अमृतपाल सिंह को भगाने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह समेत उसके तीन और साथियों को मंगलवार को उच्च सुरक्षा वाली डिब्रूगढ़ जेल में लाया गया। इन लोगों को मिला कर 19 मार्च के बाद से अमृतपाल सिंह के वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) से जुड़े सात सदस्यों को यहां लाया जा चुका है। हरजीत सिंह के साथ कुलवंत सिंह धालीवाल और गुरिंदर पाल सिंह नामक डब्ल्यूपीडी के दो सदस्यों को यहां लाया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य की शांति एवं सौहार्द्र में खलल डालने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

## भाजपा दुनिया...

उसके पथ को समझना उन उद्यमियों और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण है जो भारत के साथ आर्थिक रूप से जुड़ना चाहते हैं, साथ ही यह राजनयिकों और नीति निर्माताओं के लिए भी महत्वपूर्ण है जो स्थाई रणनीतिक संबंध चाहते हैं। गौरतलब है कि अमेरिका, भारत और अन्य विश्व शक्तियां संसाधनों से समृद्ध हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति की पृष्ठभूमि में स्वतंत्र, मुक्त क्षेत्र के बारे में बात कर रहे हैं। मीड ने भारत में सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अपनी मुलाकात के बारे में भी लिखा है और याद किया कि कैसे उनसे निवेश लाने और राज्य के विकास पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, ऐसे ही, आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने मुझसे भारत के आर्थिक विकास में तेजी लाने की जरूरत के बारे में बात की और ऐसे विचारों को खारिज किया कि धार्मिक अल्पसंख्यकों को भेदभाव या नागरिक अधिकारों में कमी का सामना करना चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 मार्च, 2023



# चीन की शांति योजना कारगर : पुतिन

● कहा- यूक्रेन में लड़ाई का होगा समाधान बशर्ते पश्चिमी देश राजी हों

**भाषा।** कीव

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि चीन की शांति योजना यूक्रेन में लड़ाई के समाधान के लिए एक आधार प्रदान कर सकती है बशर्ते पश्चिमी देश इसके लिए तैयार हों।
चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत के बाद पुतिन ने आरोप लगाया कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने अब तक इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन यूक्रेन को घटिया यूरेनियम युक्त युद्धक टैंक के लिए गोला-बारूद उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश कीव को परमाणु क्षमता वाले हथियारों की आपूर्ति करने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो रूस माकूल जवाब देगा लेकिन इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।



## जापान के पीएम किशिदा कीव पहुंचे

**कीव। जापान के** प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एक आकस्मिक दौरे पर मंगलवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। जापान के सरकारी टेलीविजन चैनल एनएचके ने यह जानकारी दी। किशिदा ऐसे समय पर कीव आए है, जब चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग रूस पहुंचे और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को इस साल के आखिर में बीजिंग में होने जा रहे एक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। शी ने मास्को में रूसी अधिकारियों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री किशिदा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक करेंगे। रूस-यूक्रेन के बीच एक साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग की रूस यात्रा और ठीक इसी दौरान जापान के प्रधानमंत्री किशिदा के यूक्रेन पहुंचने को अहम माना जा रहा है। एनएचके के फुटेज मे किशिदा को एक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर कुछ लोगो के साथ चलते देखा गया। किशिदा के साथ चल रहे लोग संभवतः यूक्रेन के अधिकारी थे। वही, जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन यात्रा के दौरान किशिदा यूक्रेनी लोगो के साहस और धैर्य के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे, जो राष्ट्रपति जेलेंस्की के नेतृत्व में अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं।

## यूक्रेन और रूस ने क्रीमिया के शहर में हमले को लेकर अलग-अलग दावे किए

**कीव।** रूस और यूक्रेन के अधिकारियों ने क्रीमिया के एक शहर मे सोमवार को हमले के संबंध मे अलग-अलग दावे किए है। यूक्रेन की सेना ने ट्रेन के जरिए ले जाई जा रही रूसी क्रूज मिसाइल को नष्ट करने का दावा किया है। वही, रूस का दावा है कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई मे असैन्य ठिकानो को निशाना बनाया। यूक्रेन की सेना की प्रवक्ता ने संकेत दिया कि उत्तरी क्रीमिया के जांकोई मे कैलिबर क्रूज मिसाइल को उसकी सेना ने नष्ट किया हालांकि सीधे तौर पर इसकी जिम्मेदारी नही ली। यूक्रेन की दक्षिणी संचालन कमान के लिए प्रवक्ता नतालिया हुमेनिक ने हमले को रूस के लिए एक संदेश बताया कि उसे काला सागर प्रायद्वीप से चले जाना चाहिए जिसपर उसने 2014 मे कब्जा कर लिया था। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक अस्पष्ट बयान मे कहा है कि एक विस्फोट से कई क्रूज मिसाइलें नष्ट हो गईं। बयान मे यूक्रेन को स्पष्ट रूप से इस हमले के लिए जिम्मेदार नही ठहराया गया है। सेना की खुफिया एजेंसी ने कहा कि मिसाइल को ट्रेन के जरिए ले जाया जा रहा था और इन्हे पनडुब्बी के जरिए प्रक्षेपित किया जाना था। हालांकि, रूस द्वारा नियुक्त क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अक्सेनोव ने घटना के बारे मे अलग विवरण दिए है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई मे असैन्य ठिकानो को निशाना बनाया। उन्होने कहा कि हमले मे एक व्यक्ति घायल हो गया लेकिन कोई गंभीर नुकसान नही हुआ। सोशल मीडिया पर सोमवार को कई असत्यापित खबरो मे दावा किया गया कि रूस की रक्षा प्रणाली ने क्रीमिया मे कई ड्रोनों को गिरा दिया। इस संबंध मे किसी भी खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नही की जा सकी है।

# यूक्रेन के बच्चों को रूस ले जाने के मामले पर संरा की बैठक बुलाएगा रूस

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**रूस ने** अप्रैल की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक अनौपचारिक बैठक बुलाने की योजना बनाई है, जिसमें यूक्रेनी बच्चों को रूस ले जाने की वास्तविक स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने इस मामले में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिसके बाद से यह मामला सुर्खियों में है। आईसीसी ने गत शुक्रवार को यूक्रेन से बच्चों के अपहरण में कथित संलिप्तता के कारण युद्ध अपराधों के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूस आईसीसी की शुक्रवार को की गई घोषणा से काफी पहले से ही परिषद की बैठक बुलाने की योजना बना रहा था। रूस अप्रैल में परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। अदालत ने कहा था कि वह पुतिन की गिरफ्तारी की मांग इसलिए कर रही है क्योंकि वह बच्चों के अवैध निर्वासन और यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी संघ में बच्चों को अवैध रूप से ले जाने संबंधी युद्ध अपराधों के लिए कथित रूप से जिम्मेदार हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय में बाल अधिकार मामलों की आयुक्त मारिया अलेक्सेएवना लवोवा-बेलोवा के खिलाफ भी ऐसे ही आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस फैसले का यूक्रेन ने स्वागत किया है। यूक्रेन पर रूस ने 14 फरवरी 2022 को हमला कर दिया था। युद्ध अब भी जारी है।

# गूगल ने सुरक्षा चिंताओं के बीच चीनी शॉपिंग ऐप को प्ले स्टोर से हटाया

**भाषा।** हांगकांग

**गूगल ने** चीनी शॉपिंग ऐप पिंडुओडुओ को अपने प्ले स्टोर से हटा दिया है, क्योंकि ऐप के अन्य स्रोतों से मालवेयर का पता चला था। गूगल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसने गूगल प्ले स्टोर पर पिंडुओडुओ ऐप को सुरक्षा चिंताओं से बाहर कर दिया और वह इस मामले की जांच कर रहा है। मुख्य रूप से यह ऐप चीन में काम करता है। टिकटॉक समेत चीन के नियंत्रण वाले कई ऐप को लेकर पहले से अमेरिका-चीन के बीच तनाव है।

**Public Notice**
This is to inform General Public that Mr. Rakesh Kumar Singla has acquired the Industrial Leasehold Property Bearing No. 58, Land area measuring 211.45 Sq. mtrs. in Block-E, Situated at Noida Sector-6, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P by way of Transfer Deed Cum Sale deed dated 23.12.2021, Doc No. 5225. Now, Mr. Rakesh Kumar Singla is mortgaging the above said property with HDFC Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय मकान संख्या 66, ब्लॉक -ए, सेक्टर 55, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उ० प्र०, जिसके मूल आवंटी श्री जगदीश सिंह सयाल पुत्र श्री सरदार सिंह निवासी ई- 135, अमर कॉलोनी, लाजपत नगर, नई दिल्ली ने मुख्तारनामा आम के आधार पर निम्न व्यक्ति को निम्न क्रमानुसार बेचा गया। दि० 19.09.1994 को मुख्तारनामा आम श्रीमती दीप्ति माथुर पत्नी श्री संजीव सहाय माथुर निवासी ए-12, पांडव नगर, दिल्ली- 110092, के पक्ष में पंजीकृत किया गया है, एवं विक्रय संविदा पंजीकृत नहीं है। चूंकि विक्रय संविदा नहीं है अतः इस नोटिस के माध्यम से सभी को सूचित किया जाता है कि उक्त एक आवासीय मकान संख्या 66 ब्लॉक ए, सेक्टर 55, नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर, उ० प्र०, को मुख्तारनामा आम के द्वारा श्री विनीत अग्रवाल पुत्र श्री ओम प्रकाश अग्रवाल निवासी सी-34-ए रजत विहार, सेक्टर 62, नोएडा उ० प्र०, के पक्ष में अन्तरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर संबंधित साक्ष्यों के साथ नोएडा प्राधिकरण के आवासीय विभाग में दाखिल कर सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**
**खेत्रपाल अस्पताल**
F-95 बाली नगर, मेन नजफगढ़ रोड, रमेश नगर मेट्रो स्टेशन के पास, नई दिल्ली-110015
आप सभी को सूचित किया जाता है कि खेत्रपाल अस्पताल F-95 बाली नगर, नई दिल्ली-110015, अपने सभी 2013 के मेडिकल रिकार्ड्स नष्ट करने जा रहा है सरकार के दस्तावेज प्रतिधारण नीति के अनुसार किसी भी सम्बंधित व्यक्ति विशेष को अगर इन रिकार्ड्स से कोई भी जानकारी लेनी हो तो 30 अप्रैल 2023 तक **अस्पताल प्रबंधन** को या एम आर डी प्रभारी को संपर्क करे।

## पश्चिम से बढ़ते दबाव के बीच टिकटॉक ने अपनी नियमावली में बदलाव किया

**लंदन।** पश्चिमी देशो के बढ़ते दबाव की पृष्ठभूमि मे सोशल मीडिया मंच टिकटॉक ने मंगलवार को अपनी सामग्री और उपयोक्ताओं (कंटेंट और यूजर) के लिए नियमावली को अपडेट किया। पश्चिमी देश वीडियो साझा करने वाले इस चीनी ऐप की मदद से फर्जी सूचनाओं के फैलने की आशंका से चिंतित है। कंपनी ने ताजा सामुदायिक दिशा-निर्देश जारी किया है जिसमे अपलोड की जाने वाली सामग्री के लिए आठ सिद्धांत तय किए गए है।

## सऊदी अरब ने आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**वाशिंगटन।** सऊदी अरब ने युवराज मोहम्मद बिन सलमान पर आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले अमेरिकी नागरिक को रिहा कर दिया है। अमेरिका मे फ्लोरिडा के रहने वाले साद अल मादी (72) ने युवराज मोहम्मद बिन सलमान की आलोचना करते हुए कुछ ट्वीट किए थे, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। साद अल मादी के बेटे इब्राहिम अल मादी ने अपने पिता के रिहा होने की जानकारी दी है। साद अल मादी की रिहाई को लेकर सऊदी अथवा अमेरिकी अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी कर इसकी पुष्टि नही की गई है। लेकिन, साद अल मादी की रिहाई की प्रक्रिया बीते एक सप्ताह से ही शुरू हो गई थी।

## भारतीय छात्रों ने पीएम सुनक से अंग्रेजी परीक्षा घोटाले पर संज्ञान लेने को कहा

**लंदन।** भारतीयों सहित विभिन्न देशों के छात्रों ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को ज्ञापन देकर अंग्रेजी परीक्षा मे घोटाले के कारण अन्यायपूर्ण तरीके से उनका वीजा रद्द किए जाने के मामले मे हस्तक्षेप कर कार्वाई का आग्रह किया। यह मामला 2014 का है जब बीबीसी पैनोरमा की पड़ताल मे सामने आया था कि वीजा के लिए अनिवार्य भाषाई परीक्षा के दौरान ब्रिटेन मे दो परीक्षा केन्द्रो पर धांधली हुई थी। ब्रिटिश सरकार ने ऐसे केन्द्रो के खिलाफ विस्तृत कार्वाई की और इस कारण इन केन्द्रो पर परीक्षा देने वाले सैकड़ो-हजारो छात्रों का वीजा रद्द हो गया।

## टीटीपी मुद्दे पर चर्चा के लिए पाकिस्तान पहुंचा अफगान तालिबान शिष्टमंडल

**इस्लामाबाद।** खुफिया विभाग और सुरक्षा अधिकारियों सहित अफगान तालिबान का एक शिष्टमंडल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर पाकिस्तान की आशंकाओं को दूर करने के लक्ष्य से हाल ही मे देश के एक गुपचुप दौरे पर आया था। मीडिया मे मंगलवार को इस संबंध मे खबरे आई है। काबुल मे तालिबान प्रशासन ने भी इसकी पुष्टि की है कि खुफिया महानिदेशालय (जीडीआई) के प्रमुख अब्दुल्ला गजनवी के नेतृत्व मे एक शिष्टमंडल टीटीपी और पाकिस्तान को खतरे के संबंध मे बात करने इस्लामाबाद आया था।


## वैपिंग कितना हानिकारक है और क्या इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए?

**पर्थ।** वैपिंग नियमित रूप से सुर्खियां बटोरता है, कुछ लोग धूम्रपान छोड़ने मे मदद के लिए ई-सिगरेट की अधिक उपलब्धता की बात करते है, जबकि अन्य लोग विशेष रूप से किशोरों के लिए खतरो का हवाला देते हुए वैपिंग उत्पादो पर प्रतिबंध लगाने के इच्छुक है।तो यह कितना खतरनाक है? हमने वैपिंग अनुसंधान की साक्ष्य जांच की है। इसमे तम्बाकू से होने वाले नुकसान मे कमी, वैपिंग के प्रसार और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावो और प्रतिक्रिया मे अन्य देश क्या कर रहे है।

# पाक अदालत ने इमरान की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**भाषा।** इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद की** एक आतंक-रोधी अदालत (एटीसी) ने पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले में पेशी से छूट की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। खान के वकील सरदार मसरूफ खान अदालत में पेश हुए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख की कानूनी टीम ने उनकी ओर से मंगलवार की पेशी से छूट के लिए अनुरोध दायर किया। एटीसी न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास के समक्ष पेश वकील ने कहा कि इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर में 70-वर्षीय खान की पिछली पेशी पर हुई घटना सभी के आंखों के सामने थी। वकील ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की आशंका थी। वकील ने कहा कि खान खुद न्यायिक परिसर जाना चाहते थे, लेकिन मौजूदा स्थिति ने इसकी इजाजत नहीं दी। इस्लामाबाद न्यायिक परिसर के बाहर शनिवार को उस वक्त जबर्दस्त झड़पें हुईं, जब खान तोशाखाना मामले की बहुप्रतीक्षित सुनवाई में शामिल होने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे। पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव के दौरान, 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, जिसके बाद अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने अदालत की सुनवाई को 30 मार्च तक के लिए टाल दिया।



## हिंसा भड़काने के आरोप में पाकिस्तानी पत्रकार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के लिए पिछले सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पेशी के दौरान यहां अदालत परिसर के बाहर हिंसा भड़काने के आरोप में एक पत्रकार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी खान के समर्थकों और पुलिस के बीच शनिवार को कई घंटे तक संघर्ष हुआ था। यह संघर्ष अदालत परिसर के बाहर उस समय हुआ था, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्यवाही में भाग लेने के लिए अदालत पहुंचे थे। आयोग ने खान के खिलाफ शिकायत संपत्ति घोषणाओं में उपहारों का ब्योरा कथित रूप से छिपाने को लेकर दायर की थी। इस्लामाबाद पुलिस ने ट्वीट किया, बोल न्यूज से जुड़े पत्रकार सिद्दीकी जान को पुलिस ने सोमवार को इस्लामाबाद में उनके कार्यालय से पकड़ा और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई, बाद में उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया।

## अदालत ने आतंकवाद के दो मामलों में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय से तीन मामलो मे गिरफ्तारी से संरक्षण प्राप्त किया। इन मामलो मे से दो मामले आतंकवाद से संबंधित है, जो पिछले सप्ताह इस्लामाबाद मे न्यायिक परिसर के बाहर हुई हिंसक झड़प के मामले में उनके खिलाफ दर्ज किए गए थे। न्यायमूर्ति शहबाज रिजवी और न्यायमूर्ति फारूक हैदर की दो न्यायाधीशों वाली पीठ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख को 27 मार्च तक आतंकवाद के मामलों मे गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। खान तोशाखाना मामले मे एनएबी की जांच के संबंध मे लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के न्यायमूर्ति बाकिर नकवी के समक्ष भी पेश हुए।

# बोरिस जॉनसन ने संसद को गुमराह करने की बात मानी, लेकिन कहा-ऐसा अनजाने में हुआ

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान सरकारी कार्यालयों में नियमों के खिलाफ पार्टी आयोजित करने के मामले में उन्होंने संसद को गुमराह किया लेकिन जोर दिया कि ऐसा जानबूझकर नहीं किया गया था। कोविड-19 लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में पार्टी आयोजित करने के संबंध में उन्हें सांसदों के सवालों का सामना करना होगा कि क्या उन्होंने नियमों को तोड़ने पर झूठ बोला। अगर यह पाया गया कि उन्होंने जानबूझकर झूठ बोला था तो उन्हें निलंबित किया जा सकता है या संसद की सदस्यता भी जा सकती है। हाउस ऑफ कॉमन्स की विशेषाधिकार समिति को लिखित जवाब में, जॉनसन ने स्वीकार किया कि संसद में मेरा बयान कि हर समय नियमों और परामर्श का पालन किया गया था, सही नहीं निकला।

# उपहारों की जानकारी नहीं दे पाए ट्रंप




**भाषा।** वाशिंगटन

**दलगत** लोकतांत्रिक कांग्रेस समिति ने एक रिपोर्ट में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (76) पर आरोप लगाया है कि वह अपने परिवार को विदेशी नेताओं द्वारा दिए गए 250,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग दो करोड़ छह लाख रुपए) के उपहार के बारे में जानकारी देने में विफल रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, उपहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहित कई भारतीय नेताओं द्वारा दिए गए 47,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 38 लाख 85 हजार रुपए) के उपहार भी शामिल हैं। समिति की रिपोर्ट का शीर्षक है सऊदी तलवारें, भारतीय आभूषण, और डोनाल्ड ट्रम्प का एक विशालकाय साल्वाडोरन पोर्ट्रेट: प्रमुख विदेशी उपहारों की जानकारी देने में ट्रम्प प्रशासन की विफलता।रिपोर्ट, विदेशी उपहार और सजावट अधिनियम के तहत, कार्यालय में रहते हुए विदेशी सरकारी अधिकारियों से मिले उपहारों की जानकारी देने में पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प की विफलता को लेकर समिति डेमोक्रेट्स की चल रही जांच के प्रारंभिक निष्कर्ष प्रस्तुत करती है। ट्रम्प, एक रिपब्लिकन नेता हैं और वह 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के पद पर थे।

## पॉर्न स्टार को धन के भुगतान से जुड़े विवाद में ग्रैंड ज्यूरी अपना काम पूरा करने को तैयार

**न्यूयॉर्क।** एक पोर्न स्टार को धन का भुगतान करने के मामले मे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जांच कर रही न्यूयॉर्क ग्रैंड ज्यूरी जल्द ही अपना काम पूरा करने के लिए तैयार है और कानून लागू करने वाले अधिकारी अभियोग की स्थिति मे संभावित अशांति से निपटने की तैयारी कर रहे है। ट्रंप किसी साक्ष्य के बगैर सप्ताहांत से दावा कर रहे है कि उन्हे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, हालांकि उनके प्रतिनिधियों ने बाद मे कहा कि वह मीडिया खबरो एवं लीक के हवाले से ऐसा कर रहे है। ऐसे मौके पर जब न्यूयॉर्क जूरी की जांच निष्कर्ष की ओर बढ़ रही है, ट्रम्प को अटलांटा और वाशिंगटन मे भी आपराधिक जांच का सामना करना पड़ सकता है और महत्वपूर्ण कानूनी संकट पैदा कर सकता है।

# चीन से ऋण लेने को लेकर सतर्क है बांग्लादेश : हसीना

**भाषा।** ढाका



**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार चीन के साथ विकास साझेदारी को लेकर बहुत ज्यादा सतर्क है और ढाका विदेशी सहायता के लिए किसी देश विशेष पर निर्भर नहीं है। गौरतलब है कि दुनिया भर में छोटे देशों पर चीन के बढ़ते ऋण को लेकर चिंता की स्थिति है। श्रीलंका द्वारा हम्बनटोटा बंदरगाह 99 साल के पट्टे पर चीन को दिए जाने के बाद चीन की महत्वकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल और छोटे देशों में अरबों डॉलर की लागत वाली महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में चीन द्वारा सहायता किए जाने के कुप्रभाव को लेकर चिंता बढ़ी। हसीना ने सीएनएन के साथ साक्षात्कार में कहा, हम ऋण लेने के मामले में बहुत सतर्क हैं... ज्यादातर हम विश्व बैंक या एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से ऋण लेते हैं। चीन से हमने बहुत कम ऋण लिया है। यह श्रीलंका या अन्य देशों जैसा नहीं है।

# प्रकाश प्रदूषण : बदल रहा रात का आसमान

● उपग्रह और अंतरिक्ष कबाड़ अंधेरी रात के आसमान को उजला बना सकते हैं, सितारों को छिपा सकते हैं

**भाषा।** क्वींसलैंड

**अनादि काल** से, दुनिया भर के मनुष्यों ने रात के आकाश को आश्चर्य से देखा है। तारों भरी रात के आसमान को देखकर न केवल संगीत, कला और कविता के अनगिनत कार्य किए गए हैं, बल्कि इसने टाइमकीपिंग, नेविगेशन और कई परंपराओं में कृषि पद्धतियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कई संस्कृतियों के लिए, रात का आकाश, अपने सितारों, ग्रहों और मिल्की वे के साथ, प्राकृतिक पर्यावरण का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है जितना कि जमीन के जंगल, झीलें और पहाड़। दुनिया भर में अनगिनत लोग रात के आकाश को निहारते हैं: न केवल शौकिया और पेशेवर खगोलविद, बल्कि आकस्मिक पर्यवेक्षक भी जो ब्रह्मांड में हमारे स्थान पर विचार करने के लिए सितारों को देखने का आनंद लेते हैं। हालांकि, रात का आसमान बदल रहा है। न केवल भू-आधारित प्रकाश प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में उपग्रहों और अंतरिक्ष मलबे की बढ़ती संख्या भी रात के आकाश को प्रभावित कर रही है। पहले के शोध से पता चला था कि उपग्रह और अंतरिक्ष मलबे रात के आकाश की समग्र चमक को बढ़ा सकते हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी में एक नए पेपर में, मेरे सहयोगियों और मैंने इस ज्ञान को एक प्रमुख खगोलीय आकाश सर्वेक्षण के प्रदर्शन की भविष्यवाणी करने के लिए लागू किया। हमने पाया कि यह घटना सर्वेक्षण को 7.5ऽ कम कारगर और दो करोड़ 18 लाख डॉलर अधिक महंगा बना सकती है।



## खगोलविदों के लिए कठिन समय

हमारे शोध मे, हम प्रमुख भू-आधारित खगोल विज्ञान अनुसंधान सुविधाओ पर पृथ्वी की निचली कक्षा मे उपग्रहो और अंतरिक्ष मलबे के कुल प्रभावों की पहली प्रकाशित गणना प्रस्तुत करते है। हमने 2024 मे शुरू होने वाले वेरा रुबिन वेधशाला मे किए जाने वाले रात्रि आकाश के नियोजित बड़े पैमाने के सर्वेक्षण पर प्रभाव को देखा। हमने पाया कि 2030 तक, निचली-पृथ्वी कक्षा मे वस्तुओं से परावर्तित प्रकाश के प्रसार मे वृद्धि होने की संभावना होगी। इस सर्वेक्षण के लिए पृष्ठभूमि चमक प्रदूषण रहित आकाश की तुलना मे कम से कम 7.5ऽ तक अधिक होगी।इससे इस सर्वेक्षण की दक्षता मे भी 7.5ऽ की कमी आएगी। सर्वेक्षण के दस साल के जीवनकाल मे, हमारा अनुमान है कि इससे कुल परियोजना लागत मे कुछ दो करोड़ 18 लाख डॉलर जुड़ जाएंगे।उज्जवल रात के आसमान का मतलब है कि ब्रह्मांड मे दूर की वस्तुओं को देखने के लिए दूरबीनो के माध्यम से लंबे समय तक संपर्क की आवश्यकता होगी।

## एक नाटकीय और अभूतपूर्व परिवर्तन

आकाश की चमक मे वृद्धि से रात के आकाश को बिना सहायता के खुली आंखो से देखने का तरीका भी बदल जाएगा। जैसा कि मानव आंख अलग-अलग छोटी वस्तुओं को एक साथ नही देख सकती है, जिस तरह से एक टेलीस्कोप देख सकता है, उपग्रहो और अंतरिक्ष मलबे मे वृद्धि रात के आकाश की स्पष्ट चमक में और भी अधिक वृद्धि करेगी। (दूरबीन का उपयोग करते समय, कोई व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अधिक मंद उपग्रहो को देखने मे सक्षम होगा।)रात के आकाश की चमक मे अनुमानित वृद्धि से धुंधले सितारों और मिल्की वे को देखना मुश्किल हो जाएगा, जो दोनों विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओ मे महत्वपूर्ण है।

Form No. 3
[See Regulation-15 (1)(a)]/ 16(3)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)
1st Floor SCO 33-34-35, Sector-17 A, Chandigarh (Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
Case No. : OA/357/2021
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
Exh. No. 15290
ICICI BANK LIMITED
VS
ARPIT KHANNA AND OTHERS
To,
(1) ARPIT KHANNA
D/W/S/O- SH ASHOK KHANNA SHRI ARPIT KHANNA SON OF SHRI ASHOK KHANNA, R/O T-25 G004 PARK FLOOR PART II BPTP SECTER 76, FARIDABAD - 121006, HARYANA, FARIDABAD, HARYANA
Also At
FLAT NO. A 004 GROUND FLOOR, PARKWOOD GLADES TOWER, A VILLAGE SANTE MAJRA KHARAR, SAHIBZADA AJIT SINGH NAGAR/, MOHALI/, AJITGARH, PUNJAB
(2) SMT SHILPA
W/O SH ARPIT KHANNA, R/O T 25 G004 PARK FLOOR PART II BPTP SECTOR 76, FARIDABAD HARYANA
Also At
FLAT NO A 004 GROUND FLOOR, PARKWOOD GLADES TOWER, A VILLAGE SANTE MAJRA KHARAR, SAHIBZADA AJIT SINGH NAGAR/, MOHALI/, AJITGARH, PUNJAB
(3) M/S PARKWOOD DEVELOPERS PVT LTD
1001, HEMKUNT CHAMBERS 89 NEHRU PLACE, NEW DELHI, DELHI
SUMMONS
WHEREAS, OA/357/2021 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 09/12/2022.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 3820989/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 25/04/2023 at 10:30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 28/12/2022.
Signature of the Officer Authorised to issue summons.

Form No. 3
[See Regulation-15 (1)(a)]/ 16(3)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)
1st Floor SCO 33-34-35, Sector-17 A, Chandigarh (Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
Case No. : OA/403/2021
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
Exh. No. 12721
ICICI BANK LIMITED
VS
SHASHWAT DOBHAL
To,
(1) SHASHWAT DOBHAL
D/W/S/O-SH SHANKER DOBHAL SHRI SHASHWAT DOBHAL SON OF SHRI SHANKAR DOBHAL, R/O HOUSE NO. D-703, 7TH FLOOR, TOWER-D, BESTECH PARK VIEW SPA NEXT SECTOR 67, GURGAON- 122001 HARYANA., GURGAON, HARYANA
Also At
SHRI SHASHWAT DOBHAL SON OF SHRI SHANKAR DOBHAL R/O FLAT NO. 003, GROUND FLOOR, TOWER - B4, AVALON ROSE WOOD, VILLAGE KHANPUR, ALWAR- 301001 RAJASTHAN ALWAR, RAJASTHAN- 301001
(2) SMT VANDANA SHARMA
W/O SH SHASHWAT DOBHAL R/O H NO D 703, 7TH FLOOR TOWER D, BESTECH PARK VIEW SPA NEXT SECTOR 67 GURGAON, GURGAON, HARYANA
Also At
FLAT NO 003 GROUND FLOOR TOWER B4, AVALON ROSE WOOD, VILLAGE KHANPUR ALWAR, ALWAR, RAJASTHAN
(3) MS AVALON GROUP
R/O 9TH FLOOR, SAS TOWER NEAR MEDICITY SECTOR 38 GURGAON, HARYANA
SUMMONS
WHEREAS, OA/403/2021 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 07/09/2022.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 5589496/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 27/03/2023 at 10:30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 13.09.2022.
Signature of the Officer Authorised to issue summons.

# केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगी ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वह अपने राज्य के प्रति भाजपा-नीत केंद्र सरकार के कथित भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में 29 मार्च से यहां दो-दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगी। ममता ने दावा किया कि केंद्र ने मनरेगा परियोजना और आवास तथा सड़क विभागों की अन्य पहलों के लिए धन जारी नहीं किया है। ओडिशा की तीन-दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने दमदम हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसे केंद्र से कुछ भी नहीं मिला है। इसने हमें हमारा बकाया पैसा नहीं दिया है। इस साल के केंद्रीय बजट में भी हमारे राज्य के लिए कुछ नहीं था।

इसलिए, मैं मुख्यमंत्री के रूप में, बंगाल के प्रति केंद्र के भेदभाव के विरोध में 29 मार्च से कोलकाता में डॉ बी. आर. आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना-प्रदर्शन करूंगी और इसे 30 मार्च की शाम तक जारी रखूंगी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने कहा कि वह भी गैस सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि का विरोध करेंगी। उन्होंने कहा, तीस मार्च के बाद हम इस कार्यक्रम को (पश्चिम बंगाल के) एक ब्लॉक से दूसरे तथा एक जिले से दूसरे जिले तक ले जाएंगे।

बनर्जी ने कहा कि तटीय राज्य की अपनी यात्रा के दौरान वह ओडिशा के अपने समकक्ष नवीन पटनायक के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी।बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि व्यवसाई गौतम अडाणी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी केंद्र और भाजपा की सरकार के सबसे अच्छे दोस्त हैं और भगवा पार्टी इन्हीं लोगों के लिए काम कर रही है। ममता बनर्जी ने यह आरोप इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस सूची से मेहुल चोकसी का नाम हटाए जाने के एक दिन बाद लगाया है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने यह भी कहा कि बैंकों के पास पैसा नहीं है और लोगों को 100 दिन की कार्य योजना के लिए काम करने के बाद भी वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया, देश चंद लोगों से चलता है। बैंक पूरी तरह से कंगाल हैं और केंद्र 100 दिनों की कार्य योजना (मनरेगा) के लिए पैसा नहीं दे रहा है। लेकिन इन लोगों (अडाणी और चोकसी) ने बहुत पैसा इकट्ठा किया है।

हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जीवन बीमा (एलआईसी) शून्य हो गया है। सरकारी बीमा कंपनी ने अडाणी के नेतृत्व वाली समूह की कंपनियों के शेयरों में निवेश किया था, जिनके शेयरों की कीमतें हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के बाद गिर गईं। पुरी जगन्नाथ मंदिर में पूजा करने के लिए पड़ोसी ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाने से पहले उन्होंने कहा, अब अडाणी और मेहुल भाजपा के सबसे अच्छे दोस्त हैं।

### ओडिशा पहुंची दीदी, कल पटनायक से हो सकती है मुलाकात

**भुवनेवर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को अपने तीन-दिवसीय ओडिशा दौरे पर यहां पहुंचीं। इस दौरान उनका बृहस्पतिवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिलने का भी कार्यक्रम है। ओडिशा के गृह राज्य मंत्री टी. के. बेहेरा ने बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ममता बनर्जी का स्वागत किया। भुवनेश्वर से पुरी पहुंचने के बाद बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा, नवीन पटनायक जी वरिष्ठ नेता हैं और मेरा उनसे बृहस्पतिवार को मिलने का कार्यक्रम है। जगन्नाथपुरी में बनर्जी दो रात के लिए निर्माण निवास में रुकेंगी। पुलिस अधीक्षक के. वी. सिंह ने बताया, पुरी में उनके ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बुधवार अपराह्न तीन बजे पुरी जिले के अधिकारियों के साथ घंटे भर लंबी बैठक करेंगी और शाम चार बजे भगवान जगन्नाथ के दर्शन को जाएंगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बनर्जी शाम करीब साढ़े चार बजे भुवनेश्वर पहुंचेंगी और नवीन पटनायक से उनके आवास पर मुलाकात करने के बाद कोलकाता रवाना होंगी। इस बीच, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि दोनों गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों के बीच अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, बनर्जी भाजपा-विरोधी आंधी में एक प्रेरक शक्ति हैं। दोनों मुख्यमंत्री 2024 आम चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। बनर्जी ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के कोलकाता दौरे पर उनसे भी मुलाकात की थी।

# यूएपीए अधिकरण ने पीएफआई पर सरकार के प्रतिबंध की पुष्टि की

● **पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की पुष्टि**

**भाषा।** नई दिल्ली

**गैर कानूनी** गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत गठित एक अधिकरण ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को गैर कानूनी संगठन घोषित करने और इसपर पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की मंगलवार को पुष्टि की। इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों से कथित रूप से संबंध होने और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में बीते बरस 27 सितंबर को केंद्र सरकार ने पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

मामले से जुड़े वकीलों ने पुष्टि की कि अधिकरण की अगुवाई कर रहे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने अपने फैसले में संगठन पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्र ने पीएफआई और इसके सहयोगी या इससे संबद्ध संगठनों पर रोक लगा दी थी, जिसमें रेहाब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), ऑल इंडिया इमाम्स काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यमून राइट्स आ ॅ ग ॅ न ा इ ज े श न (एनसीएचआरओ), नेशनल वूमंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, इम्पावर इंडिया फाइंडेशन और रेहाब फाउंडेशन, केरल शामिल था।

नेशनल वूमंस फ्रंट की पैरवी कर रहे वकील कार्तिक वेणु ने कहा कि अधिकरण ने सभी आठ संगठनों पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्र सरकार ने पिछले साल 27 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा था उक्त कारणों के चलते केंद्र सरकार का दृढ़ता से यह मानना है कि पीएफआई की गतिविधियों को देखते हुए उसे और उसके सहयोगियों या मोर्चों को तत्काल प्रभाव से गैरकानूनी संगठन घोषित करना जरूरी है। उक्त अधिनियम की धारा-3 की उपधारा (3) में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इसे गैर-कानूनी घोषित किया जाता है। पीएफआई से कथित रूप से जुड़े 150 से अधिक लोगों को पिछले साल सितंबर में सात राज्यों में छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया था या गिरफ्तार किया गया था।

# भविष्य में भी आतंक्वाद, आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां होंगी: सेना प्रमुख

**भाषा।** गुरुग्राम

**सेना प्रमुख** जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि भारत के समक्ष भविष्य में भी आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियां उत्पन्न होंगी और देश के सुरक्षा बल एकजुट होकर उनसे निपटेंगे। जनरल पांडे यहां मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। जनरल पांडे ने कहा कि नए जमाने की तकनीक ने दुश्मन को ड्रोन, इंटरनेट, साइबर स्पेस और सोशल मीडिया के जरिए अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा, आप सभी जानते हैं कि आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति हमारे देश को विभिन्न तरीकों से प्रभावित कर रही है। हम एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इससे विभिन्न राज्यों में (सुरक्षा) स्थिति में सुधार हो रहा है।

ये चुनौतियां भविष्य में भी जारी रहेंगी। इनमें से कुछ चुनौतियां लंबे समय तक रहेंगी, कुछ परोक्ष रूप से मौजूद रहेंगी जबकि कुछ गुप्त रूप से रहेंगी। जनरल पांडे ने कहा कि देश में आतंकवादी हमलों की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने साथ ही इस तरह के षड्यंत्रों एवं नेटवर्क को विफल करने के लिए खुफिया एवं सुरक्षा बलों की प्रशंसा की। उन्होंने संघीय आतंकवाद रोधी बल एनएसजी की, बम का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने, ड्रोन का मुकाबला करने के साथ-साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय में विशेष कौशल विकसित करने के लिए प्रशंसा की। प्रतियोगिता में विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस संगठनों की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 31 मार्च को समाप्त होगी।

# एनआईए ने आतंकवाद-गैंगस्टर गठजोड़ मामले में 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने खालिस्तान समर्थक संगठनों और पाकिस्तान में रहने वाले षड्यंत्रकारियों के साथ कथित रूप से संबंध रखने वाले 12 लोगों के खिलाफ मंगलवार को पहला आरोप पत्र दायर किया। एजेंसी आतंकवाद-गैंगस्टर गठजोड़ के तीन मामलों की जांच कर रही है। इनमें से एक मामले में यह आरोप पत्र दायर किया गया है। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी आतंकवाद से जुड़ी साज़िश में भूमिका को लेकर 10 और लोगों के खिलाफ जांच कर रही है, जिनमें कुछ नेताओं, गायकों और कारोबारियों की हत्या करने का षड्यंत्र शामिल है, ताकि लोगों को डराया जा सके और उनसे पैसों की उगाही की जा सके और सनसनी पैदा की जा सके।

अधिकारी ने बताया कि तहकीकात में सामने आया है कि आरोप में नामज़द किए गए लोगों के प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स और इसके सदस्य अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डाला से संबंध हैं। गिल को आतंकवादी घोषित किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान में रहने वाले षड्यंत्रकारियों के साथ संपर्क में होने के अलावा आरोपी कनाडा और अन्य देशों में रहने वाले खालिस्तान समर्थक तत्वों के भी संपर्क में थे। यहां एक अदालत में दायर किए गए आरोप पत्र में गिल, गौरव पटयाल, सुखप्रीत बुद्धा, कौशल चौधरी, अमित डागर, नवीन बाली, छोटू भट, आसिफ खान, जग्गा तख्तमल, टिल्लू ताजपुरिया, भूपी राणा और संदीप बंदर के नाम हैं।

प्रवक्ता के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 91 स्थानों पर छह महीने के दौरान छापेमारी और विभिन्न संगठित अपराध समर्थक नेटवर्क के 100 से ज्यादा सदस्यों से पूछताछ के बाद यह आरोप पत्र दायर किया गया है। एनआईए ने कहा कि उसने गिरोह के सदस्यों को शरण देने और उनके लिए हथियार जमा करने के लिए हरियाणा और पंजाब में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए ठिकानों का भी पता लगाया है। उन्होंने बताया कि इन छापों में करीब 20 हथियार, 527 कारतूस, 195 डिजिटल उपकरण और 281 दस्तावेज़ जब्त किए गए हैं।

ये गिरोह लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे और आतंकवादियों, गैंगस्टर, मादक पदार्थ तस्करों और उनके नेटवर्क के बीच गहरी साजिश के तहत आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन जुटा रहे थे और वे देश के भीतर और बाहर दोनों जगह से काम कर रहे थे। इस बीच, एनआईए ने जम्मू कश्मीर आतंकी साज़िश मामले में प्रतिबंधित संगठन हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन के एक मददगार के खिलाफ सोमवार को पहला पूरक आरोप पत्र दायर किया।

# महात्मा गांधी की पोती उषा गोकनी का निधन

**भाषा।** मुंबई

**महात्मा गांधी** की पोती उषा गोकनी का मंगलवार को मुंबई में निधन हो गया। मणि भवन के कार्यकारी सचिव मेघश्याम अजगांवकर ने बताया कि 89 वर्षीय गोकनी पिछले पांच साल से बीमार थीं। गोकनी गांधी स्मारक निधि, मुंबई की पूर्व अध्यक्ष थीं, जो मणि भवन में स्थित है। मणि भवन का भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष महत्व है। गोकनी ने अपना बचपन वर्धा के सेवाग्राम आश्रम में बिताया, जिसकी स्थापना महात्मा गांधी ने की थी। गांधी स्मारक निधि, मुंबई की स्थापना कई रचनात्मक गतिविधियों को संचालित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी, जिनके साथ महात्मा गांधी अपने जीवनकाल के दौरान जुड़े रहे थे। महात्मा गांधी वर्ष 1917 से 1934 तक कई बार मणि भवन में ठहरे थे।

## क्विक न्यूज

### आजादी के पश्चात हुए बंटवारे के बाद बचा भारत हिंदू राष्ट्र ही है : भाजपा महासचिव

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को कहा कि ब्रितानी राज से वर्ष 1947 में आजादी के दौरान धार्मिक आधार पर हुए विभाजन के बाद बचा भारत हिंदू राष्ट्र ही है। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर विजयवर्गीय ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, जब भारत का विभाजन हुआ, तो इसी मसले (धार्मिक आधार) पर हुआ था। विभाजन के बाद पाकिस्तान बना और बचा हुआ देश तो हिंदू राष्ट्र ही है। यह दावा भी किया कि भोपाल में रहने वाले उनके एक मुस्लिम मित्र रोज हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और शिव मंदिर भी जाते हैं। विजयवर्गीय ने हालांकि इस व्यक्ति की निजता का हवाला देते हुए उसकी पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया। भाजपा महासचिव ने आगे कहा, मैंने अपने मुस्लिम मित्र से पूछा कि हनुमान और शिव की भक्ति की उन्हें कैसे प्रेरणा मिली, तो उन्होंने जवाब दिया कि जब उन्होंने उनके परिवार का इतिहास देखा, तो उन्हें पता चला कि उनके पुरखे राजस्थान के राजपूत थे और उनके कुछ रिश्तेदार अब भी राजपूत ही हैं जो राजस्थान और उत्तरप्रदेश में रहते हैं। विजयवर्गीय ने दावा किया कि उनके मुस्लिम मित्र की तरह देश में ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो कहीं न कहीं इस बात को महसूस कर रहे हैं कि उनके पूर्वज कभी हनुमान चालीसा पढ़ते थे। भाजपा महासचिव ने यह भी कहा कि वह युवाओं को नशे की बुरी प्रवृत्ति से दूर करने के लिए हनुमान चालीसा क्लब बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। पंजाब में अलगाववादियों की हालिया गतिविधियों पर विजयवर्गीय ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार बड़ी चिंता से काम कर रही है और सरकारी कदमों के अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

### सेना की चीन से लगती सीमा के पास हरित हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना

**नई दिल्ली।** सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने उत्तरी सीमाओं से लगे अग्रिम क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन आधारित माइक्रो ग्रिड ऊर्जा संयंत्र परियोजना की स्थापना के लिए एक प्रक्रिया शुरू की है। यह कदम चीन के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बीच आया है।यह परियोजना उन अग्रिम क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही है, जो राष्ट्रीय या राज्य पावर ग्रिड से नहीं जुड़े हैं।सेना ने कहा कि उसने पहल के लिए मंगलवार को नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी आरईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत ने चार जनवरी को राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को 2030 तक प्रतिवर्ष 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए 19,744 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ मंजूरी दी थी।सेना ने कहा, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत, भारतीय सेना ने उत्तरी सीमाओं के साथ लगे उन अग्रिम क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन आधारित माइक्रो ग्रिड ऊर्जा संयंत्र परियोजना की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो राष्ट्रीयाराज्य ग्रिड से जुड़े नहीं हैं। इसमें कहा गया है कि अपेक्षित भूमि बिजली खरीद समझौते के जरिए उत्पादित बिजली खरीदने की प्रतिबद्धता के साथ 25 साल के लिए पट्टे पर प्रदान की जा रही है।उसने कहा, प्रस्तावित परियोजनाएं एनटीपीसी द्वारा पूर्वी लद्दाख में संयुक्त रूप से चिह्नित स्थान पर बनाओ, चलाओ और सौंप दो (बीओओ) मॉडल पर स्थापित की जाएंगी।

### खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों के खिलाफ इंदौर में सड़क पर उतरा सिख समुदाय

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** लंदन और सैन फ्रांसिस्को में भारत के राजनयिक परिसरों पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों के उपद्रव के खिलाफ इंदौर का सिख समुदाय मंगलवार को सड़क पर उतरा और तिरंगे झंडे के साथ प्रदर्शन किया। चश्मदीदों ने बताया कि शहर के रीगल चौराहे पर हाथों में तिरंगा और देशप्रेम के संदेशों वाली तख्तियां लेकर जुटे सिखों ने भारत माता की जय का नारा बुलंद किया और कहा कि वे राष्ट्रध्वज का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, भारत की आजादी के लिए सिख समुदाय के कई लोगों ने शहादत दी है। आज कुछ विदेशी ताकतें भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ साजिश रच रही हैं। हम इन ताकतों की कोशिशें कामयाब नहीं होने देंगे।

# सी-20 सम्मेलन में दुनियां में बढ़ती असमानताओं पर चर्चा

● **अफ्रीकी बच्चों के लिए न्याय की मांग**

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** के नागपुर में आयोजित सिविल 20 इंडिया (सी-20) सम्मेलन के दूसरे दिन दुनिया में, विशेष तौर पर उप सहारा अफ्रीका में बढ़ती असमानताओं पर चर्चा हुई। उप-सहारा अफ्रीका में बड़ी संख्या में स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चे मजदूरी करने को मजबूर हैं। सम्मेलन का विषय नागरिक समाज संगठन और मानव मूल्यों का संवर्धन था। सी-20, जी-20 के आधिकारिक समूहों में से एक है जो जी-20 के वैश्विक नेताओं तक अपनी बात पहुंचाने के दुनिया भर के नागरिक समाज संगठनों को एक मंच प्रदान करता है।

100 मिलियन अभियान के वैश्विक निदेशक ओवेन जेम्स ने एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा कि 2015 के बाद से 2.15 डॉलर प्रति दिन से कम पर गुजारा करने वाले उप-सहारा अफ्रीकियों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उप-सहारा अफ्रीका में बाल श्रम और स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महाद्वीप में बेहतरीन प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन अभी भी अविकसित है क्योंकि मुनाफे को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा रहा है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में सेवा-सेवा की भावना, परोपकार और स्वयंसेवा, वसुधैव कुटुम्बकम-विश्व एक परिवार है, विविधता, समावेशन, पारस्परिक सम्मान और मानव अधिकारों पर चर्चा की गई। सेवा इंटरनेशनल के वैश्विक समन्वयक श्याम परांडे ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने वालों को गौतम बुद्ध के 'अप्पो दीप भव (स्वयं प्रकाश बनो)' के संदेश का अनुसरण करना चलना चाहिए। परांडे ने कहा, भारत में मूल्यों का एक लंबा इतिहास रहा है और ए भारतीय मूल्य वैश्विक मूल्यों से मेल खाते हैं।

भारतीय सामाजिक उत्तरदायित्व नेटवर्क के सीईओ संतोष गुप्ता ने कहा कि 'जब हम सेवा करते हैं, तो हमारी आत्मा में यह भावना होती है कि हमें किस वजह के लिए काम करना चाहिए। स्वयंसेवा और परोपकार से बेहतर है सेवा और इसे (सेवा को) दुनिया के प्रमुख धर्मों में परिभाषित किया गया है। यूनाइटेड कॉन्शियसनेस ग्लोबल के संयोजक विक्रांत तोमर ने कहा कि जी-20 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम थी, जिसका अर्थ है कि इस ग्रह का प्रत्एक प्राणी एक आवश्यक परिवार है। सेंटर फॉर पॉलिसी एनालिसिस के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गानंद झा ने संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएनओ) द्वारा 'मानवाधिकार' की अवधारणा पर फिर से विचार करने का आह्वान किया। मानवाधिकारों को किसी भी देश के खिलाफ रणनीतिक साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

# महर्षि दयानंद सरस्वती ने निडरता से स्वधर्म स्वभाषा और स्वराज का प्रचार किया: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने आजादी से पहले निडरता से स्वधर्म, स्वभाषा और स्वराज का प्रचार किया, जब इन विषयों पर बात करना मना था। शाह ने आर्य समाज के 148वें स्थापना दिवस पर कहा कि इसकी स्थापना करके महर्षि दयानंद ने देश की उस आत्मा को जगाया जो वर्षों से सोई हुई थी और वह वेद व्यास के बाद सबसे पहले वेदों को उनके मूल रूप में वापस लाने वाले थे। उन्होंने कहा कि आजादी-पूर्व दौर में जब स्वधर्म, स्वभाषा और स्वराज के बारे में बात करना प्रतिबंधित था, महर्षि दयानंद ने निडर होकर देश में इनका प्रचार किया। गृह मंत्री ने कहा कि अपनी मातृभाषा गुजराती होने और संस्कृत में विशेषज्ञता होने के बावजूद महर्षि दयानंद ने अपने लेखन के लिए हिंदी को चुना।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व गुरु बनाने के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा ली है। शाह ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं उसी क्षेत्र में पैदा हुआ हूं, जहां से महर्षि दयानंद आए थे। उन्होंने कहा कि जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तो हमें पता होना चाहिए कि महर्षि दयानंद ने ही आजादी का पहला आह्वान किया था। शाह ने कहा कि महर्षि दयानंद ने तीव्र गति से देश का बौद्धिक एवं शैक्षिक जागरण प्रारम्भ किया, अनेक क्रांतिकारियों के प्रेरणास्रोत बने तथा प्रमुख सामाजिक सुधारों का सूत्रपात किया।

# बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल को नही पहुंचा अधिक नुकसान : नरेन्द्र तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली

**कृषि मंत्री** नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार हाल में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का गेहूं जैसी रबी की खड़ी फसलों पर बहुत अधिक असर नहीं हुआ है। हालांकि, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र को अभी राज्य सरकारों की ओर से जमीनी वास्तविकता की सूचना मिलना बाकी है। तोमर ने एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई-भाषा से कहा, आरंभिक आकलन के मुताबिक रबी की फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य सरकारें अभी भी खड़ी फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फसल सर्वेक्षण कराने के बाद किसानों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकारें राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) का उपयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ज्ञापन सौंपने के बाद राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से और अधिक धनराशि प्रदान कर सकती है।

गेहूं प्रमुख रबी फसल है और कुछ राज्यों में इसकी कटाई चल रही है। रबी की अन्य फसलों में सरसों और चना शामिल हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बीते तीन दिन से देश के कई हिस्सों में बेसमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलीं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पश्चिम उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और मेघालय से अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में छिटपुट स्थानों पर ओलावृष्टि दर्ज की गई।

ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, 23 मार्च को उत्तराखंड और पश्चिमी राजस्थान में और 24 मार्च को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में अलग-अलग गरज, बिजली, तेज़ हवाएं और ओलावृष्टि की संभावना है।

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा था कि सरसों और चने की फसल को लेकर ज्यादा चिंता इसलिए नहीं है क्योंकि ज्यादातर फसल की कटाई हो चुकी है। केला और आलू जैसी फसलें ओले गिरने से कुछ प्रभावित हुई होंगी। सरकार का अनुमान है कि फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन रह सकता है। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग ने झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के किसानों को फसल कटाई रोकने की सलाह दी है। असम में किसानों को फलों और सब्जियों की कटाई स्थगित करने और पहले से ही काटी गई उपज को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए कहा गया है। किसानों से कहा गया है कि वे सिक्किम में मक्के की बुवाई और उप-हिमालई पश्चिम बंगाल में जूट की बुवाई स्थगित करें।

# आंध्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों को रागी दलिया भी मिलेगा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए मेन्यू में एक अतिरिक्त पोषक तत्व रागी दलिया (रागी माल्ट) को शामिल करने की घोषणा की। इस योजना की लागत करीब 86 करोड़ रुपए आएगी। मौजूदा जगन्ना गोरु मुड्डा योजना के मेन्यू में रागी दलिया को शामिल करने से 44,392 सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 37.6 लाख से अधिक छात्रों को स्कूल के भोजन के माध्यम से आयरन और कैल्शियम के पोषण लाभ मिलेंगे। वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा, रागी दलिया को शामिल करना गोरू मुड्डा को और भी बेहतर बनाने के लिए है। यह पेय उपयोगी माने जाने वाले तत्व आयरन और कैल्शियम प्रदान करता है जो बच्चों के विकास में मददगार हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार रागी दलिया को शामिल करने पर मध्याह्न भोजन योजना पर राज्य सरकार का प्रतिवर्ष खर्च 1,824 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,910 करोड़ रुपए हो जाएगा।

# कांग्रेस की योजनाएं जनता के बीच से निकली हैं: राहुल



**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनता के बीच से निकले, जबकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाएं नौकरशाहों द्वारा तैयार की गईं हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के केंद्रीकृत शासन की आलोचना करते हुए इसकी तुलना पूर्ववर्ती संप्रग सरकारों के शासनकाल से की।

मनरेगा योजना का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संप्रग शासन के दौरान जनता से मिली जानकारी के आधार पर योजनाओं को तैयार किया गया था। कलपेट्टा में यहां के स्थानीय निकायों के यूडीएफ प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार का नोटबंदी का निर्णय प्रधानमंत्री मोदी का था और इसे लोगों या बैंकिंग प्रणाली से परामर्श किए बिना लागू किया गया था। एक प्रतिभागी के सवाल का जवाब देते हुए गांधी ने कहा, मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। बहुत सारी योजनाएं केंद्रीकृत तरीके से बनाई जाती हैं और वे वास्तव में प्रभावी नहीं होती हैं, क्योंकि योजना बनाने में पंचायत की भागीदारी नहीं होती है।

वायनाड से सांसद गांधी ने कहा, यदि आप कांग्रेस पार्टी की मनरेगा जैसी योजनाओं को देखें और उनकी तुलना भाजपा की योजनाओं से करें, तो आप पाएंगे कि कांग्रेस की योजनाएं लोगों व पंचायतों के बीच से निकली हैं, जबकि भाजपा की योजनाएं नौकरशाहों द्वारा तैयार की गईं हैं। इसके बाद गांधी ने मनरेगा योजना की शुरुआत के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह विचार महाराष्ट्र के एक जिले से उभरा और बाद में इसे एक राष्ट्रीय योजना के रूप में स्वीकार किया गया और देश के शेष हिस्सों में इसका विस्तार किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, मनरेगा भारत के लोगों के बीच से उभरा। लोगों ने काम की मांग की और सरकार ने उस विचार पर प्रतिक्रिया दी। कई अलग-अलग हितधारकों से बात करने के बाद इस योजना को विकसित होने में कई साल लग गए। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, जब कोविड काल आया, तो उन्हीं प्रधानमंत्री को मनरेगा का विस्तार करने पर मजबूर होना पड़ा, जो मनरेगा का मजाक उड़ा रहे थे।

# भारतीय बल्लेबाजों को लड़ानी होगी जान

● पार करनी होगी मिचेल की चुनौती, फोकस सूर्यकुमार पर

● आखिरी वनडे आज

भाषा। चेन्नई



**मिचेल स्टार्क** की अगुवाई में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की चुनौती का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को बुधवार को तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और नजरें सूर्यकुमार यादव पर लगी होंगी। स्टार्क यदि बल्लेबाजों के लिए सिरदर्द बना हुआ है तो मिशेल मार्श ने भारतीय गेंदबाजों की नींदें उड़ा रखी हैं। दो मैचों में वह करीब एक दर्जन छक्के लगा चुके हैं। भारतीय टीम का सबसे पहला एजेंडा मिचेल द्वय चुनौती से पार पाना होगा। श्रृंखला इस समय। .। से बराबर है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव की सितारा चौकड़ी को स्टार्क का सामना करने के लिए अपने पूरे अनुभव का उपयोग करना होगा। तकनीक में बदलाव के साथ मानसिक मजबूती के साथ भारतीय बल्लेबाजों को खेलना होगा। भारत में सीमित ओवरों का क्रिकेट सपाट पिचों पर खेला जाता है जिन पर बहुत अधिक फुटवर्क की जरूरत नहीं होती। फ्रंटफुट पर खेलकर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन स्टार्क ने सारे समीकरण बदल दिए। उनकी गेंद या तो मिडिल स्टम्प पर पड़ रही है या लेग मिडिल की तरफ। भारतीय बल्लेबाज पिछले दोनों मैचों में उसकी गेंदों की थाह पाने में नाकाम रहे। मुंबई में स्टार्क को पिच से मदद मिली तो विशाखापत्तनम समुद्र के किनारे होने से हवा में नमी थी। चेपॉक पर काफी समय बाद अंतरराष्ट्रीय मैच हो रहा है और नई पिच पर सभी का ध्यान है। आम तौर पर चेपॉक पर धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच होती है और बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल होता है। इस बार हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स की ताकत को ध्यान में रखकर पिच बनाई गई है और शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पिछले दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल सके जबकि टी20 क्रिकेट में वह जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे थे। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं है और सूर्य के पास वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह पक्की करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन वह इसके साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। कप्तान रोहित ने पिछले मैच के बाद कहा था , हमने देखा है कि वह वनडे में भी अच्छा खेल सकता है। उसे भी यह पता है। मेरा मानना है कि क्षमतावान खिलाड़ियों को कभी यह नहीं लगना चाहिए कि उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले। सूर्य पिछले दोनों मैचों में नहीं चल सका लेकिन उसे लगातार मौके देने की जरूरत है ताकि वह सहज महसूस कर सके। भारतीय गेंदबाजों को पिछले दो मैचों में 47 ओवर (36 और 11) ही डालने पड़े। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज चाहेंगे कि टॉस जीतने पर रोहित गेंदबाजी करें। देखना यह है कि शार्दुल ठाकुर या जयदेव उनादकट को मौका मिलता है या रविंद्र जडेजा के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल दोनों खेलते हैं।

## स्टार्क के साथ गेंदबाजी करने में मजा आ रहा है : एलिस


मार्श

**चेन्नई।** आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर नाथन एलिस को इस दौरे पर मिचेल स्टार्क के साथ गेंदबाजी करने और उनसे सीखने मे बहुत मजा आ रहा है और उनका कहना है कि उन पर स्टार्क का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। एलिस ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले पत्रकारो से कहा , स्टार्सी (स्टार्क) का मुझ पर काफी प्रभाव है। मै हमेशा से उनसे प्रेरणा लेता आया हूं। उन्होंने मुझे आस्ट्रेलिया की कैप भी दी थी। वह आस्ट्रेलियाई टीम के साथ मेरे सफर का बड़ा हिस्सा रहे है। मैने उनसे मैच से पहले और मैच के बाद भी बात की। उसके पास अपार अनुभव है। उसने उतार चढाव सभी देखे हैं। उसके साथ गेंदबाजी करने और उनके अनुभव से सीखने में मजा आ रहा है। एलिस ने कहा कि वह पिच के अनुसार रणनीति बनाने मे विश्वास करते है। मै उछाल मे ही विश्वास नही करता। मै विकेट के अनुसार अपनी रणनीति बनाता हूं। कल भी मै पहले से कुछ सोचकर नही जाऊंगा। यहां गेंद स्पिन लेगी और धीमी गेंद अधिक उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि विश्व कप के मेजबान भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलने का मौका बेहतरीन है। यह अच्छा मौका है। भारत मे ही विश्व कप होना है और यही पर वनडे श्रृंखला खेलना अच्छा अनुभव रहा। मै मूल टीम का हिस्सा नही था लेकिन बाद मे जुड़ा। हम सभी इसे विश्व कप के ड्रेस रिहर्सल की तरह देख रहे है।

# विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता हूं ताकि विश्व कप के दौरान परेशानी ना होः द्रविड़

भाषा। चेन्नई



**भारतीय टीम** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक एकदिवसीय मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा कि वह इस साल भारतीय टीम द्वारा खेले गए घरेलू एकदिवसीय मैचों से तैयार हुई टीम की रूपरेखा से काफी खुश हैं और उन्होंने विश्व कप के टीम के लिए 17-18 खिलाड़ियों की पहचान कर ली है। भारत श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन-तीन मैच पहले ही चुका है। इस श्रृंखला के दो मैच हो गए है और तीसरा बुधवार को यहां खेला जाएगा। द्रविड़ से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नौ घरेलू एकदिवसीय मैचों में वह हासिल किया जो उन्होंने निर्धारित किया था? तो उन्होंने कहा, हां काफी हद तक है। कल के मैच का परिणाम चाहे जो भी हो, हमें इन नौ मैचों से काफी स्पष्टता मिली है। हमें इस स्पष्टता को जारी रखने की जरूरत है। भारतीय कोच ने कहा, हमारे लिए यह अब अलग-अलग एकादश के संयोजन के बारे में है। हम यह सुनिश्चित करना है कि विश्व कप के दौरान जरूरत पड़ने पर हम संयोजन में बदलाव कर सकें। हम यह तय करना चाहते है कि विश्व कप के दौरान आश्चर्यचकित ना हो। मुख्य कोच ने चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया, जो विश्व कप की योजना में चौथे क्रम के बल्लेबाज है। द्रविड़ ने हालांकि उनकी जगह टीम में शामिल सूर्यकुमार यादव के खराब प्रदर्शन के बावजूद सहानुभूति दिखाई। सूर्या दो मैच में खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए थे। जाहिर है। श्रेयस का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह शायद उन लोगों में से एक है जो नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हैं। उनकी जगह टीम में शामिल सूर्या के प्रदर्शन को लेकर मैं चिंतित नहीं हूं। वह दो बहुत अच्छी गेंद पर आउट हुए। सूर्या को टी 20 की तरह एकदिवसीय क्रिकेट का अनुभव नहीं है। घरेलू एकदिवसीय मैचों का यह चरण बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि खिलाड़ी अब आईपीएल में उतरेंगे और उसके बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होगा। उसके बाद वेस्टइंडीज का दौरा और दुबई में संभावित एशिया कप होगा। हमें घरेलू परिस्थितियों में अब ज्यादा मैच नहीं मिलेगा। आईपीएल खत्म होने तक काफी हद तक हम टीम और खिलाड़ियों के बारे में स्पष्ट हो जाएंगे। हमने इसे 17-18 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया है। जसप्रीत बुमराह, अय्यर, प्रसिद्ध कृष्णा, दीपक चाहर जैसे टीम के अहम खिलाड़ी चोट से परेशान है लेकिन द्रविड़ ने जोर देकर कहा कि टीम अच्छी स्थिति में है। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो चोटों से उबर रहे हैं और वह ठीक होने पर टीम में जगह के लिए दावा पेश करेंगे। कुछ अलग संयोजन हैं जिन्हें हम आजमाना चाहेंगे। यह एक बड़ा टूर्नामेंट है, हम अपनी टीम में लचीलापन चाहते हैं। कभी चार तेज गेंदबाज तो कभी तीन स्पिनरों के साथ उतरना चाहते है।

## इंडियन्स स्पोर्ट्स ऑनर्स पुरस्कार 23 मार्च को,

**मुंबई।** इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स (आईएसएच) खेल पुरस्कार के चौथे सत्र यहां 23 मार्च को आयोजन होगा। इस पुरस्कार समारोह में एक जनवरी, 2021 और 28 फरवरी, 2023 के बीच असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। ज्यूरी पैनल में भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच एवं ऑल इंग्लैंड के पूर्व चैंपियन पुलेला गोपीचंद के अलावा 2008 के ओलंपिक चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान सरदार सिंह शामिल है।

## एशियाई खेलों के लिए भारतीय ब्रिज टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय ब्रिज महासंघ (बीएफआई) ने चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय टीमों की घोषणा की।एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होगा। ग्रेटर नोएडा के शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस में दो से 18 मार्च तक आयोजित वार्षिक कोचिंग शिविर और चयन ट्रायल के बाद टीम का चयन किया गया। यह ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किए गए थे, और टीम का चयन चार श्रेणियो (एशियाई खेलों के लिए तीन श्रेणी) में किया गया। उम्मीद है कि इस साल अगस्त में मोरक्को में होने वाली विश्व टीम चैंपियनशिप में भी यही टीम भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## अच्छे खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा : मिताली

**मुंबई।** गुजरात जाइंट्स की मेंटोर मिताली राज और मुख्य कोच रशेल हैस ने टीम क महिला प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद कहा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही प्रमुख खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा। कप्तान और आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी पहले ही दिन चोटिल हो गई और बाकी मैच नही खेल सकी। मिताली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा , हमारी टीम अच्छी थी लेकिन नतीजे हमारे पक्ष में नही रहे। हमने प्रमुख खिलाड़ियों को शुरू मे गंवा दिया जिससे टीम संयोजन बिगड़ गया। इसके बावजूद टीम ने जीत की ललक दिखाई। अपने आखिरी मैच में यूपी वारियर्स से हारकर गुजरात जाइंट्स बाहर हो गई। इतनी शानदार टीम के मुख्य कोच के रूप में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा।

## आईपीएल में विशेषज्ञों का होगा विशिष्ट पैनल

**मुंबई।** टाटा आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने कमेंटेटरों के एक स्टार स्टडेड पैनल की घोषणा की। जिसमें 22 गज की दूरी पर सबसे अधिक सजाए गए खिलाड़ियों में से कुछ शामिल हैं। क्रिकेट के प्रशंसक पॉल कॉलिंगवुड और आरोन फिंच को देखने के लिए ट्यून कर सकते हैं। उनके साथ केविन पीटरसन, डैनी मॉरिसन भी जुड़ेंगे। अब तक के सबसे महान ऑलराउंडरों में से एक और पूर्व आईपीएल कोच जैक्स कैलिस ने स्टार स्पोर्ट्स के पैनल पर अपनी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड हसी, मैथ्यू हेडन, कैलिस और पीटरसन के साथ जुड़ेंगे। पूर्व पर्पल कैप विजेता इमरान ताहिर स्पिन.गेंदबाजी पर अपना दृष्टिकोण देंगे। कुछ स्थानों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है क्योंकि आईपीएल पहली बार 12 स्थानों की यात्रा करता है। सुनील गावस्कर के साथ, 1983 विश्व कप विजेता संदीप पाटिल और कृष श्रीकांत भी स्टार स्पोर्ट्स के पैनल में शामिल हुए जिसने प्रसारण में एक अद्वितीय पीढ़ीगत परिप्रेक्ष्य जोड़ा।

# दिल्ली कैपिटल्स का फाइनल का टिकट पक्का

●यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराया

भाषा। मुंबई

**एलिस कैप्सी** के हरफनमौला खेल के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के लीग चरण के आखिरी मुकाबले में पांच विकेट की जीत के साथ ही फाइनल का टिकट पक्का कर लिया।

दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वारियर्स को छह विकेट पर 138 रन पर रोकने के 13 गेंद बाकी रहते पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए 19.4 ओवर तक जीत दर्ज करनी थी लेकिन उसने 17.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स आठ मैचों में छह जीत से 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियन्स खराब नेट रन रेट के कारण इतने ही अंक होने के बाद भी दूसरे स्थान पर रही। यूपी वारियर्स का इस मैच से पहले ही तीसरे स्थान पर रहना पक्का था। टूर्नामेंट के नियम के मुताबिक लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल में सीधे क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मैच होगा। प्लेयर ऑफ द मैच कैप्सी ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट चटकाने के बाद 31 गेंद में 34 रन की पारी खेल टीम को फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली के लिए कप्तान लानिंग ने 23 गेंद में 39 रन की आक्रामक पारी खेली। जबकि विजई चौका जड़ने वाली मरीजान काप 31 गेंद में 34 रन पर नाबाद रही। लक्ष्य का पीछा करते हुए लानिंग और शेफाली वर्मा (16 गेंद में 21 रन) ने पहले विकेट के लिए 31 गेंद में 56 रन की साझेदारी कर दिल्ली कैपिटल्स को एक बार फिर तेज शुरुआत दिलाई। लानिंग ने शबनिम इस्माइल के पहले ओवर में तीन चौके और छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर किए। दूसरे छोर से शेफाली ने भी एस यशश्री के खिलाफ चौका जड़कर अपना खाता खोला। वह पांचवें ओवर की शुरुआती दो गेदों पर चौका लगाने में सफल रही लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में सोफी एकलेस्टन को कैच थमा बैठी। लानिंग ने दीप्ति के खिलाफ भी छक्का जड़ा जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 67 रन हो गया। शुरुआती ओवर में 18 रन लुटाने वाली इस्माइल सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए लौटी और जेमिमा रोड्रिग्स के बाद लानिंग का विकेट चटका कर मैच में वारियर्स की वापसी कराई। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर जेमिमा (तीन) को पगबाधा किया जबकि लानिंग छक्का मारने की कोशिश में सिमरन शेख को कैच थमा बैठी। लानिंग ने अपनी आक्रामक पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए।एक ही ओवर में दो विकेट गिरने के बावजूद कैप्सी ने सोफी एकलेस्टन के खिलाफ नौवें ओवर में तीन चौके और पार्शवी चोपड़ा के खिलाफ 10वें ओवर में छक्का लगाकर जरूरी रनगति को बढ़ने नहीं दिया।कैप्सी और मारीजान काप ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाज करते हुए दौड़कर रन चुराने पर जोर दिया। काप ने दीप्ति के खिलाफ 16वें ओवर में छक्का लगाकर हाथ खोला। एकलेस्टन ने 17वें ओवर में कैप्सी को स्टंप कराकर काप के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 60 रन की साझेदारी को तोड़ा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### स्कोरबोर्ड

**यूपी वारियर्स पारी:** हीली स्टं. तानिया बो कैप्सी 36, सहरावतक जॉनासन बो राधा 19,शेख क जेमिमा बो राधा 11,मैकग्रा नाबाद 58,नवगिरे स्टं तानिया बो जॉनासन 02,दीप्ति स्टं. तानिया बो कैप्सी 8, एक्लेस्टन स्टं. तानिया बो कैप्सी 00, सरवान नाबाद 03 अतिरिक्त: 03,**कुल योग:** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 138 रन **विकेट पतन:** I-30, 2-63, 3-71, 4-91, 5-104, 6-105,**गेंदबाजी:** काप 4-0-24-0,शिखा 2-0-16-0,जॉनासन4-0-24-I,यादव 4-0-28-2,रेड्डी 2-0-20-0, कैप्सी4-0-26-3

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:** लानिंग क सिमरन बो इस्माइल 39,शेफाली क एक्लस्टन बो यशश्री 21,जेमिमा पगबाधा इस्माइल 03,काप नाबाद 34,कैप्सी स्टं. हीली बो एक्लेस्टन 31,जॉनासन रन आउट 00, रेड्डी नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 11,कुल योग: (17.5 ओवर में पांच विकेट पर) 142 रन,**विकेट पतन:** I-56, 2-67, 3-70, 4-130, 5-136,**गेंदबाजी:**इस्माइल 3-0-29-2, यशश्री3-0-26-I, एक्लेस्टन4-0-25-I,सरवानी 2-0-15-0,दीप्ति 3.5-0-37-0, चोपड़ा 2-0-9-0



# निकहत नीतू, मनीषा व जैस्मीन क्वार्टर फाइनल में

● विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय मुक्केबाजों** ने महिला विश्व चैम्पियनशिप में मंगलवार को शानदार प्रदर्शन किया जिनमें निकहत जरीन (50 किलो) के अलावा नीतू गंघास (48 किलो), मनीषा मौन (57 किलो) और जैस्मीन (60 किलो) ने जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निकहत ने मैक्सिको की पैट्रीसिया अल्वारेज हेरेरा का 5-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत दर्ज की। नीतू और मनीषा ने आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोके जाने) से जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन नीतू ने ताजिकिस्तान की सुमैया कोसिमोवा को पहले दौर में हराया जबकि पिछले साल की कांस्य पदक विजेता मनीषा ने तुर्की की नूर एलिफ तुरहान को मात दी। जैस्मीन ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ताजिकिस्तान की मिजगोना सामडोवा को मात दी। शशि चोपड़ा (63 किलो) हालांकि जापान की मेइ कितो से 0-4 से हारकर बाहर हो गई। नीतू का यह दूसरा मुकाबला था जिसका फैसला आरएससी पर आया। निकहत ने जवाबी हमला करने से पहले अपने प्रतिद्वंद्वी के खेल को समझने में कुछ सेकंड का समय लिया। हरेरा के मुक्कों से बचने के लिए उन्होंने अपने फुर्तीले पैरों का इस्तेमाल किया। दोनों मुक्केबाज पहले 52 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करते थे। मैक्सिको की मुक्केबाज की आक्रामक शैली से अच्छी तरह वाकिफ निकहत ने सटीक पंच जड़े। पिछले सत्र में भी निकहत से शिकस्त झेलने वाली हेरेरा ने लय हासिल करने की कोशिश की लेकिन निकहत ने लगातार मुक्के लगाकर उन्हें मुकाबले से बाहर कर दिया। टूर्नामेंट की गैरवरीय खिलाड़ी निकहत ने कहा, मुझे खुशी है कि मैंने उस खिलाड़ी को शिकस्त दी जिसे शीर्ष वरीयता मिली थी। मैं अब भी अपने पिछले दौर के मुकाबले की थकान से उबर रही हूं क्योंकि वह मुकाबला भी एक शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ था। यह कठिन था और उसके मुक्के काफी अच्छे से लगे थे इसलिए मेरी गर्दन में थोड़ी चोट थी और मेरा शरीर मेरे पिछले बाउट की तुलना में थोड़ा धीमा था। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं इस बार सर्वसम्मति से जीत गई। उन्होंने कहा, मेरे मुक्केबाजी करियर में यह पहली प्रतियोगिता है कि मैं छह बाउट खेलूंगी क्योंकि मुझे वरीयता नहीं मिली, लेकिन मैं उस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही हूं।

## टॉप्स ने बजरंग और विनेश को किर्गीस्तान और पोलैंड में अभ्यास की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) ने स्टार पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को क्रमश: किर्गीस्तान और पोलैंड में अभ्यास के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। बजरंग ने किर्गीस्तान में 16 दिन अभ्यास की अनुमति मांगी थी जबकि विनेश पोलैंड में 11 दिन अभ्यास करना चाहती है। वित्तीय सहायता में खिलाड़ियों का हवाई टिकट, शिविर का खर्च, अभ्यास, रहने और खाने का खर्च, बीमा और यात्रा का खर्च शामिल है। टॉप्स विनेश के अभ्यास जोड़ीदार संगीता और फिजियो जीवन पाटिल और बजरंग के कोच सुजीत मान, फिजियो आनंद , अनुकूलन विशेषज्ञ मुस्तफा हसन का भी खर्च उठाएगा।

# सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 25वें स्थान पर खिसके

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रमंडल खेलों** के चैंपियन लक्ष्य सेन मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम पुरुष एकल रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 20 खिलाड़ियों की सूची से बाहर हो गए। ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से दूसरे दौर में बाहर होने के बाद सेन 25वें स्थान पर खिसक गए। इस 21 साल के खिलाड़ी ने पिछले साल नवंबर में छठे स्थान के साथ अपनी शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। मौजूदा सत्र में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन तथा जर्मन ओपन से जल्दी बाहर हो गए। रैंकिंग में एच एस प्रणय नौवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बने हुए है जबकि किदांबी श्रीकांत ने दो स्थान के सुधार के साथ शीर्ष 20 में पहुंचने में सफल रहे। महिला एकल में पीवी सिंधू नौवें स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापस लेने वाली साइना नेहवाल पांच पायदान नीचे 32वें स्थान पर खिसक गई।

## मनु आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी

भाषा। भोपाल

**स्टार महिला** निशानेबाज मनु भाकर बुधवार से यहां शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप राइफलापिस्टल में भारत की मजबूत टीम का अगुवाई करेंगी। यह नई दिल्ली के बाहर भारत में आयोजित होने वाला पहला निशानेबाजी विश्व कप चरण है और पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का फैसला पहले दिन ही हो जाएगा। पुरुषों में जहां सरबजोत सिंह, वरुण तोमर और सुमित रमन खुद को साबित करने की कोशिश करेंगेवहीं महिलाओं में रिदम सांगवान, दिव्या टीएस और मनु चुनौती पेश करेंगी।

# केर का हरफनमौला खेल, मुंबई जीता

● आरसीबी को चार विकेट से हराया

भाषा। नवी मुंबई

**अमेलिया केर** के हरफनमौला खेल से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अपने आखिरी लीग मैच में मंगलवार को यहां के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को चार विकेट से मात दी। मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को नौ विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद 16.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आसीबी की यह आठ मैचों में छठी हार थी।

केर ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद बल्ले से 27 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी में चार चौके जड़े। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए पूजा वस्त्राकर (19) के साथ 47 रन की साझेदारी कर मुंबई को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली मैथ्यूज (17 गेंद में 24 रन) और यास्तिका भाटिया (26 गेंद में 30 रन) ने 53 रन की साझेदारी कर मुंबई को शानदार शुरुआत दिलाई।



### स्कोरबोर्ड

**आरसीबी पारी:** मंधाना क यास्तिका बो केर 24, डेवाइनरन आउट00, पेरी पगबाधा स्क्विर ब्रंट 29,नाइट क वोंग बो केर12,आहूजास्टं. यास्तिका बो केर 12,घोष क केर बो वोंग 29, पाटिल बो स्क्विर ब्रंट 04, शट पगबाधा इशाक 02, कसाट बो वोंग 02,आशा नाबाद 04,**अतिरिक्त:** 07,**कुल योग:** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 125 रन,**विकेट पतन:** I-I, 2-33 , 3-59, 4-78, 5-91 , 6-95, 7-108 , 8-119, 9-125,**गेंदबाजी:** ब्रंट 4-0-24-2, मैथ्यूज 4-0-18-0, वोंग 4-0-26-2,केर 4-0-22-3, इशाक4-0-31-I

**मुंबई इंडियन्स पारी:** मैथ्यूज क स्मृति बो शूट 24, भाटियाका स्मृति बो श्रेयंका 30,स्क्विर ब्रंट क रिचा बो आशा 13,कौर बो पेरी 02, केर नाबाद 31,वस्त्राकरक स्मृति बो कणिका 19,वोंग क स्मृति बो कणिका 00,अमनजोत नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 10,**कुल योग:** (16.3 ओवर मे छह विकेट पर) 129 रन,**विकेट पतन:** I-53, 2-62, 3-72, 4-73, 5-120, 6-120, **गेंदबाजी:** शूट 4-0-19-I, डेवाइन I-0-17-0,पाटिल 3-0-26-I,पेरी 2-0-18-I,आशा 3-0-24-I, बोस 2-0-11-0,आहूजा I-0-5-2, मंधाना0.3-0-9-0

# नैम होंग और एरिक दूसरे दौर में

●यूपी के यश चौरसिया पहुंचे मुख्य ड्रा में

●आईटीएफवर्ल्ड टूर का किया विधिवत उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ -25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के क्वालीफ इंग दौर में यूपी के यश चौरसिया ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन जारी रखा। यश चौरसिया ने बेलजियम के रोमेन फॉकन को कड़े मुकाबले में 6-7,5,6-3,10-4 में पराजित कर मुख्य ड्रा में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग ड्रा के तीसरे दौर के अन्य मैचों में भारत के ऋषभ अग्रवाल, कोरिया के वूबिन शिन, नीदरलैंड्स के स्टिन पेल भारत के फैसल कमर, अभिनव संजीव शानमुगम, राघव जयसिंघानी और माधविन कामथ ने भी मुख्य ड्रा में जगह बना ली है।बारिश और आंधी से प्रभावित मंगलवार को मुख्य ड्रा के दो मैच हो सके। शीर्ष वरीयता प्राप्त वियतनाम के नैम होंग ने अमरीका के डाली ब्लैंच को सीधे सेट में 7-6,3,6-3 से हरा कर दूसरे दौर मे जगह बना ली। एक अन्य मैच में यूक्रेने के एरिक वैनशेलबोइम ने दूसरे दौर में जगह बना ली है। इस मैच में उनके प्रतिद्वंदी स्पेन के डेविड पेरेज सैंज पहले गेम के बाद ही रिटायर हो गए।इस अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूनार्मेंट का विधिवित उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव खेल और यूपीटीए के अध्यक्ष नवनीत सहगल भी मौजूद रहे।

## म्यामां के खिलाफ भारत के मुकाबले से मणिपुर में होगा फुटबॉल का आगाज

**इम्फाल।** भारतीय फुटबॉल को कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाला मणिपुर बुधवार से यहां शुरू होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट के जरिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी करेगा। यहां के खुमान लैंपक स्टेडियम में भारत और म्यामां के बीच बुधवार को पहला मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में तीसरी टीम किर्गिस्तान की है।

## रामपाल के नाम पर स्टेडियम, यह सम्मान पाने वाली पहली महिला खिलाड़ी

**नई दिल्ली, ।** भारतीय हॉकी स्टार रानी रामपाल के नाम पर रायबरेली में स्टेडियम बनाया गया है और यह सम्मान पाने वाली वह पहली महिला खिलाड़ी बन गई। एमसीएफ रायबरेली का नाम अब रानीस गर्ल्स हॉकी टर्फ रखा गया है। रानी ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें साझा की जिसमें उन्हें खिलाड़ियों से बात करते और स्टेडियम का उद्घाटन करते देखा जा सकता है।